www.anantgyaan.in

| | |
|---|---|
| सूर्योदय 7:10 | सूर्यास्त 5:58 |

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.08 न्यू | 14.00 अधि |
| धर्मशाला | 6.02 न्यू | 19.05 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71941.57 |
| निफ्टी | 21737.60 |
| सोना 64,942 | चांदी 73,298 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 30 जनवरी 2024 | 17 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 42 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए





अंडर-19 विश्व कप : आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत की नजरें जीत की लय कायम रखने पर ...पेज 15

## न्यूज शॉर्ट्स

### आतंकी समूह सिमी पर बैन पांच साल और बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आतंकी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी)' पर पांच साल के लिए प्रतिबंध को बढ़ा दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए इस बैन को बढ़ाए जाने के आदेश की जानकारी साझा की। शाह ने लिखा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण के तहत सिमी को यूएपीए के तहत अगले पांच सालों के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है।

### न्यूजक्लिक मामला: प्रबीर और अमित की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यूज क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। एडिशनल सेशस जज हरदीप कौर ने यह आदेश दिया। सोमवार को प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। 20 जनवरी को कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ा दी थी।

### बंबीहा गैंग ने लॉरेंस के शूटर को गोलियों से भूना

**नई दिल्ली।** बंबीहा गैंग ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खास शूटर राजन की गोली मारकर हत्या कर दी। बंबीहा गैंग के शूटरों ने हरियाणा के यमुनानगर में पहले उसे गोली से भूना, उसके बाद शव को आग के हवाले कर दिया। राजन के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस वारदात को अंजाम देने के बाद बंबीहा गैंग का एक पोस्ट भी सामने आया है। लॉरेंस गैंग में राजन कुरुक्षेत्र का रहने वाला था।

## टॉप स्टोरीज


वीआईपी नंबर से छह माह में कमाए 13 करोड़ रुपए ...पेज 3

सुक्खू के एक साल का कार्यकाल नाकामियों का दस्तावेज: जयराम ...पेज 15

अब सुप्रीम कोर्ट में होगी पश्चिम बंगाल में नौकरी घोटाला की सुनवाई ...पेज 16


## शिवलिंग को बिना नुकसान पहुंचाए हो वजूखाने का सर्वे

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मामले पर हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में एएसआई को निर्देश देने की मांग की है कि बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए वजूखाने का सर्वे करने का निर्देश दिया जाए।

**ज्ञानवापी मामले पर हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका**

हिंदू पक्ष का कहना है कि कोर्ट एएसआई के डीजी को निर्देश दें कि शिवलिंग के आसपास की दीवार को हटाया जाए और शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बिना वैज्ञानिक सर्वे को अंजाम दिया जाए। हिंदू पक्ष ने 19 मई, 2023 को दिए उस आदेश को वापस लेने की मांग की है, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग वाली जगह के वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

**परीक्षा पे चर्चा : पीएम ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स, दबाव झेलने के लिए खुद को बनाएं सामर्थ्यवान**

## मोबाइल को रील नहीं पढ़ाई के लिए करें यूज : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में सातवीं बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से बात की। पीएम मोदी ने बच्चों की समस्याओं, कंपीटिशन की भावना, अभिभावकों की चिंता, टाइम मैनेजमेंट जैसे कई सब्जेक्ट्स पर दो घंटे चर्चा की।

पीएम ने कहा कि दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। मोबाइल को रील के लिए नहीं, पढ़ाई के लिए यूज करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने काम को केवल नौकरी के रूप में नहीं लेना चाहिए, बल्कि उन्हें इसे छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लेना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि छात्रों की जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं। मुझे विश्वास है कि 140 करोड़ देशवासी मेरे साथ हैं। इस इवेंट में करीब 3000 स्टूडेंट्स शामिल हुए।



दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते पीएम मोदी।

### बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को विजिटिंग कार्ड मानना अच्छा नहीं

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि कुछ माता-पिता अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड मानते हैं, यह अच्छा नहीं है। आपको एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए। परीक्षा के तनाव को विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे परिवार और टीचर को मिलकर एड्रेस करना चाहिए। जीवन में चुनौती और स्पर्धा न हो, तो जीवन प्रेरणाहीन बन जाएगा, इसलिए प्रतिस्पर्धा तो होना ही चाहिए, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए।

## हिमाचल समेत 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं।

आंध्र प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों, बिहार में छह सीटों, छत्तीसगढ़ में एक सीट पर, गुजरात में चार सीटों, हरियाणा में एक सीट पर, हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर, कर्नाटक में चार सीटों, मध्य प्रदेश में पांच सीटों, महाराष्ट्र में छह सीटों, तेलंगाना में तीन सीटों, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों, उत्तराखंड में एक सीट पर, पश्चिम बंगाल में पांच सीटों, ओडिशा में तीन सीटों और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होने हैं।

**2024–25 के लिए विधायकों की प्राथमिकताएं तय, सुक्खू बोले– चार साल में प्रदेश को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर**

# 9990 करोड़ की योजना प्रस्तावित

अरविंद शर्मा, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को वर्ष 2024–25 के लिए विधायकों की प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। पहले सत्र में ऊना, हमीरपुर और सिरमौर जिले के विधायकों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई।

**सिरमौर, ऊना और हमीरपुर जिले के विधायकों ने रखीं प्राथमिकताएं**

सुक्खू ने कहा कि वार्षिक योजना 2024–25 का आकार 9989.49 करोड़ रुपए प्रस्तावित किया गया। प्रदेश सरकार आगामी चार साल में हिमाचल को आत्मनिर्भर और 10 साल में देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, योजना सलाहकार डॉ. बसु सूद, प्रशासनिक सचिव, विभागाध्यक्ष, उपायुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



विधायकों की प्राथमिकता बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### नाबार्ड से 918.81 करोड़ स्वीकृत

**सीएम** ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान नाबार्ड से 918.81 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। लोक निर्माण विभाग की 62 व जल शक्ति विभाग की 93 विधायक प्राथमिकताएं स्वीकृत की गई हैं। मार्च माह तक नाबार्ड से और अधिक विधायक प्राथमिकताओं को स्वीकृत करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट परिव्यय का पूर्ण उपयोग करें और नाबार्ड कार्यालय में प्रतिपूर्ति दावे 15 मार्च, 2024 से पहले जमा करें।

### सत्ती ने पर्याप्त धन की उठाई मांग

**ऊना** विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने पुराने कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन देने व विधायक निधि के नियमों में बदलाव कर रिटेनिंग वॉल आदि के लिए प्रभावितों को धन देने का प्रावधान किया है, जिसे जून, 2024 से आगे बढ़ाया जाए। गगरेट विस क्षेत्र के विधायक चैतन्य शर्मा ने दौलतपुर चौक कॉलेज और स्कूल को परिसर में स्थापित करने व क्षेत्र में नशा माफिया पर लगाम कसने की मांग की। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने खिलाड़ियों की डाइट मनी बढ़ाने व खेल संघों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की मांग की। बेसहारा पशुओं को सहारा प्रदान करने के लिए कदम उठाए जाएं।

### सीर खड्ड का हो तटीकरण

**भोरंज** विस क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने सीर खड्ड का तटीकरण, निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में गुणवत्ता बरतने व भोरंज स्कूल में बहुउद्देश्यीय हॉल बनाने की मांग की। हमीरपुर विस क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा ने जिला मुख्यालय में नया मिनी सचिवालय खोलने और बड़सर विस क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, बिझड़ी में पुलिस थाना खोलने का आग्रह किया।

### पर्यटन स्थलों को किया जाए विकसित

**पच्छाद** विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने शिरगुल, भूरेश्वर मंदिर के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों को विकसित करने व सराहां-चंडीगढ़ सड़क की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र बनाने की मांग की। नाहन विस क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि क्षेत्र में डॉ. यशवंत सिंह परमार चिकित्सा महाविद्यालय नाहन में विशेषज्ञ चिकित्सकों व नर्सों के पद जाएं और भूमिहीनों के लिए घर बनाने के लिए भूमि आवंटित की जाए। पांवटा विस क्षेत्र के विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि यमुना नदी की हिमाचल की सीमा तय करने व अवैध खनन को रोका जा सके।

## प्रदेश में अगले पांच दिन बर्फबारी और बारिश की संभावना

**शिमला।** प्रदेश में तीन माह से सूखे की मार झेल रहे किसानों, बागवानों को अब जल्द ही राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 30 जनवरी से तीन फरवरी तक बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है।

आगामी दो दिन पांच जिलों में भारी बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। 30–31 जनवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों लाहौल–स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू, मंडी, सिरमौर, शिमला के कई भागों में बारिश–बर्फबारी की संभावना है। वहीं, 31 जनवरी व पहली फरवरी को चंबा, कुल्लू, मंडी, लाहौल–स्पीति व किन्नौर के ऊपरी भागों में भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कई भागों में अंधड़ और बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। हालांकि, दो फरवरी को उच्च पर्वतीय एक–दो स्थानों को छोड़कर अन्य में मौसम साफ रहने के आसार हैं।




### डिवाइन विज्डम स्कूल माजरा ने धूमधाम से मनाया एनुअल फंक्शन, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

# राज्यपाल ने थपथपाई डिवाइन विज्डम के होनहारों की पीठ

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

बच्चों की योग्यता और रुचि को ध्यान में रखते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिएं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में डिवाइन विज्डम स्कूल माजरा के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों की योग्यता और रुचि को ध्यान में रखते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं डालना चाहिए।

राज्यपाल ने विगत 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि इन ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने के लिए यह उत्सव न केवल भारत में नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में आयोजित किया गया। उन्होंने बच्चों में टेलीविजन और मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग पर चिंता व्यक्त की और माता-पिता से अपने बच्चों के साथ अधिक समय व्यतीत करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल को देवभूमि के नाम से जाना जाता है और देवभूमि में चल रहा नशे का कारोबार चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अकेले पुलिस प्रशासन नशे को समाप्त नहीं कर सकता, इसके लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। डिवाइन विज्डम स्कूल के अध्यक्ष नीरज गोयल ने राज्यपाल का स्वागत किया। डिवाइन विज्डम स्कूल की प्रिंसिपल मीनाक्षी मल्होत्रा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजीव बिंदल, हिम उत्कर्ष जिला सिरमौर के अध्यक्ष आरके तिवारी, लाला आत्मा राम मेमोरियल सोसायटी डिवाइन विडम स्कूल के अध्यक्ष विजेश गोयल, पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीना और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इससे पहले राज्यपाल ने प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम भी सुना।



राज्यपाल को स्मृति चिन्ह प्रदान करते डिवाइन विज्डम स्कूल के अध्यक्ष नीरज गोयल।

# दिल्ली में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के तीन होनहार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रदेश के तीन होनहार विद्यार्थियों को चर्चा में शामिल होने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने सभी छात्रों से मिलकर उनके साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान छात्रों को बिलकुल भी तनाव न लेने की बात कही है।

हिमाचल प्रदेश की ओर से जिला कांगड़ा के छात्र अखिल, जो कि विजेयता राष्ट्रीय कला उत्सव में विजेता रह चुका है, का चयन परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में हुआ था। इसी तरह दो अन्य छात्राओं कनिका ठाकुर जिला सोलन, एकता जवाहर नवोदय विद्यालय जिला ऊना को परीक्षा पर कार्यक्रम में गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनौतियों का सामना करना व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है। छात्रों को यह याद रखना चाहिए कि चुनौतियों से ही आप मजबूत होकर उभरेंगे। हालांकि पीएम से लाइव परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में इन छात्रों को सवाल करने का मौका नहीं मिला, लेकिन कार्यक्रम में शामिल हुए यह बच्चे जरूर उत्साहित हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के प्रधान मंत्री के रूप में, मैंने अपनी चुनौतियों का सामना करना सीख लिया है। क्योंकि मैं जानता हूं कि मैं विजयी होऊंगा और रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को हराऊंगा। अपनी चुनौतियों पर काबू पाने का एक तरीका दूसरों का विश्वास जीतना है।

# अनंत ज्ञान की टीवी एंकर से युवकों ने की बदसलूकी, बाद में मांगी माफी


ट्रैफिक रूल्ज तोड़ने पर युवकों का चालान काटती पुलिस।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

अनंत ज्ञान की टीवी एंकर के साथ बदसलूकी करना युवकों को भारी पड़ गया। दरअसल, सोमवार दोपहर करीब एक बजे पांवटा शहर के वाई प्वाइंट पर एक ट्रैफिक कर्मचारी चालान काट रहा था कि इतने में वहां से दो बुलेट सवार युवक बुलेट से पटाखे छोड़ते हुए जा रहे थे। जब ट्रैफिक कर्मी ने उन्हें नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए रोका तो वे उनसे भी उलझ पड़े।

बुलेट को तेज रफ्तार से दौड़ा रहे युवकों के पास न तो हेल्मेट थे और न ही कागजात, जिसकी एवज में उनका भारी चालान काटा गया। मौके पर मौजूद इस सारे घटनक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग अनंत ज्ञान की टीवी एंकर कर रही थी। युवकों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और उन्होंने टीवी एंकर को वीडियो रिकॉर्डिंग करने से रोका। साथ ही देख लेने की धमकी भी दे डाली। दोनों में बहसबाजी हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि इस घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग परिवहन विभाग, रोड सेफ्टी क्लब और अन्य पत्रकार भी कर रहे थे, लेकिन युवकों ने अनंत ज्ञान की टीवी एंकर को ही लक्ष्य बनाकर बदसलूकी की। टीवी एंकर ने युवकों से माफी मांगने के लिए कहा, लेकिन युवक माफी मांगने को तैयार नहीं थे।

बाद में स्थानीय पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों के समझाने पर युवकों को माफी मांगनी पड़ी। टीवी एंकर ने दयालुता दिखाकर उन्हें माफ कर दिया और युवकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज नहीं करवाई। इस घटना की दिनभर पांवटा शहर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा रही।

बुद्धिजीवी लोग इसे देश के चौथे स्तंभ पर आघात बता रहे हैं। उन्होंने कहा महिला पत्रकारों के साथ इस तरह की बदसलूकी कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

**पत्रकारों से बदसलूकी देश के चौथे स्तंभ पर आघात ( पढ़ें संपादकीय पृष्ठ 13 पर )**

### द्वितीय सत्र : जिला सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति के विधायकों ने प्रस्तुत कीं अपनी प्राथमिकताएं

# भ्रष्टाचार पर नकेल कसेगी सुक्खू सरकार, नया कानून लाने की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वार्षिक योजना 2024-25 विधायक प्राथमिकताओं पर आयोजित पहले दिन के दूसरे सत्र में सोलन, चंबा, बिलासपुर तथा लाहौल-स्पिति जिला के विधायकों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के लोगों को स्वच्छ, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी तंत्र में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए एक कानून लाने पर विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की शिकायतों को प्रभावी ढंग से सुलझाने एवं कुशल प्रशासन प्रदान करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है तथा व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से सभी लक्ष्य प्राप्त किए जा रहे हैं। लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवि ठाकुर ने जिला स्तर पर ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायतीराज विभाग के समावेश की मांग की। उन्होंने औषधीय पौधों की खेती और विपणन करने का सुझाव भी दिया।

### जिला बिलासपुर के विधायकों ने दी ये प्राथमिकताएं



**झंडूता** के विधायक जीत राम कटवाल ने अपने चुनाव क्षेत्र में लंबित तीन पुलों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलाई और सिविल अस्पताल बरठीं के लिए पर्याप्त धनराशि तथा क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान करने की मांग की। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने की मांग की। इसी तरह श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने एफसीए तथा एफआरए के मामलों में तेजी लाने की मांग की।

### जिला सोलन के विधायकों ने ये रखी प्राथमिकताएं

**नालागढ़** विधानसभा क्षेत्र से विधायक केएल ठाकुर ने सीमावर्ती क्षेत्र में नशा माफिया तथा खनन माफिया पर नकेल कसने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त दभोटा पुल का दोबारा निर्माण जल्द करने का आग्रह किया। वहीं, कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने परवाणु व कामली औद्योगिक क्षेत्र को नेशनल हाईवे से जोड़ने, टकसाल रेलवे फाटक पर फ्लाई ओवर बनाने तथा कौशल्या बांध की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने की मांग की। उन्होंने शिमला-कालका रेलवे ट्रैक पर थीम आधारित ट्रेन चलाने का मामला रेलवे के साथ उठाने का भी आग्रह किया।

### सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने बताई प्राथमिकताएं

**हमीरपुर।** सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने 2024 - 25 के वार्षिक बजट के लिए सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक योजना के लिए अपनी प्राथमिकताएं राज्य सरकार को प्रस्तुत कर दी हैं। उन्होंने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत गुब्बर गांव से वाकर खड्ड वाया लंबरी सड़क के निर्माण और करसोह गांव से कुसवाड़ गांव तक सड़क निर्माण को विधायक प्राथमिकता में डलवाया है। इसके अलावा उन्होंने जल शक्ति विभाग उपमंडल सुजानपुर के तहत विभिन्न पेयजल योजनाओं के स्रोत तथा वितरण प्रणाली में सुधार बारे नई योजनाओं को भी प्रस्तावित किया है।

### चंबा के विधायकों की मुख्य प्राथमिकताएं

**चुराह** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. हंसराज ने शिमला में आबादी का दबाव कम करने के लिए कुछ विभागों के कार्यालय प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने चुराह क्षेत्र की विद्युत परियोजनाओं के कारण विस्थापित घराट मालिकों का पुनर्वास करने तथा उनके परिवार के सदस्यों को स्थायी नौकरी प्रदान करने की मांग की। वहीं, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने क्षेत्र में एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने तथा शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने की मांग की।

# बजट सत्र के दौरान आक्रामक रुख अपनाएगी भाजपा : राकेश जम्वाल



भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य विधायक।

**शिमला।** भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस शिमला में संपन्न हुई। बैठक में विधायक सतपाल सिंह सत्ती, विक्रम ठाकुर, सुखराम चौधरी, हंसराज, राकेश जम्वाल, जेआर कटवाल, इंद्र सिंह गांधी, रणधीर शर्मा, बलबीर वर्मा सुरेंद्र शौरी, त्रिलोक जम्वाल, दिलीप ठाकुर, डीएस ठाकुर, जनक राज, रणवीर सिंह निक्का, रीना कश्यप, दीपराज, एवं लाकेंद्र कुमार ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई और आने वाले बजट सत्र को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी आक्रामक रुख अपनाएगी। क्योंकि वर्तमान की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार द्वारा पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की जयराम ठाकुर की सरकार के दौरान एक वित्तीय वर्ष के अंदर सारे संस्थान, कार्यालय जो डिनोटिफाई किए और उसके बाद खुद स्वयं जाकर जनसभाओं में अनेक कार्यालय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन सारे मुद्दों को लेकर बजट सत्र के दौरान प्रदेश सरकार को घेरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिसकर्मी ने सर्विस बंदूक से खुद को मारी गोली

**इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत आते चौकी ढांगू पीर के साथ लगते ढांगू रेलवे पुल पर तैनात एक पुलिस कर्मचारी ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी ढांगूपीर के प्रभारी राजपाल ठाकुर घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास से साक्ष जुटाए। फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। इसमें डॉक्टर हितेश पटियाल ने घटनास्थल से ब्लड सैंपल एकत्रित किए। पुलिस ने घटनास्थल से सर्विस राइफल की गोलियां व खाली खोल भी बरामद किए। राइफल में पांच गोलियां होती हैं, आत्महत्या करने वाले पुलिस कर्मचारी की पहचान एचएएसआई विजय कुमार सीआरबी गारद नंबर एक पुत्र जैसी राम गांव तयौड़ा तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर अस्पताल भेज दिया है।

### ऑल्टो और बाइक की टक्कर, युवक की मौत

**शिमला।** बिना हेल्मेट के बाइक चलाना एक युवक को महंगा पड़ गया है। आल्टो कार से टकराने पर युवक की मौत हो गई है। यह हादसा बालूगंज पुलिस थाना के तहत शिमला-मंडी नेशनल हाई-वे पर नैहरा क्रॉसिंग घणाहट्टी के पास पेश आया है। हादसे के बाद घायलावस्था में युवक को अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार चालक अमन कुमार ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि एक बाइक सवार अपने अप्लायड फॉर वाहन पर सवार होकर गलत दिशा में ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार में आया और उसकी आल्टो कार (नंबर-एचपी 03ए 4400) से टकरा गया, जिससे वह बुरी तरह से चोटिल हुआ। बाइक सवार ने हेल्मेट भी नहीं पहना था, जिसके चलते सिर पर गहरी चोट लगने से युवक की मौत हो गई है। युवक की पहचान विशाल (19) निवासी गांव शकराह के रूप में हुई है, जिसके शव का पोस्टमार्टम करवाकर देह परिजनों को सुपुर्द कर दी गई है। मामले की जांच जारी है। वहीं, एएसपी शिमला सुनील नेगी ने खबर की पुष्टि की है।

### डूंगानाला में युवक चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**करसोग।** करसोग में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में पुलिस ने सनारली क्षेत्र के एक व्यक्ति को 0.34 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम डुंगानाला क्षेत्र में ट्रैफिक चेकिंग पर थी। इसी भुठी लिंक रोड से पुलिस ने एक व्यक्ति को आते हुए देखा, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। शक के आधार पर जब पुलिस ने युवक की तलाशी ली गई तो गांव पुनणू, डाकघर चुराग, तहसील करसोग निवासी लक्की शर्मा सिंह से 0.34 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। खबर की पुष्टि करसोग की डीएसपी गीतांजलि ठाकुर ने की है। डीएसपी करसोग ने कहा कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### बाथरूम में बच्चे को बंद करने के मामले की होगी जांच

**धर्मशाला।** शिक्षक की भूमिका को दागदार करने वाला एक मामला इन दिनों सुर्खियों में है। इस मामले की जांच करने के लिए मंगलवार को विभागिय टीम संबंधित स्कूल जाएगी। जिला कांगड़ा के तहत फतेहपुर क्षेत्र के एक प्राइमरी स्कूल में चौथी क्लास से छात्र को टीचर ने बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद ताला लगाकर टीचर घर चला गया। बच्चा बाथरूम में ही रोता रहा। परिजन उसे ढूंढते हुए स्कूल पहुंचे तो उन्हें रोने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सीढ़ी लगाकर बच्चे को रेस्कयू किया गया। मामले के प्रकाश में आने के बाद सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी इसका संज्ञान लिया तथा शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश को इसकी जांच के निर्देश दिए। इसके बाद धर्मशाला के उपनिदेशक कार्यालय ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को सोमवार दोपहर 12 बजे तक मामले की आरंभिक रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए थे, लेकिन स्कूल में छूट्टी होने के बाद तक कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। एलीमेंटरी शिक्षा उपनिदेशक मोहिंद्र धीमान ने बताया कि इस मामले में सीएम ने खुद संज्ञान लिया है तथा बीईओ से मांगी रिपोर्ट न मिलने के चलते अब वह स्वयं टीम समेत स्कूल में हुए इस प्रकरण की जांच करने जाएगी।

### शिमला में मंथन करेगी कांग्रेस

**शिमला।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पहली फरवरी को राजीव भवन शिमला में होगी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अमित नंदा ने बताया कि इस बैठक में देश भर से अनुसूचित जाति विभाग के सभी राज्य अध्यक्षों के अतिरिक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रभारी डॉक्टर के राजू व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोथिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी व अनुसूचित जाति का कांग्रेस पार्टी में महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। वहीं 31 जनवरी को पीटर हॉफ में शाम को कुछ बुद्धिजीवियों के साथ एक वार्तालाप भी रखी गई है।

# प्रदेश के ट्रांसपोर्टरों को राहत... अब 31 मार्च तक जमा करवा सकेंगे गुड्स टैक्स

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



सरकार ने ट्रक संचालकों को बड़ी राहत दी है। जिन संचालकों ने गुड्स टैक्स जमा नहीं कराया है, वह अब 31 मार्च तक अपना टैक्स जमा करा सकते हैं। उन्हें अब सरकार ने टैक्स जमा कराने के लिए सरलीकरण कर दिया है। बीबीएन में करीब दस हजार वाहन संचालकों को इसका फायदा होगा। अब यह संचालक टैक्स व दस फीसदी पैनेल्टी के साथ इसे आरटीओ व आरएलए कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

एक्साइज विभाग से कोई भी एनओसी लेने की जरूरत नहीं है। सरकार ने पीजीटी को कनवर्ट करके स्पेशल रोड टैक्स (एसआरटी) में बदल दिया है, जो वाहन आरएलए व आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं वे अब अपना गुड्स टैक्स इन कार्यालयों में जमा करा सकता है। पहले सरकार ने इसकी अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई थी, लेकिन कुछ वाहन चालकों ने अभी भी इसे जमा नहीं कराया था, जिस पर इन वाहन चालकों को राहत देने के लिए सरकार ने इसकी अवधि बढ़ा कर 31 मार्च कर दी है। पहले छह टायर वाले ट्रक पर छह हजार रुपए टैक्स था, उसके बाद 18 फीसदी ब्याज व पैनेल्टी अलग से थी, जो बहुत ज्यादा बैठ रही थी। इस तरह दस टायर वाले ट्रक पर एसआरटी दस हजार व 18 फीसदी ब्याज व पैनेल्टी अलग से देनी पड़ रही थी, लेकिन सरकार ने अब इसे सरलीकरण दस फीसदी ब्याज के साथ जमा कराने के 31 दिसंबर तक कहा था, लेकिन कुछ वाहन चालकों ने उसके बाद भी इसे जमा नहीं कराया है। आरटीओ कार्यालय में अभी भी 1800 वाहन चालक ऐसे हैं, जिन्होंने गुड्स टैक्स जमा नहीं करवाया है। इसके अलावा नालागढ़ के आरएलए कार्यालय में भी सैकड़ों ऐसे वाहन है, जिन्होंने यह गुड्स, टैक्स जमा नहीं कराया है, उन्हें भी सरकार ने अंतिम मौका दिया है। आरटीओ मदन शर्मा ने बताया कि गुड्स टैक्स को सरकार ने सरलीकरण कर दस फीसदी ब्याज के साथ जमा कराने के लिए 31 दिसंबर का समय दिया था, लेकिन कुछ वाहन चालकों ने उसके बावजूद टैक्स जमा नहीं कराया। अब उन संचालकों को 31 मार्च तक का समय दिया गया है।

# उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने ईईपीसी के स्टेट स्टॉल का किया उद्घाटन


स्टॉल का उद्घाटन करते उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान।

**शिमला।** उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान इन दिनों दुबई दौरे पर हैं। ऐसे में उन्होंने सोमवार को आर्ब हेल्थ एक्सपो 2024 में ईईपीसी के स्टेट स्टॉल का उद्घाटन किया। यह पहली बार था कि राज्य विदेश में आयोजित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्वास्थ्य देखभाल फार्मा एक्सपो में भाग लिया है। इस अवसर पर विधायक चंद्र शेखर, उद्योग विभाग प्रधान सचिव आरडी नजीम, उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति भी उनके साथ मौजूद रहे । इस अवसर पर मंत्री ने भारतीय कंपनियों के स्टॉल का भी दौरा किया।

# आईआईटी मंडी चौथे हिमाचल प्रदेश साइंस कांग्रेस की करेगा मेजबानी

**मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी और हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद आठ से दस अप्रैल तक आईआईटी मंडी परिसर में चौथे हिमाचल प्रदेश साइंस कांग्रेस का आयोजन करने जा रहा है। चौथे हिमाचल प्रदेश साइंस कांग्रेस का विषय सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की भूमिका है। इस कार्यक्रम में प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा समसामयिक मुद्दों पर लोकप्रिय व्याख्यान, शोधकर्ताओं द्वारा पेपर प्रस्तुतियां और विभिन्न ग्रामीण प्रौद्योगिकियों की एक प्रदर्शनी शामिल होगी।

# ऐतिहासिक रेणुका झील के संरक्षण की योजना होगी तैयार

**दीपक जोशी, श्री रेणुका जी**

जिला सिरमौर की प्राकृतिक रेणुका झील को गादमुक्त व संरक्षण के लिए वन्य प्राणी विभाग योजना तैयार कर रहा है। वन्य प्राणी विभाग ऐतिहासिक रेणुका झील के अध्ययन करने के लिए आईसीएआर के विशेषज्ञों की टीम यहां पहुंच कर योजना तैयार करने में जुट गया है।

टीम रेणुका झील की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे बरसाती नालों का उपचार करके उनसे मलबे आदि की रोकथाम की प्रपोजल तैयार करेगी, जिसको लेकर वैज्ञानिकों की एक टीम ने झील के अस्तित्व व विलुप्त होते प्राकृतिक स्वरूप को बचाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान के जल विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग देहरादून के वैज्ञानिकों ने रेणुका झील के अंतिम छोर पर स्थित दो पंजी व बरसाती नालों (खालों) का निरीक्षण किया। टीम में संस्थान के विभागाध्यक्ष आरके सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. श्रीधर पात्रा व तकनीकी सहायक चंदन राय सहित वन्य प्राणी विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे, जिन्होंने झील को गाद, मिट्टी व मलवे आदि से बचाने के उपायों की तलाश कर झील व दोनों नालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर आईएफएस अधिकारी गुरहर्ष सिंह व आरओ नंदलाल ठाकुर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**अध्ययन करने पहुंची विशेषज्ञों की टीम**

### कार्रवाई | सोलन पुलिस ने की कार्रवाई, बसाल के रहने वाले दो पैडलरों से मिला था सुराग

# चंडीगढ़ से दबोचा उत्तराखंड का चिट्टा तस्कर

**तेजपाल नेगी, सोलन**

पुलिस ने सोलन के बसाल निवासी दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उत्तराखंड के चिट्टा सप्लायर को चंडीगढ़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के अनुसार परवाणु पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चंडीगढ़ से जिले में चिट्टा की खेप लाने वाले दो आरोपियों को एनएच पांच पर पुरला के पास से गिरफ्तार किया।

इनसे कुल 6.21 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम सोलन के बसाल क्षेत्र के कठार निवासी 42 वर्षीय प्रकाश चंद तथा 37 वर्षीय कुनाल कुमार बताए गए हैं। अदालत से पांच दिन की पुलिस रिमांड लेने के बाद उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि बरामद चिट्टा वे चंडीगढ़ से खरीद कर लाए हैं।

इस पर पुलिस ने चिट्टे की इस खेप के सप्लायर आरोपी उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल निवासी 21 वर्षीय अमृत पाल को रविवार को चंडीगढ़ सेक्टर 52 से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले कुछ सालों से चंडीगढ़ से हिमाचल, पंजाब तथा हरियाणा में नवयुवकों को चिट्टा सप्लाई करने का काम करता है। इस आरोपी के बैंक खातों की जांच से पता चला है कि इसके खाता में पिछले कुछ समय में लाखों रुपए की राशि का आदान प्रदान हुआ है। आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। (अनंत ज्ञान)



पुलिस की गिरफ्त में तीनों चिट्टा तस्करी के आरोपी।

### अब तक 82 चिट्टा तस्कर गिरफ्तार

**सोलन** पुलिस ने एक वर्ष में बाहरी राज्यों के 82 नशा तस्कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 72 चिट्टे के बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं, इनमें छह अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं।

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारु और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा बोले; उम्मीदें संजोए बैठी सुजानपुर की जनता को दे रही सरकार 'जलालत'

# आर-पार की लड़ाई पर उतारु राणा, चुनावों से पहले घमासान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के भीतर अब 'घमासान' शुरू हो गया है। सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा आर-पार की लड़ाई पर 'उतारु' हो गए हैं। राणा कह रहे हैं कि सुजानपुर की जिस जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है, वास्तव में उसे यह सरकार 'जलालत' दे रही है। प्रदेश सरकार पर वे अब और ज्यादा मुखर हो गए हैं। चुनावों से पहले जो चिंगारियां कांग्रेस के भीतर अब उठनी शुरू हुई हैं, आने वाले दिनों में किसी बड़े 'धमाके' की ओर इशारा तो नहीं कर रहीं।

राजेंद्र राणा सोमवार को हुई प्लानिंग की बैठक में भी शिमला नहीं पहुंचे। वह हमीरपुर से पिछले रोज सीधे चंडीगढ़ पहुंच गए। मतलब साफ है कि कशमकश का दौर अब और ज्यादा मुखर हो गया है। वे कैबिनेट रैंक का दर्जा पाने वाले मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू पर नाम लिए बगैर जोरदार हमला कर चुके हैं। राणा यह भी कह चुके हैं कि जिस तरह से कैबिनेट रैंक चुनाव नहीं लड़ने वाले लोगों में बांटे गए हैं, वह स्थिति विधायकों का अपमान जैसी है। कांग्रेस के भीतर इन दिनों जो कुछ पक रहा है। उस पर विधायक राजेंद्र राणा से कुछ सवाल किए गए।



**सवाल :** आप तो अब मुकम्मल तौर पर नाराजगी का इजहार कर रहे हैं? क्या यह सरकार आपको जलालत दे रही है।

**जवाब :** दरअसल जलालत मेरी नहीं, सुजानपुर की उस जनता को यह सरकार दे रही है, जो उम्मीदें संजोए बैठी हुई है। क्योंकि सुजानपुर में चुनावों से पहले हुई पहली बड़ी रैली में ऐसा नहीं बोला गया था कि सरकार में महत्वपूर्ण जगह राजेंद्र राणा की नहीं होगी, तब कहा गया था कि बड़ा ओहदा मिलेगा। इसीलिए सुजानपुर की जनता मौजूदा सरकार से पूछ रही है।

**सवाल** :कांगड़ा, हमीरपुर से सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा को कैबिनेट रैंक नहीं मिला, क्या अब बड़े धमाके के आसार हैं।

**जवाब :** इसमें धमाके की बात नहीं है। असलियत बोलने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। कैबिनेट रैंक कोई मूंगफली वाली स्थिति नहीं है कि जिसे भी चाहे बांट दो। चुने हुए लोगों में यदि इसका मान-सम्मान हो, तो पार्टी मजबूत होती है। ऐसे में चुने हुए लोगों की अनदेखी हो, तो फिर न तो विश्वास जनता का बनता है, और न ही विधायकों का सरकार को मिल पाता है।

**सवाल :** क्या हाई कमान को इस स्थिति का पता नहीं है?

**जवाब :** हाइकमान सब जानती है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नहीं समझ रहे। इस पर तो वही बता सकते हैं, हाइकमान तो शुरू से ही चाहती थी कि कैबिनेट में शामिल किया जाए।

**सवाल :** आपने विधायक निधि का मुद्दा उठाया रिलीज हो गई है क्या कहेंगे?

**जवाब :** हम लोग यदि विधायक निधि का मुद्दा नहीं उठाते, तो अभी तक रिलीज नहीं होती। खजाना खाली होने का रोना नहीं रोया जा सकता। हालात कैसे अनुकूल बनाए जाएं? इस पर चर्चा होनी चाहिए। तभी जनता का विश्वास भी बनेगा और विधायक भी मजबूत स्थिति में होकर सरकार की मजबूती में खड़े होंगे। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के बड़े नेताओं ने की थी बड़ा पद देने की बात

**दीगर** बात यह भी है कि राणा ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को सुजानपुर से विधानसभा चुनाव में हराया था, उसके बाद उन्होंने तीसरी बार फिर से विस चुनाव जीता। उन चुनावों के दौरान सुजानपुर में जो बड़ी जनसभा हुई थी, उसमें राणा को कांग्रेस के बड़े नेताओं ने सरकार के गठन के बाद बड़ा पद देने की बात कही थी। अभी दो सप्ताह पहले उनके बेटे अभिषेक राणा ने कांग्रेस के आईटी सैल के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसकी भी खूब चर्चा हो रही है।

## हैप्पी बर्थडे



राजा का तालाब के आदविक को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



बणी के यशवीर और ममता को शादी की सालगिरह की हार्दिक बधाई



जोगिंद्रनगर के प्यार चंद सकलानी व कृष्णा सकलानी को शादी की नौवीं सालगिरह पर बधाई

# वीआईपी नंबर से छह माह में कमाए 13 करोड़ रुपए

## परिवहन विभाग की ओर से जल्द जारी होगी वीआईपी नंबर की नई सीरीज

**जय ठाकुर, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में वाहनों का वीआईपी नंबर लेने के लिए कई रसूखदार लोगों सहित विधायक और नेता भी अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। बीते करीब छह महीने में राज्य परिवहन विभाग को वीआईपी नंबर की ऑनलाइन बोली लगाने से 13 करोड़ रुपए की कमाई हुई है।

अब विभाग की ओर से वीआईपी नंबरों से कमाई को और बढ़ाने के लिए जल्द ही नई सीरीज के वीआईपी नंबर जारी किए जाएंगे। इसके लिए जल्द आवेदन मांगे जाएंगे। विभाग की ओर से इससे पहले ऑनलाइन बोली से वीआईपी नंबर लेने वाले लोगों से औपचारिकताएं पूरी कर नंबर लेने को कहा गया है।



सेंटर मोटर व्हीकल एक्ट नियम 1989 नियम 47 के तहत जो लोग हिमाचल का निवासी हैं, उनके पास प्रदेश में व्यवसाय करने का प्रमाण हो, वे परिवहन विभाग की बेवसाइट पर जाकर वीआईपी नंबर के लिए दिए लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से आरंभिक पंजीकरण दो हजार रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। बोली के न्यूनतम मूल्य की 30 फीसदी राशि, जो डेढ़ लाख व इससे ज्यादा बनती है, जमा करवानी होती है। (अनंत ज्ञान)

### अब तक 3155 वीआईपी नंबर किए जारी

**परिवहन** विभाग की ओर से अब तक 3155 वीआईपी नंबर जारी किए जा चुके हैं। विभाग की ओर से जो वीआईपी नंबर जारी किए जाते थे, उसमें प्रदेशभर से लोग बोलियां लगाते थे, लेकिन बाद में नंबर नहीं लेते थे। प्रदेश सरकार ने लोगों के इस झूठ से बचने के लिए अब नियमों में बदलाव किया है। अब वीआईपी नंबर के लिए पहले से जारी न्यूनतम शुल्क की 30 फीसदी राशि विभाग एडवांस में ले लेता है। दूसरे नए नियमों के तहत गड़बड़ी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में चिकन की धाम

## शिक्षा के मंदिर माता चिंतपूर्णी आईटीआई में उद्घाटन के दिन तंदूरी मुर्गा बनाने पर उठे सवाल

**विवेक शर्मा, अंब**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के एक प्रशिक्षण संस्थान के कार्यक्रम में किसके इशारे पर चिकन पकाया गया और किसने खाया यह तो नहीं मालूम, लेकिन तंदूरी मुर्गा बनाए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस संबंध में एक फोटो भी वायरल हुआ है। अब अधिकारी इस चिकन की दावत को लेकर जानकारी न होने की बात करके पल्ला झाड़ रहे हैं।



सीएम के कार्यक्रम में लगी चिकन की धाम का वायरल फोटो।

विधानसभा क्षेत्र का नाम श्री चिंतपूर्णी जी और माता जी के जयकारों के बीच धाम में मुर्गा पकाया जा रहा हो तो कहीं धार्मिक आस्था पर प्रहार तो है, लेकिन ऐसा कृत्य किसने किया, इसे मानने को कोई तैयार नहीं है। यह दावत किसी व्यक्ति विशेष की ओर से थी अथवा आयोजकों का प्रबंध इसे लेकर कुछ साफ नहीं है। 28 जनवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यक्रम में आई जनता में काफी रोष देखने को मिला कि कांग्रेस सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को आयोजित किया गया था, लेकिन उसमें काफी दूर-दूर से आई जनता की अधिकांश समस्याएं पेंडिंग ही रहीं। सबकी समस्याओं कार्यक्रम के दौरान सुना नहीं गया। कुछ लोग समस्या को लेकर इस कार्यक्रम में सुबह से शाम तक एक समोसे और पानी के सहारे भूखे-प्यासे बैठे थे। उनकी समस्या को इस मंच पर नजरअंदाज कर गया। कार्यक्रम संचालक कुछ चुनिंदा लोगों की बात करके निकल लिए।

मौके पर ही कुछ कांग्रेस पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को अपनी अनदेखी होते हुए भी सुना गया। उनको रंज था कि मुख्यमंत्री से मिलने स्टेज पर गए तो उन्हें सिक्योरिटी वालों ने स्टेज पर नहीं जाने दिया। इस बात से पुराने कार्यकर्ता भी खासे नाराज दिखे।

### पल्ला झाड़ रहे अधिकारी

**उधर,** माता श्री चिंतपूर्णी धाम के नाम से नेहरियां में खोली गई आईटीआई में उद्घाटन के पहले दिन कुछ खास के लिए नॉन वेज बनाया व परोसा गया। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थानों को एक मंदिर का दर्जा दिया जाता है, लेकिन पहले ही दिन माता चिंतपूर्णी के नाम से खोली गई आईटीआई नेहरियां में खाने के लिए तंदूरी मुर्गा बनाया गया। संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों से इस तंदूरी मुर्गे के बनाने पर बात हुई तो सभी इस बात से अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। अब यह फोटो जो हकीकत दिखा रहा है इसको लेकर संबंधित संस्थान प्रबंधन ही स्पष्ट कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद प्रतिभा सिंह कल मंडी में

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह 31 जनवरी को मंडी में मिल्क फेड के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



महासचिव चेतराम ठाकुर की पुत्री के शादी समारोह में शामिल होंगी। प्रतिभा सिंह शिमला से सुबह दस बजे मंडी को रवाना होगी और देर शाम शिमला लौट आएंगी। पहली फरवरी को प्रतिभा सिंह सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अनुसूचित जाति विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने के बाद फिर से मंडी के लिए रवाना हो जाएंगी। इस दिन रात्रि विश्राम मंडी सर्किट हाउस रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अमित पाल सिंह ने बताया है कि प्रतिभा सिंह पहली फरवरी से अपने संसदीय क्षेत्र मंडी के दौरे पर रहेंगी।

### राहत कोष में दिया 2.11 लाख का चेक

**रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश सहायक लाइब्रेरियन संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 2,11,000 रुपए की राशि का चेक सौंपा। सहायक लाइब्रेरियन संघ ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सहायक लाइब्रेरियन संघ का मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में राशि देने पर आभार व्यक्त किया। सहायक लाइब्रेरियन मुन्नी लाल, संजीव शर्मा, गौतम देव डिप्टा, अशोक शर्मा, चंदर भूषण शर्मा, कुसुम देवी, नीलम और प्रेम कुमार तनवर आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश भर के 7,990 पोलिंग बूथों पर पार्टी नेतृत्व पहुंचाने का काम करेगी भाजपा: बिंदल

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर पार्टी के अध्यक्ष राजीव बिंदल की मौजूदगी में सोमवार को हमीरपुर में वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ संगठन की एक बैठक हुई। बैठक में भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान के तहत जनसंपर्क करने के लिए रणनीति



बनाई गई। बैठक के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिरकत की। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजीव बिंदल ने बताया कि इस बैठक में पार्टी के मंडल अध्यक्ष, किसान मोर्चा के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुखों द्वारा ठोस रणनीति बनाई जा रही है। उक्त अभियान चार फरवरी तक पूरे प्रदेश भर में पार्टी के द्वारा चलाया जा रहा है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश भर के सभी बूथों पर पार्टी का नेतृत्व पहुंचे, इसी के चलते भाजपा गांव चलो अभियान शुरू किया है, जिसके तहत प्रदेश भर के 7990 पोलिंग बूथों पर पार्टी नेतृत्व पहुंचने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चार फरवरी तक प्रदेश भर में अभियान के तहत बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके मंत्री झूठ बोलते हैं और 13 महीनों का कार्यकाल पूरी तरह से प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल रही है और एक भी काम प्रदेश सरकार ने जनहितैषी नहीं किया है और अपनी नालायकी की ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस सरकार झूठों की सरकार है। केंद्र से पैसों को लेने का हिसाब तक नही देते हैं। अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेतृत्व कांग्रेस पार्टी का आपदा के दौरान कहा रहा है, वही बीजेपी के कई बड़े नेता हिमाचल आए हैं और अरबों करोड़ हिमाचल को दिए हैं। बिंदल ने कहा कि जेडीयू भाजपा का नेचुरल एलायड है। नितीश कुमार भाजपा के साथ अटल के समय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य नरेंद्र मोदी ही संभाल सकते हैं। ऐसे दृष्टिकोण से नीतीश कुमार फिर से भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इंडिया गठबंधन का कांग्रेस का क्या भविष्य है। यह दिखाया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस इस मामले में चारों खाने चित दिख रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के साथी सब छोड़कर भागने लगे हैं यह भी दिख रहा है। इस कार्यशाला में प्रदेश भर से करीब 400 लोगों ने हिस्सा लिया। उन्हें चुनावों से संबंधित कई तरह के टिप्स भी सिखाए गए।

## दो अप्रैल को पूरा होगा जेपी नड्डा का कार्यकाल

**शिमला।** हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट दो अप्रैल को खाली होने जा रही है। इस सीट से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राज्यसभा सांसद है। राज्यसभा की इस सीट के लिए अब 27 फरवरी को मतदान होना है। भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान करने का एलान किया है। इनमें से 50 सदस्य दो अप्रैल और छह सदस्य का कार्यकाल तीन अप्रैल को पूरा होना है। हिमाचल में 14 फरवरी से बजट सत्र शुरू हो रहा है, जो 29 फरवरी तक चलेगा। सत्र के दौरान 27 को विधानसभा परिसर में राज्यसभा सीट के लिए मतदान होना है। आठ फरवरी, 2024 में राज्यसभा सीट के लिए नोटिफिकेशन जारी होगी। 15 फरवरी तक उम्मीदवारों के नाम भरे जा सकते हैं इसके साथ ही 16 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 फरवरी तक उम्मीदवार अपने नाम वापिस ले सकते हैं। इसके अलावा राज्यसभा सीट के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। राज्य चुनाव आयोग अवर सचिव प्रफुल अवस्थी द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि 27 फरवरी को ही 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी और परिणाम भी उसी दिन जारी किया जाएगा।

# सुक्खू के एक साल का कार्यकाल नाकामियों का दस्तावेज: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर और गारंटियों के सब्जबाग दिखा कर सत्ता में आई कांग्रेस की सुखविंद्र



सिंह सुक्खू सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल नाकामियों का दस्तावेज है। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि संगठन हो या सरकार तालमेल का अभूतपूर्व अभाव देखने में आ रहा है। शिक्षा हिमाचल प्रदेश का ऐसा विषय है, जिससे हर घर जुड़ा है, परंतु शिक्षा की प्राथमिकता यह है कि विदेश में शिक्षक भेजने में भी एक कथित मानदंड बनाया गया है, जिसमें और सब कुछ है, मगर कोरोना काल में हर घर पाठशाला के माध्यम से घर-घर तक शिक्षा देने वालों का जिक्र ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि केवल अवार्ड के सर्वाधिक नंबर रखे गए हैं। शिक्षा बोर्ड को आज तक एक अध्यक्ष नहीं मिला। बोर्ड में लापरवाही की स्थिति यह है कि सुबह होने वाली परीक्षाओं के आगे रात्रिकालीन समय लिखा है। एक ओर प्रधानमंत्री देशभर के बच्चों के साथ परीक्षा से पूर्व इसलिए बात करते हैं, ताकि विद्यार्थी तनाव या अवसाद में न रहें, वहीं हिमाचल प्रदेश में वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट ही ऐसी बनाई है कि बच्चा सिर न उठा सके।

### महत्वपूर्ण जांच के लिए मरीजों को मिल रही अप्रैल की डेट

**स्वास्थ्य** की स्थिति यह है कि आईजीएमसी और टांडा के मेडिकल कालेज में महत्वपूर्ण जांच के लिए मरीजों को अप्रैल की तारीख मिल रही है। उद्योगों का आलम यह है कि वे पलायन कर रहे हैं और जब उद्योग मंत्री मौखिक रूप से मुख्यमंत्री को कुछ बताते हैं तो सुना नहीं जाता और उद्योग मंत्री को कहना पड़ता है कि अब सारी बात लिखित में ही मुख्यमंत्री को बताई जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग में ये हाल हैं। आए दिन केंद्र को कोसने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमें परामर्श देते हैं कि हम जनहित की राजनीति करें। मेरा उनसे प्रश्न है कि आपने अब तक सलाहकारों की फौज बना कर, उन्हें कैबिनेट रैंक देकर कौन से जनहित की राजनीति की है। हमारी सरकार ने तो मुख्य संसदीय सचिव नहीं बनाए। जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि अब कांग्रेस के विधायक भी सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि कांग्रेस की बैठकें शोकसभाएं हैं और चुने हुए लोगों को हटा कर अन्य को मूंगफलियों की तरह कैबिनेट रैंक बांटे गए हैं।

# राम के नाम पर केवल राजनीति कर रही भाजपा: यादविंद्र गोमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार में आयुष ओर खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने



भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। यादविंद्र गोमा ने कहा कि भाजपा भगवान राम को पेटेंट बनाने की कोशिश कर रही है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि भगवान राम सभी की आस्था का केंद्र हैं। सभी भगवान राम को अपना आदर्श मानते हैं।

उन्होंने कहा कि यह सत्य है कि राम मंदिर निर्माण का काम बीजेपी के कार्यकाल में हुआ, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि भाजपा भगवान राम को अपना पेटेंट बताए। खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले भाजपा नेताओं ने मंदिरों में घूम कर झाड़ू-पोछा लगाने का काम किया। उन्होंने पूछा कि भाजपा को प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही सफाई का ध्यान क्यों आया? अब भाजपा नेता मंदिरों की सफाई क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को ठगने का काम कर रही है। पहले जनता को 15 लाख रुपए के नाम पर ठगा। इसके अलावा लोगों को काला धन वापस लाने और दो करोड़ नौकरी सालाना देने का भी वादा किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि साल 2019 में जब आतंकियों ने पुलवामा में भारतीय सैनिकों पर हमला किया, तब इसकी सिंपैथी भी भाजपा ने लेने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब साल 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा भगवान राम को अपना हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी उस वक्त भारत जोड़ो यात्रा में थे और उन्होंने वहां मंदिर में दर्शन करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें वहां रोकने का काम किया गया।

**सियासत**

### प्रभारी कुलदीप कुमार ने ली बैठक; चुनावी रणनीति पर होनी थी चर्चा, गैर हाजिर रहने वालों की होगी जवाबतलबी

# हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारी नदारद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हमीरपुर में चुनावी रणनीति पर चर्चा के लिए बुलाई गई संसदीय क्षेत्र की बैठक में कांग्रेस के ज्यादातर वरिष्ठ पदाधिकारी गैर हाजिर रहे। 17 विस क्षेत्रों वाली इस संसदीय सीट से केवल पांच ब्लॉक अध्यक्षों ने ही शिरकत की। जिला अध्यक्षों में भी केवल हमीरपुर और बिलासपुर ने ही हाजिरी भरी। बैठक में तकरीबन दो दर्जन नेता ही मौजूद रहे। बाद में बैठक में तय यह हुआ कि जो लोग गैरहाजिर रहे हैं, उन्हें पत्र लिखा जाए।

उनकी जवाब तलबी की जाए और फिर विधानसभा स्तर पर ही बैठकें आयोजित करके मुकम्मल जानकारी इकट्ठी की जाए। बैठक में हमीरपुर जिला से ताल्लुक रखने वाले केवल भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष ही पहुंच पाए। इसके अलावा बिलासपुर, जसवां परागपुर, ऊना और गगरेट के ब्लॉक अध्यक्षों ने हाजिरी भरी। हमीरपुर जिला के अध्यक्ष और केसीसी बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठानिया के अलावा बिलासपुर की अंजना धीमान ने मौजूदगी बनाई। इस बैठक की अध्यक्षता संसदीय क्षेत्र के प्रभारी और पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार ने की, जिसमें हमीरपुर जिले से ताल्लुक रखने वाले रामचंद्र पठानिया, मनोहर लाल कानूनगो, राजू चौधरी, देवीदास शहंशाह, एससी सेल के अध्यक्ष होशियार सिंह, सुरजीत सांबा और कुछ अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।



बैठक स्थल पर पहुंचने पर प्रभारी कुलदीप कुमार का स्वागत करते जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया और अन्य नेता।

बैठक में सबसे पहले इस बात पर चर्चा हुई कि चुनावों के लिए बुलाई गई इस बैठक में यदि प्रमुख पदाधिकारी ही मौजूद नहीं होंगे, तो फिर उनका अपने-अपने पदों पर बने रहने का औचित्य ही क्या है? इस पर यह भी राजनीति की गई, इन लोगों को पत्र लिखकर उनकी जवाब-तलबी की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति पैदा न हो।

उधर, हमीरपुर जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया का कहना था कि बैठक में चर्चा हो गई है। कुछ लोग नहीं आए थे, उनको लेकर बैठक में संज्ञान लिया गया है, लेकिन जो जानकारी जुटानी थी, उसमें से कुछ फोन पर जुटा ली गई है। यह भी तय हुआ है कि संसदीय क्षेत्र की ऐसी बैठकों से यदि पदाधिकारी ही मुंह चुराएंगे, तो फिर उनका पदों पर बने रहने का औचित्य कितना है, इस पर चर्चा हुई है।

### प्रमुख पदाधिकारियों के न पहुंचने पर सवाल

**इस** बैठक को लेकर अहम बात यह है कि यदि बुलाए गए प्रमुख पदाधिकारी ही पहुंच नहीं पा रहे हैं, तो फिर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी की कारगुजारी पर भी सवाल तो उठना स्वाभाविक है। चुनावों की इस बेला पर वर्कर्स के साथ सत्ताधारी पार्टी की मौजूदगी में समन्वय तो बनाना ही पड़ेगा। यदि संगठन से जुड़े हुए लोग मुंह फेर रहे हैं, तो फिर यह तय है कि कोई असरदार व्यक्ति आगे लाना होगा।

# आधा घंटा रुका प्रश्नकाल, प्रदर्शन के बाद बुलाए वन विभाग के अधिकारी

## हाउस में नहीं पहुंच रहे थे अधिकारी, भाजपा पार्षदों ने किया प्रदर्शन, हाउस में न पहुंचने से रुक रहे थे कई कार्य, वनों से कोई हादसा होता है, तो विभाग होगा जिम्मेदार

**आशिमा बैरागी, शिमला**

नगर निगम की मासिक बैठक में सोमवार को एफआरए फॉरेस्ट राइट एक्ट को लेकर भाजपा पार्षदों ने प्रदर्शन किया। प्रोटेस्ट के कारण आधे घंटे तक प्रश्नकाल रुका रहा।

भाजपा पार्षदों का कहना था कि मई 2023 से वन विभाग के कर्मचारी निगम के हाउस में नहीं आते हैं और हर हाउस में एफआरए से संबंधित प्रश्न लाए जाते हैं। प्रश्न के जवाब देने के लिए विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचते हैं, जिससे पार्षदों को निराश होना पड़ता है। पार्षदों का कहना था कि अगर अधिकारी हाउस में नहीं आते, तो हाउस आगे नहीं चलाया जाएगा। आम जनता का विश्वास वार्ड पार्षदों से उठ रहा है। कुछ पार्षदों ने कहा कि निगम की ओर से अधिकारियों के लिए नोटिस तो जारी किए जाते हैं, लेकिन उसके बाद कोई भी एक्शन नहीं लिया जाता है। भाजपा के पार्षद प्रदर्शन करने में अड़े रहे और इसके बाद आयुक्त की ओर से वन विभाग के अधिकारी को बैठक में बुलाया गया। वन विभाग के अधिकारी न आने के कारण पार्षद सरोज ठाकुर, निशा ठाकुर, आशा, कमलेश मेहता, मीना अन्य पार्षद प्रदर्शन में शामिल रहीं।

पार्षद सरोज ने कहा कि एंबुलेंस रोड के लिए जून 2023 से प्रश्न लगाया जा रहा है। वन विभाग का 170 मीटर एरिया बीच में पड़ता है, जिसकी परमिशन फाइल को एक विभाग से दूसरे विभाग को भेजा जाता है। बैठक में महापौर ने कहा कि इस मसले को अगली मासिक बैठक से पहले सुलझा दिया जाएगा। वन विभाग को शहर की लाइट के मसले के लिए भी कई एप्लीकेशन दी गई हैं, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आता है। शहर में बहुत से पेड़ों की टहनियां स्ट्रीट लाइट की तारों को छूती हैं, जिससे टहनियां टूटने से वार्डों में लाइट चली जाती है। इसके अलावा ऐसे पेड़ हैं, जो कि लोगों की लिए खतरा बने हैं, लेकिन वन विभाग उस ओर कोई ध्यान नहीं देता। इस पर महापौर ने फैसला लिया कि यदि शहर में वनों से कोई भी हादसा होता है, तो उसका जिम्मेदार वन विभाग होगा। इस निगम से पहले भी लॉपिंग का काम वन विभाग करती थी, जिसमें सरकार का कोई हाथ नहीं होता था। इसलिए अब वन विभाग को किसी भी परमिशन की जरूरत नहीं होगी। वह लॉपिंग का कार्य स्वयं कर सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### विरोध...



नगर निगम की मासिक बैठक के दौरान वन विभाग के अधिकारियों के बैठक में शामिल न होने को लेकर विरोध जताते भाजपा पार्षद।

### मनाली की तर्ज पर शिमला में भी लिया जाए ग्रीन टैक्स



मनाली तर्ज पर शिमला में भी ग्रीन टैक्स लिया जाए। यह सवाल नगर निगम की मासिक बैठक में पार्षद राम रतन वर्मा ने उठाया। पार्षद ने कहा कि जिस तरह से मनाली में टैक्स लिया जाता है। उसी प्रकार से शिमला में भी टैक्स लिया जाना चाहिए। इसमें कमिश्नर ने कहा कि शिमला में इस तरह से टैक्स इकट्ठा करना मुश्किल काम है। मनाली में आने का एक ही जगह है। इसलिए वहां पर टैक्स इकट्ठा करना आसान काम है , लेकिन शिमला में बहुत सारी जगह हैं। इस कारण यहां पर इस तरह से टैक्स इकट्ठा करना मुश्किल है। हम शिमला में डिजिटल माध्यम से टैक्स लाना चाहते हैं। इसलिए एक कंपनी को भी बुलाया गया था, लेकिन कंपनी ने बताया कि 60 प्रतिशत से ज्यादा कलेक्शन नहीं हो सकती है। निगम इस काम को उस कंपनी को देना चाह रहा है, जो कंपनी निगम को 80 प्रतिशत की कलेक्शन दे। पार्षद का कहना था कि अभी तक इस की एक ही बैठक की गई है। इसके अलावा कोई बैठक नहीं है। पहले इसके लिए बैठक को बुलाया जाना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि अगले हफ्ते ही इसके लिए बैठक को किया जाएगा। इसके बाद बैठक में तह किया जाएगा की किस प्रकार से टैक्स को लिया जाना है।

### कृष्णानगर वार्ड के लोगों को मिले मालिकाना हक

बैठक में कृष्णानगर वार्ड के पार्षद बिट्टू पन्ना ने कहा कि उनके वार्ड में सभी वार्डों की तरह टैक्स वसूला जाता है, लेकिन इस वार्ड में लोग अवैध तरीके से रह रहे हैं, यदि सभी को मालिकाना हक मिलता है, तो टैक्स वसूला जाना चाहिए। इसके अलावा ड्रोन मैपिंग भी इसी वार्ड से शुरू की गई। उसका क्या उद्देश्य था इस पर आयुक्त ने कहा कि यह कानून में है कि कोई भी व्यक्ति जो वैध या अवैध तरीके से शहर में रह रहा है और उसे निगम द्वारा सभी जरूरत वाली वस्तुएं दी जा रही हैं, तो उससे टैक्स वसूला जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा यह कानून बनाया गया है कि जितने भी अवैध निर्माण वाली जगह हैं, वहां की जीआईएस मैपिंग की जाएगी।

### महापौर सफाई व्यवस्था को लेकर स्वयं करेंगे शहर का दौरा



नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान अधिकारियों की टीम के साथ मंगलवार से शहर का दौर शुरू करेंगे। इस दौरान हर वार्ड में जाकर देखेंगे कि फील्ड में जो निर्देश उनके माध्यम से भेजे जा रहे हैं, उसे लागू भी किया जा रहा है या नहीं। यदि काम नहीं हो रहा होगा, तो अधिकारियों से इस पर जवाब तलबी भी की जाएगी। मंगलवार को वह खलीणी व कनलोग से अपना दौरा शुरू करेंगे।

### बात रखते पार्षद



### स्कूल खुलने से पहले ठीक होगी ढली सड़क

ढली में क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने का मसला भाजपा पार्षद कमलेश मेहता ने बैठक में उठाया। यह मसला कई बार उठाया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो रहा है। मेयर ने कहा कि स्कूल खुलने से पहले सड़क को ठीक कर दिया जाएगा। समरहिल के पार्षद वीरेंद्र ठाकुर ने सड़कों की टारिंग का मामला उठाया।

### नगर निगम लगाएगा नए मीटर

बैठक में स्ट्रीट लाइट को लेकर हर बार की तरह इस बार भी प्रश्न लगाया गया। इसमें समरहिल के वार्ड पार्षद वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि शहर में स्ट्रीट लाइट से जगह खराब होती है ऐसी समस्या क्यों हर बार आती है। विभाग अधिकारी ने कहा कि शहर में ट्रांसफार्मर कम हैं और स्ट्रीट लाइट्स अधिक हैं। एक ट्रांसफार्मर में 300 स्ट्रीट लाइट्स को जोड़ा गया है। यदि कोई भी एक लाइट खराब होती है, तो उसे ठीक करने के लिए ट्रांसफार्मर बंद करना पड़ता है। इससे पूरा वार्ड अंधेरे में चला जाता है। अगर ज्यादा मीटर हो तो ऐसी समस्या नहीं होगी। महापौर और आयुक्त की इस विषय पर बहुत देर तक चर्चा की गई। सभी पार्षदों और अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिया, जिसके बाद यह फैसला लिया गया कि शहर में नए मीटर लगाए जाएंगे। नए मीटर लगाने से इस समस्या हल होने की संभावना है। इसी पर आयुक्त ने कहा कि 27 फरवरी को ईईएसएल कंपनी का टेंडर खत्म होगा उसके बाद ही टेंडर लगने के बाद नई 700 स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी।

### बुक कैफे पर निगम बैठक में लेगा निर्णय

वार्ड पार्षदों ने कहा है कि शहर में जितने भी बुक कैफे हैं, इन्हें चलाने का काम नगर निगम को अपने स्तर पर करना चाहिए। इस पर निगम प्रशासन ने कहा इस पर निर्णय लेने की बजाय अगली बैठक में लाया जाए।

### बैठक में इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

निगम की बैठक में समरहिल में शौचालय बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। शहर के जंगलों को अवैध डंपिंग से बचाने के लिए चार डंपिंग साइट बनाने व छोटी सड़कों से जुड़ी 12 डंपिंग साइट को बनाने की मंजूरी दी गई। राम बाजार में स्मार्ट सिटी के तहत जितनी भी दुकानों को रिनोवेट किया गया है, उसमें नीचे की तरफ स्टोर बनाए गए हैं, इनका अब 10 हजार मासिक किराया फाइनल हो सकता है।

## आग लगाने से वन संपदा को हुआ नुकसान

**शिमला।** शिमला के तहत आने वाले क्षेत्र गांव शलोट में एक व्यक्ति के खेत में आग लगााने का मामला सामने आया है।

अज्ञात शख्स द्वारा एक व्यक्ति के खेत और जंगल में आग लगा देने से वन संपदा व व्यक्ति के खेतों को नुकसान हुआ है। इस संबंध में पीड़ित ने ढली पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस में दर्ज मामले में भूप राम निवासी गांव शलोट डाकघर कोटी तहसील जुन्गा ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इसकी जमीन और सरकारी जंगल में आग लगाई, जिससे चीड़ के पेड़ जलने से वन संपदा तथा इसका नुकसान हुआ है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### स्कूलों में हजारों पद खाली, प्रदेश सरकार गंभीर नहीं

## मांगें नहीं मानीं तो कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे एसएमसी शिक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसएमसी शिक्षक 27 तारीख से दिन-रात क्रमिक अनशन में बैठे हैं, आज अनशन का तीसरा दिन है और इसमें प्रदेश के अति दुर्गम क्षेत्र के अध्यापक बैठे हैं।

अध्यापकों ने चिंता जताई है कि प्रदेश के सैकड़ों स्कूल हमने संभाले हैं, हजारों पद खाली हैं उन विषयों को भी हम ही पढ़ा रहे हैं बावजूद इसके अभी तक सरकार गंभीर नहीं है। एसएमसी शिक्षक प्रदेश प्रवक्ता निर्मल ठाकुर ने कहा स्थिति ऐसी है कि यदि आगामी दिनों में कक्षाओं का बहिष्कार किया जाए, तो प्रदेश के सैकड़ों स्कूलों में वाटर कैरियर तथा एमडीएम कर्मी ही रह पाएंगे। सरकार की ओर से अब इतना अधिक शोषण नहीं किया जाना चाहिए, यदि सरकार जल्द नियमतीकरण पर फैसला नहीं लेती है, तो आगामी दिनों में कक्षाओं का बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिमेदारी प्रदेश सरकार की होगी।



तीसरे दिन क्रमिक अनशन पर बैठे एसएमसी शिक्षक।

## चूड़धार, चिड़गांव में बन रहे हेलिपेड के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी अपने कार्यालय कक्ष में जिला वन संरक्षण अधिनियम 1980 के मामलों के संदर्भ में बैठक ली।

वर्तमान राज्य सरकार लंबित पड़े विकासात्मक कार्यों को गति देने के लिए कटिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने पर्यटन को विकसित करने की दृष्टि से हेलिपेड चूड़धार, चूंजर, चिड़गांव पर विस्तृत चर्चा की और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त रोहड़ू उपमंडल में बस स्टैंड टिक्कर, रामपुर उपमंडल में बस स्टैंड तकलेच व ननखड़ी पर वन संरक्षण अधिनियम के तहत विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया तथा उनके संशय दूर किए गए। उपायुक्त ने ठोस कचरा प्रबंधन सयंत्र ठियोग व रोहड़ू वन संरक्षण अधिनियम के तहत लंबित मामलों पर अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और इन कार्यों को अमलीजामा पहनाने पर बल दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण को बल मिल सके। वन, लोक निर्माण, राजस्व व जल शक्ति विभागों के अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया, ताकि जिले में विकासात्मक कार्यों को गति मिल सके तथा अतिव्यापी की समस्या से निजात मिल सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से डंपिंग साइटों पर विस्तृत चर्चा की और पर्यावरण संरक्षण को महत्व देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



वन संरक्षण अधिनियम 1980 के संदर्भ में बैठक में मौजूद डीसी व अन्य।

## अनुज रमसेठ और महानंद कांग्रेस में हुए शामिल

**रोहड़ू।** नावर क्षेत्र की शरौथा पंचायत के उपप्रधान व भाजपा के संक्रिय कार्यकर्ता अनुज रमसेठ और मांदल पंचायत के महानंद भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। अनुज रमसेठ और महानंद ने प्रदेश सचिवालय में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की।

अनुज रमसेठ और महानंद ने कहा कि उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और उनके द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने फूलों की माला पहनाकर उपप्रधान अनुज रमसेठ और महानंद का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा भी उपस्थित रहे।

## नए दौर की सरकार में पहले ही साल जनता सड़कों पर : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोग 13 महीने की सुखविंद्र सुक्खू सरकार से परेशान होकर सड़कों पर उतर आएं हैं। कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है, जो एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के अंदर ही कर्मचारी सड़कों पर उतर आए।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात शिमला में भारतीय जनता पार्टी के विधायक एंव मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कही। चाहे वो शास्त्री अध्यापक हो, बिजली बोर्ड के कर्मचारी, एसएमसी अध्यापक व एचआरटीसी के कर्मचारी हो, हर तरफ आंदोलन हो रहे हैं। झूठ की नींव पर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई। कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों, युवाओं और किसानों से वादे किए, परंतु यह सरकार एक भी वादा पूरा करने में नाकामयाब रही। चुनाव के दिनों में वर्तमान सरकार ने कहा था कि पुलिस के जवान जो 24 घंटे सेवाएं देते हैं, उन्हें अतिरिक्त एक माह का वेतन दिया जाता था, उसको देने की बात कही और साथ में डाइट मनी देने की बात कही थी। 25 जनवरी को प्रदेश के कर्मचारी और पेंशनर्स इंतजार कर रहे थे कि 25 जनवरी को मुख्यमंत्री घोषणा करेंगे, लेकिन 25 व 26 जनवरी भी चला गया।



पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल।

## आपदा प्रबंधन पाठ्यक्रम को स्कूली शिक्षा में शामिल करना सराहनीय पहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

> आपदा के समय में राहत व बचाव कार्य करने में बच्चे पहले से रहेंगे तैयार : एबीवीपी

एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि स्कूली शिक्षा में आपदा प्रबंधन को पाठ्यक्रम में शामिल करना सरकार का सराहनीय कदम है।

प्रदेश के स्कूलों में आपदा प्रबंधन कोर्स का पाठ्यक्रम छात्रों को आपदा से निपटने के लिए प्रभावी तैयारी व प्रतिक्रिया के लिए पर्याप्त नहीं है। यह बच्चों को इसके लिए पर्याप्त ज्ञान व कौशल नहीं दे रहा है। इसे स्वयं राजस्व विभाग के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने माना है। आपदा प्रबंधन के पाठ्यक्रम में संशोधन कर इसे प्रभावी बनाना बहुत ही जरूरी है। राज्य के स्कूलों में पढ़ाए जा रहे आपदा प्रबंधन कोर्स के पाठ्यक्रम को अपडेट करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पाठ्यक्रम को प्रभावी बनाया जाएगा। बच्चे आपदा से निपटने के लिए स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सरकार के इस कदम से राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण उपायों को बढ़ाया जा सकता है और जल्द इसका कार्यान्वयन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सरकार के इस निर्णय से स्कूली स्तर छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी ।

## चढ़ी से निहाडी के लिए सड़क पास

### बस का ट्रायल सफल, जल्द होगी बस सेवा शुरू, सैकडों लोगों को मिलेगी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के साथ लगते पंचायत चढ़ी से निहाडी जल्द बस सेवा शुरू होगी। सोमवार को चेड़ी से निहाडी तक पूजा-अर्चना कर सड़क पास की गई।

परिवहन निगम के अधिकारी लोकनिर्माण विभाग और तहसीलदार की मौजूदगी में परिवहन निगम की 42 सिटिड बस के साथ ट्रायल किया गया, जो कि सफल रहा। अब जल्द ही इस सड़क पर बस सेवा नियमित रूप से चलेगी। बस सेवा शुरू होने से खास कर निहाडी गांव के लोगों को काफी फायदा होगा। बस न होने से निहाडी गांव के लोगों को तीन किलोमीटर तक पैदल सफर करना पड़ता था और इस गांव में खास कर किसानों को अपनी सब्जियों को ले जाने में काफी मुश्किल होती थी। चेड़ी पंचायत के प्रधान बीड़ी शर्मा ने कहा कि निहाडी गांव में सड़क सुविधा से महरूम था और प्रदेश में सरकार बनते ही स्थानीय विधायक और पंचायतीराज मंत्री ने चेड़ी से निहाडी के लिए तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया और ये सड़क बनकर तैयार हो गई आज विभाग के अधिकारियों ने इस सड़क को पास कर दिया और अब जल्द ही पंचायतीराज मंत्री से समय लेकर इसका उद्घाटन करवा कर इस सड़क पर नियमित बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।



चढ़ी से निहाडी के लिए सड़क पास होने पर बस के साथ खड़े लोग।

### परेशानी ऑपरेशन करने के लिए मशीन का प्रावधान नहीं, मरीजों को बाहरी राज्यों में उपचार के लिए भारी पैसे करने पड़ रहे खर्च

## किडनी में पथरी वाले मरीज आईजीएमसी से पीजीआई हो रहे रेफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी के यूरोलॉजी विभाग से किडनी में पथरी के मरीजों को पीजीआई रेफर किया जा रहा है।

ऐसे में अब मरीजों की दिक्कतें बढ़ चुकी हैं। सवाल तो यह है कि आईजीएमसी हिमाचल का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां पर सरकार ऑपरेशन के लिए मशीनों का प्रावधान तक नहीं कर पाया है।

ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए अभी भी दूसरे राज्य का रुख करना पड़ रहा है। किडनी में पथरी का ऑपरेशन करवाने के लिए मरीजों को बाहरी राज्य में जाकर पैसे भी अधिक खर्च करने पड़ते हैं। वहीं, अब स्थिति ऐसी बन चुकी है कि किडनी में पथरी के ऑपरेशन छोड़कर अन्य नार्मल पथरी के ऑपरेशन के लिए भी लंबी डेट दी जा रही है। यहां पर मरीजों को बिना लेजर वाले पथरी के ऑपरेशन के लिए तीन से अधिक महीने की डेट दी जा रही है। एक तरफ पथरी के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर ऑपरेशन करवाने मुश्किल हो गए हैं। डॉक्टर भी मरीजों को ऑपरेशन की वजाए दवाइयां ही लिख रहे हैं। ओपीडी की हालत को देखकर मरीजों के होश उड़ जाते हैं। मेडिसिन सहित अन्य ओपीडी में बुजुर्ग व गंभीर मरीजों के लिए इलाज करवाने की अलग से कोई सुविधा नहीं है। उसके बाद जब वे ओपीडी में डॉक्टर के पास अपना इलाज करवाने जाते हैं, तो उनका पूरा दिन ओपीडी में कट जाता है।



शिमला के आईजीएमसी में ओपीडी करवाने के लिए लाइनों में खड़े लोग।

### खान-पान ठीक न होने से बढ़ रहे पथरी के मरीज

डॉक्टरों की मानें तो खान-पान ठीक न होने की वजह से पथरी के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों लोग घर की वजाए बाहर की चिजों का ज्यादा सेवन कर रहे हैं। ऐसे में इससे बीमारियों को लोग खुला न्योता दे रहे हैं। जंग फूड भी लोगों को कम करने की आवश्यकता है। तभी इस बीमारी से छुटकारा मिल सकता है।

### नेफरोलॉजी के डॉक्टरों की कमी

यूरोलॉजी विभाग की हालत इतनी गंभीर हो गई है कि किडनी ट्रांसप्लांट वाले मरीजों को भी पीजीआई रेफर किया जा रहा है। प्रशासन कभी डॉक्टरों की कमी के लिए रोता है, तो कभी सामान की कमी हो जाती है। सच्चाई तो यह भी है कि यूरोलॉजी में डॉक्टर की कमी है और उनसे जब पथरी के ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं, तो किडनी ट्रांसप्लांट कैसे हो सकते हैं। यहां पर नेफरोलॉजी के डॉक्टरों की कमी है।

## नबॉर्ड के स्टेट क्रेडिट सेमिनार में सीएम सुक्खू करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

> 31 को होटल होलिडे होम में आयोजित होगा सेमिनार

महाप्रबंधक नबॉर्ड मनोहर लाल ने कहा कि कल होटल होलिडे होम शिमला में प्रातः 10.30 बजे नबॉर्ड का स्टेट क्रेडिट सेमिनार 2024-25 आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

नबॉर्ड हर साल राज्य के प्रत्येक जिले के लिए संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) तैयार करता है। पीएलपी जिले में उपलब्ध बुनियादी ढांचे, बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिकेज, नीतिगत पहलों आदि के आधार पर कृषि और संबद्ध क्षेत्र, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए संभावित रूप से वितरित किए जाने वाले ऋण का आकलन प्रस्तुत करता है। पीएलपी को समेकित कर स्टेट फोकस पेपर तैयार किया जाता है, जिसे स्टेट क्रेडिट सेमिनार में प्रस्तुत किया जाता है, बुनियादी ढांचे की कमियों और अन्य संबंधित मुद्दों को सभी शेयरधारकों के साथ साझा किया जाता है। स्टेट क्रेडिट सेमिनार के दौरान राज्य में किसानों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे कि कृषि में पूंजी निर्माण, लघु सीमांत की ओर से एकत्रीकरण और विपणन महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना की कमी, पैक्स का बहुद्देशीय सेवा केंद्र में रूपांतरण, स्वयं सहायता समूहों आदि पर चर्चा की जाती है।

# रोगियों को नहीं सताएगी दवाइयों की कमी

## सोलन अस्पताल के प्रशासन ने 50 लाख रुपए की दवाइयों का ऑर्डर भेजा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

तीन जिलों के केंद्र बिंदु क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोगियों को दवाइयों की कमी नहीं सताएगी। अस्पताल प्रशासन ने रोगियों के लिए 50 लाख की दवाइयां मंगवा दी हैं। अस्पताल प्रशासन ने विभिन्न रोगों के उपचार में उपयोग होने वाली दवाइयां मंगाई हैं। ये सब दवाइयां अस्पताल की डिस्पेंसरी में रोगियों को मुफ्त में दी जाएंगी।

जानकारी के अनुसार सोलन अस्पताल में पिछले दिनों मुफ्त मिलने वाली दवाइयों का स्टॉक खत्म होने वाला था। इससे पूर्व आपातकालीन स्टॉक भी खत्म हो जाता, अस्पताल प्रशासन ने ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम यानी डीवीडीएमएस पोर्टल पर 50 लाख रुपए की दवाइयों का ऑर्डर कर दिया।

गौर हो कि डीवीडीएम पोर्टल अस्पतालों में दवाओं की खरीददारी के लिए बनाया गया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस पोर्टल पर ऑर्डर करने के 45 दिनों बाद ही सप्लाई आती है। इसलिए



सोलन अस्पताल का दृश्य। (फाइल फोटो)

आपातकालीन स्टॉक खत्म होने से पूर्व ही पोर्टल पर ऑर्डर करना पड़ता है, तभी समय से दवा पहुंच पाती है। अस्पताल प्रबंधन ने रोगियों को मुफ्त में मिलने वाली दवाओं की एक सूची तैयार की। इसके बाद अस्पताल के चिकित्सकों की राय ली गई कि कौन से दवा की मांग है।

चिकित्सकों द्वारा दवाओं की सूची फाइनल करने के बाद ही डीवीडीएमएस पोर्टल पर ऑर्डर डाला गया। अब मंगवाई गई दवाइयां अस्पताल पहुंचने लगी हैं। सरकारी अस्पतालों में प्रदेश सरकार की

> अस्पताल में आपातकालीन स्टॉक खत्म होने से पूर्व ही डीवीडीएमएस पोर्टल पर 50 लाख की दवाइयों का ऑर्डर डाला गया था। अब दवाइयों की सप्लाई आने लग गई है। चिकित्सकों को भी अस्पताल में उपलब्ध मुफ्त दवाइयां लिखने के निर्देश जारी किए गए है।
>
> -डॉ. एसएल वर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक।

योजना के अनुसार 330 प्रकार की दवाइयां मुफ्त में रोगियों को प्रदान की जाती है।

रोगियों को बाजार से महंगे दामों पर दवाइयां न खरीदनी पड़ें, इसके लिए सरकार द्वारा अस्पताल में मुफ्त दवाइयों की सुविधा प्रदान की जाती है। कई रोगी भी बाजार से महंगे दामों पर दवाइयां खरीदने में असमर्थ होते हैं, ऐसे में उन्हें असुविधा न हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने समय रहते ही दवाइयां मंगवा दी हैं। अस्पताल में जब दवा की नई सप्लाई आती है तो इसमें से 25 प्रतिशत दवा को आपातकालीन स्टॉक में डाल दिया जाता है। वहीं, 75 प्रतिशत स्टॉक को ही प्रयोग किया जाता है। जब 75 प्रतिशत स्टॉक खत्म होने वाला होता है तो डीवीडीएमएस पोर्टल पर दवाओं को ऑर्डर डाल दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### सोलन अस्पताल में रोजाना उपचार को पहुंचते हैं सैकड़ों रोगी

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज उपचार कराने के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल प्रबंधन की मानें तो रोजाना करीब 12 से 15 सौ के आसपास यहां ओपीडी होती है। जिला सोलन, सिरमौर और जिला शिमला के कुछ क्षेत्रों से मरीज यहां उपचार को आते हैं, ऐसे में उन्हें मुफ्त दवाइयों की सुविधा देने के लिए हर माह यहां लाखों रुपए की दवा की जरूरत होती है। अस्पताल प्रबंधन ने भी चिकित्सकों को कड़े निर्देश दिए हुए है कि मरीजों को बाजार से महंगे दामों वाली दवा न लिखें। अस्पताल में उपलब्ध मुफ्त दवाइयां लिखने को कहा जाता है।

# राजगढ़ में भयंकर ठंड से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो तीन दिनों से भयंकर ठंड पड़ रही है। इस कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। यहां दिन का अधिकतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रात्रि का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा रहा है। सूखी ठंड पड़ने के कारण कई लोग सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार की चपेट में हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में दिक्कतें और बढ़ सकती हैं।

रात के समय तापमान शून्य होने के कारण पाला जमने से सुबह और शाम के समय ठिठुरन खुश जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। पाला जमने से अब फसलों को काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पहले ही क्षेत्र में पिछले लगभग तीन महीनों से भयंकर सूखा पड़ रहा है और किसान एवं बागवान परेशान हैं और अब पाला जमने के कारण बागवानों एवं किसानों की चिंता पहले से बढ़ गई है। गेहूं ,लहसुन आलू, मटर, सरसों सहित अन्य फसलों पर इसका काफी प्रभाव पड़ रहा है।

पाले के कारण फसलों के पत्ते भी अब गिरने शुरू होंगे, जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा।

### कोहरे से फसलों को हो रहा नुकसान


राजगढ़ क्षेत्र में ठंड के कारण खेतों में जमा कोहरा।

वहीं, अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में तो सुबह के समय पानी की पाइपें भी जाम हो जाती हैं। मौसम विशेषज्ञ की मानें तो जब तक बारिश नहीं होती, शुष्क ठंड व पाले से अभी निजात नहीं मिल सकती।

# सिरमौर जिले में 30 से आयोजित होंगी राजस्व लोक अदालतें

**पावंटा साहिब।** प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 30 और 31 जनवरी को समूचे प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी कड़ी में सिरमौर की सभी तहसील व उपतहसील स्तर पर इन तिथियों में सभी प्रकार के तकसीम व इंतकालों के लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी।


एलआर वर्मा।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने आज सोमवार को नाहन में यह जानकारी प्रदान की है। वर्मा ने बताया कि 30 और 31 जनवरी को सभी इच्छुक लोग अपने तकसीम व इंतकाल से लंबित मामलों के निपटारे हेतु संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं ग्रामीण राजस्व अधिकारी (पटवारी) से संपर्क कर अपने लंबित राजस्व मामलों का निपटारा करना सुनिश्चित करें और इस अवसर का ज्यादा से ज यादा लाभ उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### मेंहदोबाग स्कूल में मेधावी किए सम्मानित

**राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेंहदोबाग ने अपना वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया। इसमें मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं सरस्वती वंदना से हुआ। बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में रूपेंद्र सिंह अतिरिक्त महाधिवक्ता हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी समारोह में शामिल हुए। एसएससी प्रधान प्रकाश चंद और स्कूल के प्रधानाचार्य एमएम गुप्ता ने मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं मेहमानों का स्वागत किया।

### रेडक्रॉस सोसायटी में अंशदान देने पर सम्मान


सोलन में रेडक्रॉस सोसायटी को 5000 अमेरिकी डॉलर रेडक्रॉस की सदस्य रेणु कोरियन्स को सम्मानित करते एडीसी अजय यादव।

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने रेडक्रॉस सोसायटी में अंशदान देने के लिए तारा चड्ढा को उपायुक्त कार्यालय सोलन में सम्मानित किया। अजय यादव ने कहा कि तारा चड्ढा को रेडक्रॉस सोसायटी को 5000 अमेरिकी डॉलर लगभग चार लाख रुपए रेडक्रॉस की सदस्य रेणु कोरियन्स के माध्यम से दान करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व तारा चड्ढा वर्ष 2021-22 में भी सोसायटी को 3.72 लाख रुपए का अंशदान दिया था। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि यह राशि उन्होंने जरूरतमंद बच्चों व महिलाओं के इलाज के लिए दान किए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत में वे रेडक्रॉस सोसाइटी को एक एंबुलेंस भी दान करेंगी। अजय यादव ने मानवता के कल्याण में योगदान के लिए तारा चड्ढा की सराहना की। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी सोलन कविता ठाकुर, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य कुल राकेश पंत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### उत्तर भारत वीर शिवाजी क्रिकेट प्रतियोगिता स्थगित

**पांवटा साहिब।** वीर शिवाजी सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष मधुकर डोगरी ने बताया कि इसी हफ्ते में मौसम बिगड़ने का अनुमान है। इसके चलते प्रस्तावित क्रिकेट प्रतियोगिता में व्यवधान पैदा हो सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए फिलहाल प्रतियोगिता स्थगित करने का फैसला लिया गया है। डोगरी ने बताया कि एक फरवरी को इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाना था। इसमें उत्तर भारत की बड़ी संख्या में टीम में भाग ले रही थी, आगामी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सौंपा ज्ञापन

**नाहन।** समाजसेवी एवं 'आप' नेता नाथूराम चौहान ने प्रेस क्लब भवन नाहन में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई। नाथूराम चौहान ने कहा कि दिन-प्रतिदिन कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अधीक्षक सिरमौर और थाना प्रभारी माजरा को सस्पेंड करने की भी मांग की थी परंतु कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इसी कड़ी में आज फिर हिमालय बचाओ देश बचाओ सिविल सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल उनकी अध्यक्षता में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से इन दोनों अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग उठाई है, जिस पर राज्यपाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

टेडी बियर वाले हेलमेट इस्तेमाल न करें लोगः आरटीओ सोना चौहान

### चालकों-परिचालकों की जांचीं आंखें



पांवटा साहिब में खुराना ऑप्टिकल्स ने जांचीं चालकों-परिचालकों की आंखें।

**पांवटा साहिब।** परिवहन विभाग की ओर से पांवटा साहिब में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में आरटीओ सिरमौर सोना चौहान स्वयं मौजूद रहीं। इस दौरान एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल, आईटीआई के विद्यार्थियों सहित रोड सेफ्टी और ट्रैफिक पुलिस शामिल हुई। आरटीओ सोना चौहान ने बताया कि समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, वाहन को धीमा चलाएं लेकिन इसके बावजूद भी लोग लापरवाही बरत रहे हैं। इससे सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने लोगों से गुजारिश करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। खुराना ऑप्टिकल्स की ओर से चालक परिचालकों की आंखों की मुफ्त जांच की गई। खुराना ऑप्टिकल्स की ओर से महेश खुराना ने बताया कि परिवहन विभाग के आग्रह पर इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने लगभग 100 लोगों की आंखों की जांच की गई।

### पांवटा की फैक्टरी में युवक की मौत

**पांवटा साहिब।** नारीवाला उद्योग में लेबर का काम करने वाले 21 वर्ष के सोनू की फैक्टरी में मौत हो गई। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञात हो कि इस फैक्टी में ऐसा मामला पहले भी सामने आ चुका है। ऐसे में उद्योग के सुरक्षा प्रबंधों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। देखना यह होगा कि पुलिस जांच में क्या खुलासा होता है। फिलहाल पुरुवाला प्रभारी राजपाल से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है] उसके बाद ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बद्दी पुलिस की छवि में सुधारने को दिए नई कप्तान ने निर्देश

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस की नई कप्तान के तौर पर आईपीएस ईल्मा अफरोज ने बतौर पुलिस अधीक्षक कार्यभार संभाला। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ईल्मा अफरोज ने पुलिस अधिकारियों, समस्त थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों के साथ औपाचारिक बैठक ली और पुलिस जिला बद्दी के भौगोलिक व अपराधिक वातावरण के साथ-साथ अन्य प्रकार की परिस्थितियों के बारे में विचार-विमर्श किया। उन्होंने बद्दी पुलिस की छवि में सुधार हेतू जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला बद्दी को अपराध मुक्त बनाने के लिए प्रयास करने हेतू आग्रह किया और काम के साथ-साथ अपने स्वास्थय के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी।



# 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को सुनने अर्की स्कूल पहुंचे राज्यपाल


स्वर्गीय कैप्टन विजयंत थापर राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचे राज्यपाल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज सोलन जिले के अर्की उपमंडल के तहत स्वर्गीय कैप्टन विजयंत थापर राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। राज्यपाल ने यहां विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से सुना।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए दिए गए मार्गदर्शन को सदैव स्मरण रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह मार्गदर्शन उन्हें विपरीत परिस्थितियों में चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देगा।

सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा जगदीश नेगी, स्वर्गीय कैप्टन विजयंत थापर राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य बिमला वर्मा, शिक्षक तथा छात्र एवं छात्राएं इस अवसर पर उपस्थित थे।

# आईपीएस अदिति ने संभाला डीएसपी पांवटा का पदभार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

आईपीएस अधिकारी अदिति सिंह ने पांवटा साहिब में डीएसपी का पदभार संभाल लिया है। अदिति सिंह यूपी मेरठ से हैं और उनकी उम्र महज 28 वर्ष है। वह 2021 बैच की अधिकारी हैं।



अदिति सिंह ने बताया कि पांवटा साहिब में उन्होंने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में अवैध खनन और नशे को रोकना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उनके पास शिलाई तक का क्षेत्र हैं, फिर भी वे अपराध और नशे को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# मल्टी टास्क वर्कर यूनियन ने की समय पर तनख्वाह देने की मांग


मल्टी टास्क वर्कर यूनियन की मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

मल्टी टास्क वर्कर की यूनियन की मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष अखिल शर्मा की अध्यक्षता में विश्रामगृह ददाहू में हुई। इसमें मल्टी टास्क वर्करों के लिए पॉलिसी बनाने और समय पर तनख्वाह देने के बारे में चर्चा की गई।

अखिल शर्मा ने कहा कि यूनियन को सीएम ने आश्वासन दिया कि फरवरी 2024 के बजट में उनकी पॉलिसी और तनख्वाह के बारे विचार किया जाएगा। सभी कर्मचारी कहते हैं कि कांग्रेस सुख की सरकार है, अब देखना यह है कि यह सच में ही सुख की सरकार है या नहीं।

हम जल्द पूरी यूनियन एक बार फिर शिमला में लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य तथा सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से फरवरी में अपनी मांग तथा अपनी दयनीय स्थिति बताने के लिए जाएंगे।

# नगर निगम सख्त : सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग न देने पर होगा चालान

**पूजा वर्मा, सोलन**

नगर निगम सोलन अब सूखे व गीले कूड़े को लेकर सख्त हो गया है और एक फरवरी से इसको लेकर जुर्माने का ऐलान भी कर दिया है। ऐसे ना करने वालों पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा। जानकारी के अनुसार सोलन नगर निगम इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में कुछ पिछड़ी है। इसका सबसे बड़ा कारण लिगसी वेस्ट भी आ रहा है, ऐसे में नगर निगम अब अगली बार सर्वे में अव्वल नंबर लाने के लिए अभी से तैयार हो गई है।

नगर निगम ने सोलन शहर के लोगों को स्पष्ट फरमान जारी कर दिया है कि अब एक फरवरी के बाद लोगों को सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग देना होगा। इसके लिए दिनों के हिसाब से पूरे हफ्ते को बांट दिया गया है। हालांकि इस प्रकार का फरमान करीब दो साल पहले भी नगर निगम जारी कर चुकी है, लेकिन पहले नगर निगम इस मामले को लेकर कुछ ही दिनों तक सख्त रही है परंतु अब स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ने के बाद नगर निगम ने इस मामले को लेकर सख्ती अपने का निर्णय लिया है।

एक फरवरी के बाद यदि अब लोग जिला व सुख कूड़ा अलग-अलग नहीं देंगे तो उन पर जुर्माना किया जा सकता है और इसको लेकर नगर निगम सोलन ने प्रचार आरंभ कर दिया है। इससे पहले नगर निगम ने खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ शक्ति अपनाते हुए 1000 रुपए जुर्माने का प्रावधान किया था और चालान भी किए थे जिसके बाद काफी हद तक यह समस्या सुलझ पाई है।

# पंथ-प्रसिद्ध कीर्तनी जत्थों ने किया शबद कीर्तन

## गुरुद्वारा बड़ू साहिब में पदमश्री संत बाबा इकबाल सिंह की स्मृति में किया गुरमत समागम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

20वीं सदी के महान तपस्वी, राजयोगी, पूर्ण ब्रह्म ज्ञानी, विद्यादानी संत बाबा अतर सिंह मस्तुआना साहिब और गुरुमुख प्यारे संत तेजा सिंह के सेवक, कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब के पूर्व अध्यक्ष, शिरोमणि पंथ रत्न, पदम श्री सचखंड निवासी संत बाबा इकबाल सिंह की पुण्य स्मृति को समर्पित दूसरा वार्षिक तीन-दिवसीय महान गुरमति समागम आज तपो-भूमि गुरुद्वारा बड़ू साहिब में संपन्न हो गया।

इस महान गुरमति समागम में पंथ-प्रसिद्ध कीर्तनी जत्थों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 29 जनवरी को भाई भूपिंद्र सिंह (हजूरी रागी दरबार साहिब अमृतसर), डॉ. बाबा अनहदराज सिंह (गुरुद्वारा नानकसर साहिब, नानकसर संप्रदाय, समराला चौक



गुरुद्वारा बड़ू साहिब में आयोजित गुरमत समागम में मौजूद गणमान्य।

लुधियाना), संत बाबा धर्मवीर सिंह (घरांगने वाले), भाई साहिब भाई गुरप्रीत सिंह चंडीगढ़ वाले, अनाहद बाणी तंती साज जत्था (गुरुद्वारा बड़ू साहिब) और अकाल अकादमी बड़ू साहिब के विद्यार्थियों ने शबद-कीर्तन और पंथ-प्रसिद्ध हस्तियों ने संगत के साथ अपने विचार साझा किए। सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह (जत्थेदार तख्त केशगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब) ने कहा कि संत बाबा इकबाल सिंह जी की अवधारणा बच्चों को गुरसिखी से जोड़ने की थी, जहां उन्हें सांसारिक शिक्षा के साथ-साथ गुरमत का वाहक बनना है।

दुनिया में गुरु साहिबों द्वारा दी गई शिक्षाओं को ग्रहण करें और इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करें। पंजाब को आज और आने वाले समय में गुरसिख अधिकारियों की बहुत जरूरत है। ऐसा लगता है कि कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब वाले महापुरुष इसमें बहुत योगदान दे रहे हैं। इसी प्रकार सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह (जत्थेदार तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो) ने कहा कि ज्ञान मनुष्य की बहुत बड़ी आवश्यकता है, ज्ञान जीवन के लिए बहुत उपयोगी है, संत बाबा इकबाल सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में महान कार्य किए हैं और बहुमूल्य सेवाएं प्रदान की हैं।

कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब के अध्यक्ष डॉ. दविंद्र सिंह और उपाध्यक्ष भाई जगजीत सिंह ने संगत के साथ गुरमत बचन साझा किया और समागम में आए सिंह साहिबों और कीर्तनियों, कथावाचकों और दुनिया भर से संगत को उनकी उपस्थिति के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

**कार्यक्रम** मुख्य संसदीय सचिव ने दो करोड़ रुपए के शिलान्यास एवं लोकार्पण किए

# आधुनिक तकनीक का उचित उपयोग आवश्यक : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क) संजय अवस्थी ने कहा कि छात्रों को आधुनिक तकनीक का सकारात्मक सदुपयोग सीखाना आवश्यक है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांगू में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व 1.89 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगू के भवन का शिलान्यास किया तथा छह लाख रुपए से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र मांगू का लोकार्पण भी किया।

मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि वर्तमान के डिजिटल युग में छात्रों को तकनीक का सदुपयोग सीखाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान


मेधावी छात्रा को सम्मानित करते सीपीएस संजय अवस्थी।

समय में अधिकांश छात्र अपना अधिक समय सोशल मीडिया पर बीता रहे हैं। इस दिशा में अभिभावकों को छात्रों को नियंत्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि आज के स्पर्धात्मक युग में अंग्रेजी विषय का ज्ञान महत्वपूर्ण है।

इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र से सभी सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी मीडियम से शिक्षा आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जहां शिक्षा के स्तर को बढ़ाएगा, वहीं छात्रों में आत्मविश्वास भी भरेगा।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विभिन्न जन कल्याणात्मक निर्णय लिए है। उन्होंने कहा कि खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 25.84 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है।

उन्होंने वार्ड नंबर एक व दो में इंटरलॉक टाइलें लगवाने के लिए एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम पंचायत मांगू में सोलर लाइट लगाने के लिए प्रारूप के अनुसार तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने निचला त्यांबला से उपरला त्यांबला के लिए एंबुलेंस मार्ग निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्य संसदीय सचिव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 2100 रुपए तथा आयोजन समिति को 21 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने 'एक बूटा बेटी के नाम' योजना के तहत अमरूद का पौधा भी रोपित किया।

संजय अवस्थी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगू के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उन्होंने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगू की प्रधानाचार्य सत्यावती ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# कलाकारों ने की किन्नौरी लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत


किन्नौर कल्याण समिति सोलन के तोशिम कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

किन्नौर कल्याण समिति सोलन का तोशिम कार्यक्रम राजगढ़ रोड स्थित सेंटा रोजा में मनाया गया। कार्यक्रम में धार्मिक गुरु राम सिंह नेगी गौतम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए, जबकि डॉ. रामेश्वर सिंह नेगी गेस्ट ऑफ ऑनर और नौणी यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत सहायक लाइब्रेरियन यशोदा नेगी विशेष अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल रहे।

इस मौके पर कलाकारों ने किन्नौरी लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को नाचने-गाने पर मजबूर किया। स्थानीय कॉलेज के छात्रों ने भी किन्नौरी व पहाड़ी नाटी पर डांस कर खूब वाहवाही लूटी।

मुख्यातिथि ने कहा कि किन्नौर की समृद्ध संस्कृति को देश विदेश में पहचान मिली है। कार्यक्रम में समिति के प्रधान विवेकानंद नेगी नेगी, वरिष्ठ उप प्रधान राजेन्द्र नेगी, महासचिव राजतिलक नेगी, सह सचिव कुशाल नेगी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र नेगी ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में प्रधान विवेकानंद नेगी ने कल्याण समिति की गतिविधियों की जानकारी दी।

# बिहार के बदलाव से पहाड़ में भी चहकी बीजेपी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भले ही बिहार में हुए सियासी बदलाव से भाजपा गदगद है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के सियासी परिदृष्य में बदलाव की भाजपा नेताओं की उम्मीद, बेगानी शादी में अब्दुल्ला दिवाना जैसी ही लगती है। समीकरणों पर गौर करें तो बीजेपी के लिए अपने पक्ष में विधायकों का संख्याबल जुटाना संभव नहीं लगता।




हालांकि प्रदेश के सबसे बड़ जिला के भाजपा जिलाध्यक्ष के अनुसार भाजपा की नजर लोकसभा चुनावों पर है तथा ये सरकार खुद अपने ही भार से गिरेगी। बताते चलें कि आंकड़ों में पिछड़े होने के बावजूद देश के बड़े राज्यों में शुमार बिहार में भाजपा की सरकार बनने के बाद हिमाचल प्रदेश के बीजेपी नेता भी चहके हुए हैं।

ऐसे में बिहार में सत्ता परिवर्तन से प्रदेश में गाहे-बगाहे सत्ता परिवर्तन के बयान देने वाली बीजेपी की ब्रिगेड की ऑपरेशन लोट्स की उम्मीदों को हवा मिल रही है। भाजपा के नेता प्रदेश में भी कांग्रेस के रूष्ठ खेमे के दम पर किसी बदलाव को लेकर आशावान हो गए हैं। कुल 68 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के 40, भाजपा के 25 तो तीन विधायक आजाद हैं। बीजेपी को यहां किसी से उम्मीद है तो वो कांग्रेस से नाराज चल रहे विधायकों से हैं। इनमें सुजानपुर के विधायक राजिंद्र राणा तथा धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा अहम हैं। इनके साथ होने वाले विधायकों की बात करें तो ये संख्यां कुल मिलाकर पांच से सात हो सकती है। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक सुधीर शर्मा तथा चैतन्य शर्मा पहुंचे हुए थे तो वहीं हमीरपुर के आजाद विधायक आशीष शर्मा के एक पारिवारिक समारोह में सुधीर शर्मा तथा राजिंद्र राणा के साथ देहरा के आजाद विधायक होशियार सिंह की मौजूदगी के भी राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। कहते हैं कि राजनीती में कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता है। प्रदेश के पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल को हराने वाले कांग्रेस के राजिंद्र राणा पहले ही राजनीती में संभावनाओं की बात को कहते आए हैं तो पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा प्रदेश सरकार को अपने तेवर दिखाते आए हैं। वहीं, अलग-अलग मुद्दों पर कई बार कुछ कांग्रेसी विधायक अलग-थलग दिखते हैं। (अनंत ज्ञान)

## मजबूत सीएम सुक्खू के आगे बीजेपी बेबस

**वहीं,** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू अब तक एक बढ़िया मुख्यमंत्री की छवि गढ़ने में सफल साबित हुए हैं। कांग्रेस की अंदरूनी कलह तथा विपक्ष के हमलों के बावजूद सुक्खू निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले सीएम साबित हो रहे है तो ऐसे में भाजपा की बेचैनी भी बेमायना नहीं लगती। जाहिर है भाजपा के लोग ऑपरेशन लॉट्स जैसी बातों को हवा देकर अपने दिल का अक्सर तसल्ली दे लेते हैं। हालांकि भाजपा भी जानती है कि प्रदेश की सियासत में किसी बदलाव का इंतजार करना उम्मीद पालने जैसा होगा।

## गारंटियों के बोझ से गिरेगी कांग्रेस सरकार

**इस** बारे में जब भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा से बता की गई तो उन्होंने कहा कि ऑपरेशन लॉट्स जैसी कोई मंशा भाजपा की नहीं है तथा पार्टी का फोकस आगामी लोकसभा चुनावों पर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए किसी ऑपरेशन की जरूरत नहीं है तथा ये सरकार खुद अपनी गारंटियों के भार से ही गिर जाएगी।

### नगर निगम के संपर्क मार्गों में लगी टाइलों पर गड़बड़ी का अंदेशा, महापौर थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन करवाने की तैयारी में

# टाइलें उखड़ी, ठेकेदार-कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

धर्मशाला नगर निगम के तहत संपर्क मार्गों में लगी टाइलों में बरती गई कोताही पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों पर गाज गिरने की तैयारी है।

निगम के तहत संपर्क मार्गों में लगी टाइलों के कम ही समय में उखड़ जाने से महापौर सख्त खफा हैं। नगर निगम की महापौर को संपर्क मार्गों में लगाई गई पेवर ब्लॉक्स को लगाने में गड़बड़ी अथवा अनियमितताओं का अंदेशा है। इसी के चलते धर्मशाला नगर निगम की महापौर नीनू शर्मा उक्त विकास कार्यों में थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन करवाने की तैयारी में हैं। एक विशेष भेंट वार्ता में नगर निगम की महापौर नीनू शर्मा ने इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि निगम के प्रत्येक वार्ड से उक्त टाइलों के उखड़ने की शिकायतें आ रही हैं। वहीं, मौके पर पाया गया कि कई जगह टाइलें उखड़ गई हैं, कई जगह गाड़ी गुजरने पर टाइलों से आवाज आ रही है। ऐसी स्थिति में गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने का अंदेशा होता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पदाधिकारी एवं अधिकारी जनता के जबावदेह हैं, ऐसे में उक्त मामले में जांच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संपर्क मार्गों में कई जगह कंक्रीट बिछाया गया है, जहां कंक्रीट बिछा वहां कोई समस्या नहीं है लेकिन जहां उक्त टाइलों को बिछाया गया है वहां लोगों की शिकायते हैं। बिना ठोस सर्वे के बिछाई गई टाइलों पर थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन करवाई जाएगी और यदि इस इंस्पेक्शन में किसी अधिकारी, कर्मचारी या ठेकेदार की मिलीभगत अथवा घटिया मैटीरियल लगाने का मामला सामने आया तो नियमानुसार ठोस कार्रवाई की जाएगी।

नीनू शर्मा ने कहा कि उक्त मामले में थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन जल्द ही करवाई जाएगी और यदि ठेकेदार की कोताही सामने आई तो रिकवरी के साथ-साथ उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि धर्मशाला नगर निगम के तहत प्रत्येक वार्ड के संपर्क मार्गों को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत टाइलें बिछा कर पक्का किया है, लेकिन प्रत्येक वार्ड से टाईलों के उखड़ने की लगातार शिकायतें नगम के कार्यालय पहुंच रही हैं। इसी के चलते निगम की नवनियुक्त महापौर नीनू शर्मा उक्त थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन करने पर विवश हुई हैं। वहीं, धर्मशाला नगर निगम के तहत संपर्क मार्गों में लगी टाइलों में बरती गई कोताही पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों पर गाज गिरने की तैयारी है। (अनंत ज्ञान)



## महापौर नीनू शर्मा बोली-लगातार पहुंच रही टाइलें उखड़ने की शिकायतें

**नीनू** शर्मा ने कहा कि उक्त मामले में थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन जल्द ही करवाई जाएगी और यदि ठेकेदार की कोताही सामने आई तो रिकवरी के साथ-साथ उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि धर्मशाला नगर निगम के तहत प्रत्येक वार्ड के संपर्क मार्गों को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत टाइलें बिछा कर पक्का किया है, लेकिन प्रत्येक वार्ड से टाइलों के उखड़ने की लगातार शिकायतें नगम के कार्यालय पहुंच रही हैं।

# साइबर ठगी के दो मामलों में 15,41821 की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

साइबर पुलिस थाना धर्मशाला के तहत साइबर ठगी के तहत करीब 15, 41821 रुपए की ठगी के दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में जिला कांगड़ा में साइबर ठगी के तहत एक व्यक्ति से 5,73405 रुपए की ठगी हुई है। ठगी के शिकार प्रभात सिंह निवासी जिला चंबा ने साईबर थाना धर्मशाला में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह ऑनलाइन ईफको की फ्रेंचाइजी लेने के लिए सर्च कर रहा था, इस दौरान उसे एक वेबसाइट मिली। वेबसाइट के कस्टमर केयर से संपर्क करने पर उसे फ्रेंचाइजी देने की सारी जानकारी दी गई।

कस्टमर केयर की ओर से पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन व फ्रेंचाइजी देने आदि के नाम पर तीन बार पैसे लिए गए। जिसमें उन्होंने 5,73405 रुपए अदा किए, लेकिन उसके बाद कस्टमर केयर की ओर से संपर्क होना बंद हो गया। धर्मशाला साइबर थाना ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। साइबर ठगी के दूसरे मामले में फर्जी एसएमएस भेज कर व्यक्ति से करीब 9,68416 रुपए ठगे गए हैं। जवाली जिला कांगड़ा निवासी हरी चंद ने साइबर थाना धर्मशाला में शिकायत की है कि एक अनजान व्यक्ति का उसे फोन आया और उसका पुराना दोस्त होने का दावा किया। उसने फोन पर आग्रह किया कि वह उसे अकांउट में पैसे भेजेगा और वह उस पैसे को उसके एक रिश्तेदार के अकांउट में भेज दें। शातिर साइबर ठग उन्हें पैसे भेजने के टैक्स एसएमएस भेजता रहा जबकि अकांउट में कोई पैसा नहीं आया। अकांउट चैक किए बगैर वह ठग के रिश्तेदार के खाते में पैसे भेजते रहे। जब उन्होंने अपना अकांउट देखा तो उसमें कोई पैसा क्रेडिट नहीं हुआ था जबकि वह अपने खाते से सारे पैसे उक्त ठग के रिश्तेदार के अकांउट में भेज चुके थे। उन्हें तब अपने साथ ठगी का पता चला। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कुष्ठ उन्मूलन अभियान को जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान को लेकर पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कुष्ठ उन्मूलन अभियान को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। यह जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी कांगड़ा डॉक्टर राजेश सूद ने बताया ऐसे रोगी जिनकी त्वचा पर हल्के रंग या तांबी रंग का दाग हो या चमड़ी के रंग में बदलाव हुआ हो या हाथ या पांव में सुनपन हो यह कुष्ठ रोग हो सकता है। अगर उपरोक्त लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए।

जांच में कुष्ठ रोग की पुष्टि अगर हो तो इसका इलाज सरकार द्वारा मुफ्त किया जाता है। इसका इलाज लंबा चलता है, लेकिन पूरा इलाज करने पर व्यक्ति बिलकुल ठीक हो जाता है । इस अवसर पर जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉक्टर तरुण सूद ने बताया कि कुष्ठ रोगी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। आज किसी व्यक्ति के शरीर में इस रोग के रोगाणु प्रवेश करते हैं तो बीमारी के लक्षण आने में कई साल साल भी लग सकते हैं। कुष्ठ रोग भी आम बीमारियों की तरह एक बीमारी है तथा इसका शत-प्रतिशत इलाज मल्टी ड्रग थैरेपी (एमडीटी) से संभव है और व्यक्ति आगे किसी भी प्रकार की विकलांगता से बच सकता है। अगर व्यक्ति अपनी दवाई समय से और बताए हुए समय तक खाता है तो वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाता है। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी जगदंबा मेहता ने लोगों से आग्रह किया कि इस बीमारी को कोई दैवी प्रकोप न समझते हुए आम बीमारी की तरह ही ले तथा समय रहते इसका इलाज करवाएं। स्वास्थ्य शिक्षिका श्रीमती अंजलि ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में लोगों का अटूट विश्वास होता है अत: ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य एक अहम भूमिका निभा सकते हैं अत: इस प्राप्त जानकारी को अपनी ग्राम सभा की बैठकों में साझा करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस इस बीमारी के प्रति जागरूक हो तथा समय रहते रोग का निदान एवं उपचार संभव हो सके।




## धौलाधार कॉलोनी में मारपीट पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत अजय कुमार निवासी धौलाधार कॉलोनी ने आरोप लगाया है कि उन्हीं की कॉलोनी के निवासी अभिनव राणा ने उनसे मारपीट की। शिकातकर्ता का कहना है कि वह धर्मशाला के दाड़ी में जब अपनी बहन की जमीन देखने गए तो उक्त व्यक्ति ने उनका रास्ता रोका और उनसे मारपीट की। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आरोप लगाए

**धर्मशाला।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत स्वर्ण कुमार निवासी नेतरू जयसिंहपुर ने आरोप लगाया है कि उसी के गांव के एक व्यक्ति अजय कुमार उनके घर की दीवार कूद कर जबरदस्ती उनके घर घुस आया और गाली गलौच करने लगा। जब उस से इस हरकत के बारे में पूछा गया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन मामलों में पकड़ी 25 बोतल शराब

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना खुंडियां के तहत नजीन क्षेत्र के हेमराज के कब्जे से सात बोतल ऊना नंबर वन। वहीं, पुलिस थाना देहरा के तहत सुरानी गांव के ओंकार चंद के कब्जे से आठ बोतल संतरा नंबर वन तथा पुलिस थाना नगरोटा के तहत मस्सल गांव के अवतार सिंह के कब्जे से दस बोतल संतरा नंबर वन बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी कानून के तहत मामला दर्ज किया है। धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर ने मामलों की पुष्टि की है।

### बस का कर रहा था इंतजार, कार ने मारी टक्कर

**देहरा।** जिला की पुलिस थाना देहरा के तहत सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को कार से टक्कर मार कर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में पीड़ित बलियाना निवासी बीरबल ने बताया कि 28 जनवरी को शाम करीब 6:30 बजे टियालू बस स्टॉप पर वो बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक कार परागपुर की तरफ से आई तथा लापरवाही से कार चलते हुए चालक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने उसे उपचार के लिए देहरा अस्पताल पहुंचाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### नौ ग्राम चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**कांगड़ा।** डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा की अगुआई में पुलिस थाना कांगड़ा की एक टीम ने नौ ग्राम हेरोइन रखने के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पुलिस ने कार में सवार दोनों आरोपियों बाण गंगा में रोक कर उनकी तलाशी लेने के दौरान चिट्टा बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान गुरखारी निवासी 27 वर्षीय सिकंदर और 33 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में की गई है जो मसरेर के पास झियोल गांव का रहने वाला है। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के आधार पर दोनों आरोपियों को पुलिस ने कार सहित दबोच कर एनडीपीएस कानून के तहत मामला किया गया है।

### डॉ. राजीव डोगरा को साहित्य नीलकमल सम्मान



**कांगड़ा।** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर साहित्य गतिविधियों के लिए कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के युवा कवि लेखक, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर तथा हिंदी अध्यापक डॉ. राजीव डोगरा को अंतरराष्ट्रीय सखी साहित्य परिवार (रजि.) बिहार ईकाई ने साहित्य नीलकमल सम्मान-2024 देकर सम्मानित किया। उनको यह सम्मान वर्चुअल माध्यम से संस्था के संस्थापक/अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपिका सुतोर्दिया और बिहार इकाई अध्यक्ष रूपेश कुमार के द्वारा प्राप्त हुआ। वहीं, डॉ. राजीव डोगरा की किताब अनकहे जज्बात भी आने वाली है।

### रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ का परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओम प्रकाश शर्मा ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन पर पुलिस मैदान, धर्मशाला में सोसायटी द्वारा 26 जनवरी को रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ आम जनता के समक्ष निकाला गया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कांगड़ा द्वारा अजय कुमार पुत्र बिशंभर दास निवासी बदुही, नूरपुर को 15 अगस्त 2023 के दूसरे पुरस्कार के रूप में 32 इंच का एक एलईडी टीवी तथा दिनेश कुमार पुत्र प्रकाश चंद निवासी टांडा खोली को 15 अगस्त 2023 के छठे पुरस्कार के रूप में एक इंडक्शन चुल्हा वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा दो दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग (नकली टांग) निःशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर 26 जनवरी को पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयोजित रेडक्रास लक्की बैग ड्रॉ के परिणामों में टिकट नंबर 049338 को स्कूटी, टिकट नंबर 051293 को 32 इंच एलईडी टीवी, टिकट नंबर 016096 को रेफ्रिजरेटर, टिकट नंबर 015406 को वॉशिंग मशीन, टिकट नंबर 020980 को एंड्रॉइड मोबाइल, टिकट नंबर 019759 तथा 025838 को इंडक्शन चूल्हा, टिकट नंबर 054626 तथा 083207 को सिलाई मशीन तथा टिकट नंबर 090246 तथा 083573 को 2500 रुपए का सांत्वना पुरस्कार निकला। सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने बताया कि यह विजयी पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विजेता को मूल टिकट एक माह के भीतर जिला रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में जमा करवानी आवश्यक होगी।

# चार को जयसिंहपुर ग्राउंड में मनाया जाएगा मंत्री गोमा का जन्मदिन

**अजय पाल, पंचरुखी**

जयसिंहपुर विधायक व कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिन पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। चार फरवरी को जयसिंहपुर ग्राउंड में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। गोमा का जन्मदिन के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर पूरी तैयारियों में लगी हुई है। जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत ढडवाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिन को लेकर जयसिंहपुर विधानसभा के लोगों में काफी उत्साह है।



इसलिए मंत्री के जन्मदिन पर युवाओं व महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं के साथ मेडिकल कैंप व स्कूल के बच्चों द्वारा भी रंगारंग प्रोग्राम का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन व चार फरवरी को मेडिकल कैंप लगवाया जाएगा व चार फरवरी को महिलाओं व युवाओं के लिए करवाई जा रही सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के लिए रखी प्रतियोगिताओं में रस्साकसी, रंगोली, म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़, मिस जयसिंहपुर व डांस में झमाकड़ा, पंजाबी गिद्दा व पहाड़ी नाटी की प्रतियोगिता होगी। इनमें 3100 से लेकर 1100 रुपए तक के इनाम रखे हैं। युवाओं के लिए गोमा क्रिकेट ट्रॉफी, वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटवॉल व फुटबॉल की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें 21000 से लेकर 3100 रुपए तक इनाम राशि रखी है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जो भी रजिस्टर्ड महिला मंडल या टीम इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं वो दो फरवरी तक अपनी एंट्री अपने अपने जोन अध्यक्षों के पास करवा दें। उसके बाद किसी भी एंट्री नहीं ली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों की अब खैर नहीं

### जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के उपयोग की रोकथाम के लिए सभी विभागों को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। जिला कांगड़ा में आने वाले दिनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों और विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई कर उनके चालान किए जाएंगे। धर्मशाला स्थित डीआरडीए सभागार में आज सोमवार को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों की अनुपालना के तहत आयोजित जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद जिले में कई स्थानों पर दुकानदार इनका उपयोग करते पाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पंद्रह दिनों में जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले 12 विक्रेताओं के नौ हजार रुपए के चालान किए जा चुके हैं। एडीसी ने कहा कि आने वाले दिनों में यह मुहीम रफ्तार पकड़ेगी और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग और विक्रय करने वाले दुकानदारों के चालान करने के साथ उनके उपर नियमानुकूल कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। वहीं, बैठक में जिले में एनजीटी के तहत गठित कमेटियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में स्वच्छता बनाए रखने के दृष्टिगत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट तथा कंस्ट्रक्शन वेस्ट आदि के प्रबंधन के लिए जो नियम बनाए गए है, उनका सफल तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त।

## ये प्रॉड्क्टस हैं प्रतिबंधित

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने बताया कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम 2016 (संशोधित) नियम (4) के अनुसार पॉलिस्ट्रीन सहित प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की छड़ी, प्लास्टिक के झंड़े, आइसक्रीम में प्लास्टिक स्टिक, सजावट के लिए पॉलिस्ट्रीन (थर्मोकॉल) एवं प्लेट, कप, गिलास, प्लास्टिक की कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, मिठाई के बक्से तथा दस माइक्रोन से कम प्लास्टिक या पीवीसी बैनर पर प्रतिबन्ध है। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन का निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग करने वाले पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**उन्होंने** बताया कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत उचित समझे जाने वाली कार्यवाही, जिसमें माल की जब्ती, पर्यावरण क्षतिपूर्ति की वसूली, उद्योगों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के संचालन को बंद करने जैसी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रदर्शन** केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर धरना 12वें दिन भी जारी

# जय महाकाली, आयो गोरखली का नारा लगाकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आज धरने के 12वें दिन सबा कसवा नरवाना की महिलाएं व हिमाचल एवम पंजाब गोरखा एसोसिएशन धर्मशाला के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। गोरखा एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र गुरंग ने बताया की संस्था के पदाधिकारी व 17 गांव के मुखियों ने इस संघर्ष में भाग लिया तथा जय महाकाली, आयो गोरखली का नारा लगाकर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण के संघर्ष में उतर कर सरकार को चेताया कि अविलंब 30 करोड़ जमा करवाए।

अतुल भारद्वाज ने बताया कि सोमवार को धरना 12वें दिन प्रवेश कर गया है जिसमें अभी तक लगभग 800 परिवारों को जोड़ा जा चुका है। धरने पर 1000 परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।




केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

अतुल भारद्वाज ने बताया कि इस धरने पर जनता पार्टी से ऊपर उठकर संघर्ष में उतर चुकी है तथा अब इस आंदोलन को जनांदोलन बनने से कोई भी नही रोक सकता है। लोक विकास ग्रामीण सभा योल नरवाना संस्था की ओर से परमजीत पम्मू, विनोद कुमार, एके खान, मदन गोपाल, सुरेंद्र, विनय, जसवंत, जय किशन, अनूप, निर्दोष, पंकज कस्बा नरवाना से इंद्रा, श्रेष्ठा, मंजू, दया रानी, कमला , निशा, अंजलि, रक्षा, आशा, मिसरो, हिमा, ऊर्मिला सत्या निक्की देवी, पुष्पा कंचन, रेखा अमरजोत, मीना, किरण, करुण लता, स्वर्णा, गोरखा समुदाय की महिलाएं सुनीता, सावित्रा गुरंग, वीना थापा, मोहिनी, पूर्णिमा, गीता, किरण, श्यामी, मोनिका ,ईशा, आशा पुन, रूपा पुन, पूनम थापा, प्रीति गुरंग, अनीता थापा, मनी पाल सिंह, ललित थापा, प्रमोद राणा राकेश गुरंग किशोर तमंग, अशोक गुरंग, सुनील, राजकुमार, विशाल गुरंग, एलके छेत्री, प्रकाश शाही, भगवान सिंह, मेजर हेमंत गुरंग आदि ने भाग लिया।

# निजी स्कूलों की मान्यता के नवीनीकरण के लिए मांगे ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय की ओर से शिक्षा का अधिकार 2009 तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 हिमाचल प्रदेश में निहित प्रावधानों के अनुसार जिला कांगडा के सभी निजी पाठशालाओं के प्रबंधकों व विद्यालय मुखियाओं को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए मान्यता के नवीनीकरण व 2024-2029 सत्र के लिए मान्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। यह जानकारी देते हुए उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा मोहिंद्र कुमार ने बताया कि मान्यता के नवीनीकरण हेतू संबंधित विद्यालय को वेवसाइट www.emerginhimachal.in लॉग इन करना होगा।

प्री प्राइमरी से पांचवी तक कक्षा वाले विद्यालय संबंधित प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी को अपने आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ आंनलाईन प्रेषित करें। जबकि प्राइमरी से आठवीं व छठीं से आठवीं तक की कक्षाओं वाले विद्यालय उपनिदेशक उच्च शिक्षा कार्यालय को आवेदन निर्धारित शुल्क सहित आनलाइन प्रेषित करने होंगे। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी 2024 रहेगी। इसके उपरांत आनलाइन हुए आवेदनों की जांच की जाएगी। त्रुटियां पाई जाने पर ऑनलाइन ही आवेदन वापिस विद्यालय को भेज दिया जाएंगे। जिसे संबंधित पाठशाला त्रुटियों के निवारण उपरान्त पुनः प्रेषित कर देगी। सही आवेदनों को आनलाईन ही मान्यता पत्र व मान्यता नवीनीकरण पत्र जारी किए जाएंगे।

सत्र 2024-25 में केवल वही विद्यालय विद्यार्थियो को दाखिला दे पाएंगं। जिनके पास विभाग द्वारा मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र होंगे। मान्यता पत्र व मान्यता नवीनीकरण पत्र के बिना संचालित होने वाले विद्यालयों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

## न्यूज ब्रीफ

### मूहल इलेवन ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



मैच जीतने के बाद मूहल इलेवन की टीम ट्रॉफी के साथ।

**गरली।** खबली में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला गया। फाइनल में मूहल इलेवन और ड्रीम इलेवन खबली की टीम आमने सामने थी। इस मैच में मूहल इलेवन ने ड्रीम इलेवन खबली की टीम को हराकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खबली ड्रीम। इलेवन की टीम ने निर्धारित दस ओवर में मूहल ईलेवन के सामने 75 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुहल की टीम ने मात्र पांच ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस मौके पर आयोजन के चीफ गेस्ट रजनीकांत धवाला मौजूद रहे। मुख्यातिथि रजनीकांत धवाला ने भी टूर्नामेंट के आयोजन की प्रशंसा की। तत्पश्चात विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया।

### स्कूल पहुंचने पर आदित्य का जोरदार स्वागत



स्कूल पहुंचने पर छात्र आदित्य को सम्मानित करते हुए स्कूल के स्टाफ सदस्य।

**देहरा।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस के परेड शिविर में शिमला में भाग लेने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला बालूग्लोआ के छात्र आदित्य भाटिया का स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। आदित्य भाटिया जमा दो का छात्र है जो अन्य गतिविधियों के साथ-साथ पढ़ाई में अभी अव्वल है। स्कूल की प्रधानाचार्य मीनू सूद ने कहा कि गणतंत्र दिवस के परेड शिविर में आदित्य भाटिया का चयन होने से उसने स्कूल का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीनू सूद, एनएसएस प्रभारी संजीव कुमार, रुचि शर्मा, सहित स्कूल के समस्त स्टाफ ने आदित्य का स्वागत करते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक तीन को

**इंदौरा।** जिला कांगडा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश वेलफेयर एसोसिएश्न की बैठक तीन फरवरी को शिमला में होगी। इस बैठक में जिला कांगड़ा के पेंशनर संघ के प्रतिनिधी भाग लेगें। क्योंकि जिला कांगड़ा की उस से ऐफिलिएशन है। उन्होंने ने कहा कि बैठक में जो भी फैसला लिया जाएगा। उसके आधार पर ही जिला कांगड़ा पेंशनर संघ राज्य के साथ कधें से कधां मिला कर उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने ने कहा कि राज्य के साथ ऐफिलिएशन होने के कारण अपने तौर पर कोई भी फैसला नहीं लिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन के प्रधान आत्माराम शर्मा ने बैठक के बारे में उन्हें फोन के माध्यम से जानकारी दी है।



## नगरोटा बगवां में सजा रोजगार मेला, विदेश में रोजगार पाने के लिए उमड़ी युवाओं की भीड़

# रोजगार मेले में 32 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस के युवाओं को रोजगार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं तथा पांच वर्षों में पांच हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को जीवन यापन की बेहतर सुविधा मिल सके। इस के लिए नगरोटा विस क्षेत्र में वर्ष में दो बार रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नगरोटा में आयोजित रोजगार मेले के पहले दिन इंटेलेक्ट ग्लोबल रिसर्च एंड सॉल्यूशन कंपनी ने सिक्योरिटी गार्ड के लिए 32 अभ्यर्थी शार्टलिस्ट किए गए हैं। जबकि होटल प्रबंधन में 70 अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट किया गया। 130 के करीब कुल युवाओं ने पहले दिन रोजगार मेले में अपना पंजीकरण करवाया है। मंगलवार को भी रोजगार मेले में साक्षात्कार लिए जाएंगे।





नगरोटा बगवां में रोजगार मेले के दौरान युवाओं का साक्षात्कार लेती कंपनियां (दाएं) मेले के दौरान युवाओं के दस्तावेज चेक करते हुए।

### रोजगार मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को मिलेंगी बेतहर सुविधाएं

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली की प्रयासों से नगरोटा बगवां के जल शक्ति विभाग रेस्ट हाउस में दो दिवसीय मेले का सोमवार को शुभारंभ हुआ है। इससे पहले भी जुलाई माह में दो दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जा चुका है। नगरोटा विस के युवाओं को रोजगार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं तथा पांच वर्षों में पांच हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को जीवन यापन की बेहतर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर कंपनी डायरेक्टर बरियाम सिंह, अश्विनी संख्यान, संजीव कुमार, रोहित सिंह और रोजगार मेले के को-ऑर्डिनेटर अमित सूद उपस्थित रहे।



### युवाओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के साथ जोड़ने के लिए भी कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की स्टार्ट अप योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार आरंभ करने के लिए आवश्यक मदद दी जाएगी इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर सूक्ष्म उद्योगों को भी स्थापित करने के लिए युवाओं को विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में छोटे-छोटे टूरिस्ट स्पॉट विकसित किए जाएंगे ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि युवाओं को कैरियर काउंसलिंग के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि दस जमा दो के बाद युवा अपनी पसंद के अनुसार करियर चुन सकें और उस दिशा में आगे बढ़ सकें।

## बिजली चोरी करने पर बोर्ड ने नपा निजी स्कूल

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी विद्युत बोर्ड अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल की अगुआई में विद्युत बोर्ड की टीम ने ज्वालामुखी उपमंडल में बिजली चोरी करने वाले एक निजी स्कूल पर शिकंजा कसा है। इस कार्रवाई पर बिजली बोर्ड ने निजी स्कूल प्रबंधन पर 51 हजार 510 रुपए का जुर्माना लगाया है और सख्त चेतावनी भी दी है। बताया जा रहा है निजी स्कूल पिछले तीन चार माह से बिजली की चोरी को अंजाम दे रहे था। बिजली बोर्ड टीम ने औचक निरीक्षण करके इस निजी स्कूल में दबिश दी। इसमें निजी स्कूल विभाग द्वारा लगाए गए मीटर से बाईपास कर सीधी बिजली चोरी कर रहा था। ज्वालामुखी विद्युत बोर्ड अधिशाषी अभियंता करणवीर सिंह पटियाल ने बताया की बिजली मीटर बाईपास कर चोरी करते इस निजी स्कूल को पकड़ा गया है और इन पर 51 हजार 510 रुपए का जुर्माना आज लगाया गया है।




वहीं, ज्वालामुखी विद्युत बोर्ड अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल की अगुआई में विद्युत बोर्ड की टीम ने ज्वालामुखी उपमंडल में बिजली चोरी करने वाले एक निजी स्कूल पर शिकंजा कसा है। इस कार्रवाई पर बिजली बोर्ड ने निजी स्कूल प्रबंधन पर 51 हजार 510 रुपए का जुर्माना लगाया है और सख्त चेतावनी भी दी है।

## वन मित्र की शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए स्थान किए तय

**धर्मशाला।** धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों ने वन मित्र के पद के लिए आवेदन किया है उनका शारीरिक दक्षता परीक्षण 30 जनवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला वन अधिकारी दिनेश शर्मा ने देते हुए बताया कि धर्मशाला वन परिक्षेत्र में 30 जनवरी को प्रात: 8:30 पर वन परिक्षेत्र कार्यालय धर्मशाला के नजदीक चीलगाड़ी में तथा मलां वन परिक्षेत्र में प्रात: 8:30 नजदीक राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, शाहपुर वन परिक्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के मैदान में, कांगड़ा वन परिक्षेत्र में वन खंड कार्यालय घुरकड़ी के नजदीक मंदल में, लपियाना वन परिक्षेत्र में तहसील कार्यालय हारचक्कियां के नजदीक शारीरिक दक्षता परीक्षण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से तय समय और स्थान पर पहुंचने की अपील की है।

## पालमपुर में एक फरवरी को आयोजित होगा जिला स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पौष्टिक आहार विशेषतौर पर मोटे अनाज के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस के लिए जिला स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेले का आयोजन पालमपुर के शहीद कैप्टन विक्रम बतरा पुलिस में एक फरवरी को किया जाएगा। मेले की तैयारियों को सोमवार को डीसी कार्यालय के सभागार में एडीसी सौरभ जस्सल की अध्यक्षता में बैठक भी आयोजित की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियम विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किए जा रहे ईट राइट मिलेट्स मेले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर राहुल कटोच, फूड सेफ्टी आफिसर सविता ठाकुर, उपनिदेशक शिक्षा विभाग सुधीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




### मिलेट्स उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

**मेले** में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा मिलेट्स के उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मिलेट्स उत्पादों पर आधारित शैफ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। मिलेट्स या मोटा अनाज को सुपर फूड कह सकते हैं। इसमें खास सेहतमंद गुण होते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज के अंतर्गत आठ फसलें शामिल हैं। इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू को मोटा अनाज की फसल कहा जाता है। इस मेले का खास आकर्षण यहां लगने वाले हेल्दी फूड के स्टाल रहेंगे। इसके अलावा हिमालय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के हैल्थ फूड प्रोडक्टस का स्टाल भी लगाए जाएंगे।

### फूड साइंस क्विज का होगा आयोजन

**मेले** में फूड साइंस क्विज, फूड एक्सपर्ट टॉक का आयोजन भी किया जाएगा। फूड साइंस क्विज में विभिन्न स्कूलों के छात्रों की टीमें भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त तंबोला तथा लोक नृत्य की प्रस्तुतियां भी होंगी।



स्वयंसेवी संस्था नेहा (नेचुरल एनवायर्नमेंटल एंड हेल्थ एसोसिएशन) द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेहा संस्था के निदेशक मान सिंह कपूर ने सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन व आपदा प्रबंधन विषयों पर बच्चों से अपने विचार साझा किए। डाबर इंडिया के सौजन्य से बच्चों को जूस आवंटित किए गए।

### सोनाली शर्मा ने जीता मिस ग्लैमरस क्वीन ऑफ इंडिया का खिताब

**बैजनाथ।** मीत संधू और अल्पा शाह द्वारा बहुत बड़ा शो मिस ग्लैमरस क्वीन ऑफ इंडिया करवाया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन चंडीगढ़ के रॉयल पार्क में करवाया गया। इसमें देश के बहुत सारे नामी प्रतियोगियों ने भाग लिया। इसमें हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ उपमंडल के नागटा गांव की रहने वाली सोनाली शर्मा ने सभी प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। सोनाली शर्मा कि इस उपलब्धि पर उनके गांव में बहुत ही खुशी का माहौल बना हुआ है। सोनाली शर्मा के पिता तिलक राज शर्मा, माता रजनीश शर्मा तथा भाई साहिल शर्मा ने सोलानी की इस जीत का श्रेय उसके कठिन परिश्रम को दिया हैं तथा उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में उनकी बेटी देश तथा अपने इलाके का नाम इससे भी ज्यादा रोशन करेगी। सोनाली शर्मा ने कहा कि वह अभी फोटो सेशन में व्यस्त है तथा बह अगले सप्ताह अपने घर आकर अपने परिवार जनों के साथ जीत का जश्न मनाएंगी। उन्होंने अपनी जीत के लिए अपने सभी प्रशंसकों का बहुत आभार प्रकट किया है।




## रानीताल स्कूल के प्रिंस कुमार ने नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

**अनंत ज्ञान, देहरा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठार रानीताल के छात्र प्रिंस पुत्र पवन कुमार ने नेशनल स्तरीय स्कूली ताइक्कांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य जतिंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के हिसार जिले में नार्थ जोन की नेशनल लेवल ताइक्कांडो प्रतियोगिता जो कि 26 से 27 जनवरी को आयोजित हुई थी। इसमें हमारे स्कूल का छात्र प्रिंस सिल्वर मेडल जीत कर द्वितीय स्थान पर रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रिंस ने 45 किलोग्राम से 50 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल कर अपने स्कूल के साथ साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि प्रिंस इससे पूर्व भी भोपाल मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रह चुका है। प्रधानाचार्य जतिंद्र सिंह तथा स्कूल के समस्त स्टाफ ने बच्चे की इस उपलब्धि पर उसको बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वही, प्रिंस ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा स्कूल स्टाफ को दिया है।



सिल्वर मेडल जीतने पर छात्र प्रिंस कुमार को सम्मानित करते स्कूल के स्टाफ सदस्य।

## बच्चों के साथ स्वास्थ्य आहार-योग साधना व खेलकूद पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुलयाली में शिक्षा विभाग की ओर से एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य करतार चंद ने किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर भारतेंदु चौधारी ने बच्चों के साथ स्वास्थ्य आहार, योग साधना तथा खेलकूद आदि विषय पर चर्चा की।

इस कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार द्वारा नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना तथा शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से आयोजित किया गया। आरंभिक सत्र में विद्यालय के कक्षा छठी से आठवीं तथा नौवीं से प्लस टू के 474 विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से इंचार्ज नीरज शर्मा, सुशील कौशल, कुलदीप कुमार, नेत्रपाल तथा टेक सिंह उपस्थित रहे।

कार्यशाल के आयोजक भारतेंदु ने बताया की तीन दिवस की कार्यशाला में छात्रों के साथ तथा एक सत्र अभिभावकों के साथ किया जाएगा। इसमें छात्रों के स्वास्थ्य, योग, नशा निर्वाण नशा मुक्ति तथा मादक पदार्थों से दूरी आदि विषय पर चर्चा की जाएगी।

## 350 विद्यालयों में दी जाएगी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला के 350 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि युवा पीढ़ी को यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह जानकारी उपनिदेशक उच्च शिक्षा मोहिंद्र कुमार ने सोमवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत उपनिदेशक उच्च शिक्षा के कार्यालय परिसर में कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना को लेकर शपथ दिलाने के उपरांत दी।

उन्होंने कहा कि गत 15 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है तथा 14 फरवरी तक जिला के विभिन्न स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस के लिए विद्यालयों को आवश्यक बजट भी मुहैया करवाया गया है। विद्यालयों में सरकार के निर्देशों के अनुसार गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता जरूरी है। इस के लिए युवा वर्ग को विशेष तौर पर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि युवा चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने व ओवर स्पीड से बचने की हिदायतें स्कूलों के माध्यम से दी जाएंगी। वहीं, विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

**कबड्डी मैच** प्रतियोगिता के दौरान विजेता-उपविजेता टीमों को किया सम्मानित

## कबड्डी प्रतियोगिता में सेवन स्टार टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, लंबागांब**

हर-हर महादेव युवा क्लब भुआणा द्वारा रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मकोल भुआणा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में अखिल भारतीय कोली समाज के जिलाध्यक्ष कालीदास ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व विशेष अतिथि के रूप में कोली समाज की जिला कांगड़ा की महिला अध्यक्ष पार्वती देवी ने शिरकत की।

मुख्यातिथि द्वारा विजेता टीम को 3100 रुपए में व स्मृति चिन्ह व उपविजेता टीम को 2100 रुपए व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने लोगों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की हमें खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। वहीं, हर युवा को नशे जैसी बुराई से दूर रहकर किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए। इससे शारीरिक विकास के साथ साथ देश बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा हर-हर महादेव युवा क्लव को अपनी और से 61000 रुपए दिए। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की दस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सेवन स्टार बैजनाथ की टीम विजेता व भुवाणा की स्टीलर टीम उपविजेता रही। इस मौके पर सुरेश डोगरा, भुआण पंचायत प्रधान कुलवंत सिंह के अतिरिक्त अजय पाल, ध्रुव देव, प्रदीप कौंडल, अभिषेक, अमित, कैप्टन ईश्वर सिंह मझेड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम को सम्मानित करते हुए हर-हर महादेव युवा क्लब भुआणा के सदस्य।



पर्यटन नगरी को प्राकृतिक खूबसूरती और आवोहवा दिलाती है अलग पहचान; पांच पहाड़ों से है घिरा हुआ, अंग्रेजों ने 1854 में बसाया था शहर

# भारतीयों का ही नहीं बल्कि अंग्रेजों का भी पसंदीदा स्थल रहा है डलहौजी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी विश्व के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों की सूची में शुमार है। इसकी प्राकृतिक खूबसूरती और आवोहवा अपनी अलग ही पहचान रखते हैं। डलहौजी पांच पहाड़ों कठलौंग, पोट्रेन, तेहरा, बकरोटा और बलुन पर स्थित जिला चंबा का हिस्सा है और अपनी विशेष पहचान रखता है। अंग्रेजों ने 1854 में इसे बसाया और विकसित किया तथा तत्कालीन वायसराय लॉर्ड डलहौजी के नाम पर इस जगह का नाम डलहौजी रखा गया।

हालांकि लॉर्ड डलहौजी कभी भी डलहौजी नहीं आए, लेकिन अंग्रेज सैनिक और नौकरशाह यहां अपनी गर्मी की छुट्टियां बिताने जरूर आते थे। यानी अंग्रेजों ने भी गर्मियों में डलहौजी को अपनी आरामगाह माना था तब से लेकर आज तक डलहौजी की अपनी ही एक पहचान है। डलहौजी उत्तर भारत के राज्य हिमाचल प्रदेश की गोद में स्थित एक आकर्षक मनोरम शहर है। पांच पहाड़ियों में फैला यह शहर शांति और सुकून चाहने वाले पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। ओस भरी पहाड़ियां, बर्फ से ढके चरागाह और औपनिवेशिक युग की वास्तुकला के साथ, डलहौजी में हर चीज बेहतरीन है।

बताते चलें डलहौजी में तिब्बती और शरणार्थी कॉलोनी भी है। जहां अनेक तिब्बती लोग अपनी गुजर बसर कर रहे हैं। इसके अलावा गांधी चौक व बस अड्डा में तिब्बतीयन मार्केट भी है। जो बाहर से आए हुए सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

डलहौजी के गांधी चौक में रायजादा हंसराज लाइब्रेरी भी है। यह सन 1965 में अस्तित्व में आई, जहां अंग्रेजी काल से जुड़ी गई किताबें हैं जो अपने पन्नों में डलहौजी एवं इसके आसपास के इतिहास को संजोय है। डलहौजी से जुड़े इतिहास को जानने के मकसद से अंग्रेजों द्वारा 1908 मे भूरी सिंह संग्रहालय चंबा का निर्माण करवाया गया। शुरुआत में चंबा की विरासत को इकट्ठा करने और संरक्षित करने के लिए स्थापित किया गया यह संग्रहालय तब से लेकर आज तक के इतिहास का पता लगाने के इच्छुक यात्रियों के लिए पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया गया।

क्षेत्र की कला, शिल्प और सांस्कृतिक इतिहास का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न कलाकृतियों को आपको अतीत के जीवन में ले जाने के लिए कुशलतापूर्वक संरक्षित किया गया है। नक्काशीदार दरवाजों, तांबे की प्लेटों, लघु चित्रों और भित्ति चित्रों सहित 8500 पुरावशेषों और कला वस्तुओं का एक समृद्ध संग्रह आपको आश्चर्यचकित कर देगा। इसलिए डलहौजी घूमने आया कोई भी यात्री चंबा जाने से अपने आप को नहीं रोक पाता क्योंकि डलहौजी को अगर नजदीक से जानना है या जिला चंबा के पौराणिक इतिहास संस्कृति और रीति-रिवाज को जानना है तो भूरी सिंह संग्रहालय से उत्तम जगह कोई भी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### ठंडी व गर्म सड़क का महत्व

डलहौजी में ठंडी व गर्म सड़क का भी अपना ही महत्व है। अंग्रेजीकाल में जहां ठंडी सड़क अंग्रेजों के लिए तो वहीं गर्म सड़क आम भारतीयों के लिए खुली रहती थी। ठंडी सड़क में आम भारतीयों का आना-जाना वर्जित माना जाता था।

### पर्यटकों के लिए आकर्षक

सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान, डलहौजी अपने शानदार परिदृश्यों को देखने और एक ऐसे अनुभव का आनंद लेने के लिए दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है जो उन्हें आश्चर्यचकित कर देता है। यह शहर समुद्र तल से 1970 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय पहाड़ी शहरों में से एक है।



पर्यटक स्थल डलहौजी।


डलहौजी में स्थित ऐतिहासिक चर्च।

### ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थल

1854 में स्थापित डलहौजी शहर ब्रिटिश अधिकारियों के लिए ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थल था। अपनी स्थापना के पांच साल बाद शहर को गुरदासपुर जिले के एक हिस्से के रूप में मान्यता मिली। 1966 में डलहौजी उत्तर भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश का एक प्रभाग बन गया। डलहौजी में सुभाष चौक, गांधी चौक, सतधारा, सुभाष बौली, पंचपुला, स्नो हिल, डायनकुंड, काला टॉप, लक्कड़ मंडी, जोत एवं खज्जियार जैसे अन्य कई ऐसे स्थान है जो इसकी खूबसूरती को चार चांद लगाते हैं।

### 13 चर्च हैं निर्मित

डलहौजी के इतिहास में एक और रोचक बात यह भी है कि अकेले डलहौजी में ही लगभग 13 चर्च निर्मित किए गए थे। ये अंग्रेजों के लिए अलग और भारतीयों के लिए अलग थे जो आज भी डलहौजी की खूबसूरती को चार चांद लगा रहे हैं।

## सुंडला में जल्द करवाया जाए पार्किंग का निर्माण

**सुंडला।** विकास खंड सलूणी के तहत सुंडला बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के चलते दिन-प्रतिदिन यातायात समस्या गंभीर होती जा रही है। चालक सुंडला बाजार में वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देते हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है और जाम लगने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार में जाम लगना आम बात हो गई है। चालकों का कहना है कि टैक्सी स्टैंड न होने से उन्हें गाड़ियां खड़ी करने में दिक्कत हो रही है। टैक्सी चालक अनु कुमार, योगराज, विपन कुमार, सीटू, तिलक राज, विजय कुमार, अमी चंद ने प्रशासन से सुंडला बाजार में टैक्सी स्टैंड बनाने की मांग की है ताकि गाड़ियों को खड़ा करने की सुविधा मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कंदला स्कूल में निपुण मेला आयोजित


कंदला स्कूल में निपुण मेले के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं।

**तीसा।** प्रदेश सरकार की ओर से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं इन योजनाओं के तहत बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। जिला चंबा के तहत शिक्षा खंड कियानी के अंतर्गत राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कंदला में सोमवार को निपुण मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि उपप्रधान ग्राम पंचायत कंदला विनोद ने शिरकत की। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस मौके पर केंद्रीय मुख्य शिक्षक राजेश कुमार ने बच्चों व अभिवावकों को निपुण कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को पंजीकरण, शारिरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी व मानसिक विकास की जानकारी दी गई।

### घोल्टी में कुष्ठ रोग दिवस पर कार्यक्रम आज

**चंबा।** डॉ. हैचीसन वैले द्वारा किए गए रियासतकालीन प्रयासों की बदौलत जिला चंबा कुष्ठ रोग चिकित्सालय को एशिया का पहला चिकित्सालय होने का दर्जा प्राप्त है जो कि जिला के लिए गौरव का विषय है। इस विशेष महारत को वर्तमान में भी जिला स्वास्थ्य विभाग व चंबा के कुछ बुद्धिजीवियों द्वारा बड़ी सादगी से सस्मंरण किया जाता है। जिसके तहत 30 जनवरी को कुष्ठ रोग दिवस पर चिकित्सालय घोल्टी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी एवं कांग्रेस सेवादल राज्य वरिष्ठ सदस्य अब्दुल गनी ने बताया कि डॉ. हैचीसन वैले के रियासतकाल में किए गए प्रयासों के चलते सर्वप्रथम चंबा जिला में पहला कुष्ठ रोग महामारी रोग का उपचार सहित चिकित्सालय मुहैया हो पाया है। जिसे तत्काल एशिया का पहला चिकित्सालय होने का खिताब भी प्राप्त है। उन्हीं की यादगार में चंबा में विशेष तौर पर कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन कर डॉ. हैचीसन वैले की उपलब्धि को याद करने सहित उन्हें श्रद्धासुमन आर्पित किए जाते है।

### लेच में पुल के फट्टे टूटे, चलना हुआ मुश्किल

**भरमौर।** भरमौर की ग्राम पंचायत लेच के लिए पैदल चलने वाले पुल के फट्टे टूट जाने के कारण लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर पुल पार करना पड़ रहा है। यहां पर पिछले दिनों से पुल के फट्टे टूटने से मजबूरन लोगों को क्षतिग्रस्त पुल से होकर गुजरना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस क्षतिग्रस्त पुल से हर दिन दर्जनों लोग गुजरते हैं लेकिन पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां पर हादसे का डर हर वक्त बना रहता है। करीब सात दशक पुराने पुल की मरम्मत न होने के कारण यह पैदल चलने वाला पुल अपनी अंतिम सांसे गिन रहा हैं। हालांकि यहां पर इसके साथ ही लगता एक छोटी गाड़ियों के लिए पुल बनाया गया है, लेकिन अधिकतर लोग इस पुल से ही पैदल होकर एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। पुल की मरम्मत न होने के कारण यह पुल लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। स्थानीय निवासी व उपप्रधान ग्राम पंचायत लेच नरेश ठाकुर का कहना है कि इस पुल से संबंधित विभाग को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पुल की मुरम्मत नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा है कि इस पुल से हर रोज कई लोग पैदल आते जाते हैं। उनका कहना है कि क्षतिग्रस्त पुल से कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग की लापरवाही के कारण कई दिनों से पुल की मरम्मत नहीं हो पाई है। उधर इस बारे में अधिशाषी अभियंता भरमौर मीत शर्मा ने कहा कि उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है। यदि पुल क्षतिग्रस्त है तो जल्द से जल्द इसकी मरम्मत करवा दी जाएगी ताकि लोगों को परेशानी न हो।

## रोपवे निर्माण पर डलहौजी के विधायक को घेरा

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

गत वर्ष हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पानी सेस के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान से चंडीगढ़ में बैठक की थी। बैठक कर पंजाब के मुख्यमंत्री ने दोनों प्रदेशों के पर्यटन को बढ़ावा देने के हवाले से हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से श्री आनंदपुर साहिब से श्री नयनादेवी व पठानकोट से डलहौजी दो रोपवे बनवाने की इच्छा जताई जिसे दोनों ही मुख्यमंत्रियों ने प्रेस के समक्ष हरी झंडी दिखाने की बात कही। गौरतलब है की श्री आनंदपुर साहिब से श्री नयनादेवी रोपवे का कार्य तो शुरू हो गया था परंतु पठानकोट से डलहौजी रोपवे का कहीं जिक्र आज तक भी नहीं हुआ है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने क्षेत्र की इस अनदेखी के लिए डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। मनीष ने कहा की डलहौजी क्षेत्र में पर्यटन विकास के तहत दशकों से कोई बड़ी परियोजना नहीं आई है जिसके कारण डलहौजी पर्यटक आकर्षण में प्रदेश के बाकी पर्यटन स्थलों से बहुत पिछड़ गया है। मनीष सरीन ने कहा की दशकों बाद डलहौजी क्षेत्र को पर्यटन विकास के नजरिये से दो प्रदेशों से एक बड़ी परियोजना की सौगात मिली है परंतु शायद डलहौजी के विधायक की नजर में इस परियोजना की कोई ज्यादा एहमियत नहीं है।



# शॉर्ट नोटिस का नहीं दिया जवाब

## पंचायत सनवाल में सेब पौधरोपण घोटाला मामले में अब होगी कार्रवाई

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा के चुराह क्षेत्र में पंचायत सनवाल में करोड़ों रुपए के सेब पौधरोपण घोटाला मामले में आरोपियों के खिलाफ शॉर्ट नोटिस जारी किया गया था। जिसकी उल्टी गिनती लगभग शुरू हो चुकी है। जिसके चलते कभी भी आरोपियों पर पंचायतीराज एक्ट के तहत कार्रवाई की गाज गिर सकती है। गौर हो कि पंचायत सनवाल में सेब प्लांटटेशन में पाए दोषियों के खिलाफ मनरेगा एक्ट का धन दुरुपयोग करने सहित अन्य कई मापदंड पूरा न करने के संगीन आरोप लगे हैं।

इस मामले में ओर कोई नहीं बल्कि जनता द्वारा चुने गए पंचायत प्रतिनिधि ही कटघरे में हैं। गत वर्ष जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के अधीन सनवाल पंचायत में सेब के पौधों की खरीद में पंचायत प्रतिनिधियों पर धांधली का आरोप लगा। इसमें करीब एक करोड़ 20 लाख सेब के पौधों की खरीद में धांधली व लोगों के इसमें मस्टरोल तक भरे गए थे। जिसमें सनवाल पंचायत में पंचायत द्वारा वहां की नर्सरी के लिए उद्यान विभाग में 48 हजार से अधिक के सेब के पौधे खरीदे गए। ग्रामीण लोगों ने आरोप लगाया है कि बिना गुणवत्ता और बिना जांचे परखे कैसे विभाग ने इन पौधों को खरीदा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे पहले भी इसी तरह की जांच हुई थी लेकिन उसमें भी अधिकारियों की मिलीभगत के चलते केवल पंचायत प्रतिनिधियों को नोटिस देकर और इस जांच से बचने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपनाते हुए इस केस को दबाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों से की। प्रदेश सरकार व मुख्य सचिव भारत सरकार के ध्यानार्थ भी इस धांधली के मामले को लाया गया।

जिसके पश्चात इस घोटाले की जांच में जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन ने एसडीएम तीसा की अगुआई में एक संयुक्त कमेटी गठित कर जांच आरंभ की गई। जिसमें जांच रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर कमेटी के माध्यम से आरोप तय कर उनका 10 दिनों के भीतर जवाब तलब करने के लिए 17 जनवरी को शॉर्ट नोटिस जारी किया गया। जिसकी अवधि 27 जनवरी को पूर्ण हो चुकी है, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से अभी तक शॉर्ट नोटिस में लगे आरोपों में से न किसी आरोप का जवाब दिया है और न ही किसी प्रकार का स्पष्टीकरण दिया गया है। जिसके चलते आगमी दिनों में कभी भी आरोपियों पर पंचायती राज एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में आ सकती है। जिसमें रिकवरी, जुर्माना व सजा हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा जारी शॉर्ट नोटिस व खर्च विवरण की प्रतिलिपि।

> सनवाल पंचायत में सेब पौधरोपण मामले के तहत आरोपियों के खिलाफ शॉर्ट नोटिस जारी किए है। जिसमें आरोपियों से दस दिनों के भीतर जवाब तलब किया गया था। जवाब न मिलने पर पंचायतीराज एक्ट के तहत जो भी कार्रवाई होगी उसे अमल में लाया जाएगा।
>
> **अपूर्व देवगन , उपायुक्त, चंबा।**

## नहीं थम रहा जंगलों में आग लगने का सिलसिला, हत्थे नहीं चढ़े शरारती तत्व

### पर्यावरण के साथ-साथ वन संपदा का भी हो रहा है नुकसान

**आजम डार, तीसा**

वनों में आग से पर्यावरण के साथ-साथ वन संपदा का जो भारी नुकसान होता है, उसका खमियाजा लंबे समय तक भुगतना पड़ता है और ऐसा नुकसान साल-दर-साल बढ़ता ही जाता है। इस बात की बेशक कोई दो राय नहीं है, लेकिन इसके बावजूद चुराह क्षेत्र में शरारती तत्वों द्वारा जंगलों को बेखौफ आग के हवाले किया जा रहा है।

हैरानी की बात तो यह है कि तमाम सर्तकता के बावजूद न जंगलों में आग लगने का सिलसिला थम रहा है और न ही शरारती तत्व वन विभाग के हाथों चढ़ पा रहे है। जिससे वन संपदा को लाखों का नुकसान पहुंचने सहित वन्य प्राणी तक इसकी चपेट में आने से विलुप्त होने की कगार की ओर अग्रसर हो रहे है। गौर हो कि आग लगने वाली घटनाओं की बात करें तो मौसम में बदलाव, सूखा, जमीन का कटाव इसके प्रमुख कारण हैं। विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में तो चीड़ के वृक्ष बहुतायत में होते हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ इसे वनों का कुप्रबंधन ही मानते हैं कि देश का करीब 17 फीसदी वन क्षेत्र चीड़ वृक्षों से ही भरा पड़ा है। दरअसल, कमजोर होते वन क्षेत्र में इस प्रकार के पेड़ आसानी से पनपते हैं। चीड़ के वृक्षों का सबसे बड़ा नुकसान यही है कि एक तो ये बहुत जल्दी आग पकड़ लेते हैं और दूसरा यह कि ये अपने क्षेत्र में चौड़ी पत्तियों वाले अन्य वृक्षों को पनपने नहीं देते। चूंकि चीड़ के वनों में नमी नहीं होती, इसलिए जरा-सी चिंगारी भी ऐसे वनों को राख कर देती है। चुराह के जंगलों की बात करें, तो प्रतिवर्ष औसतन करीब 23.66 लाख मीट्रिक टन चीड़ की पत्तियां गिरती हैं, जो आग के फैलाव का बड़ा कारण बनती हैं। जंगलों में इन पत्तियों की परत के कारण जमीन में बारिश का पानी नहीं जा पाता। जिससे भूमि में उपाजऊपन में कमी आ रही है। जिसे रोकने के विभाग के पास भी अभी तक कोई भी योजना मौजूद नहीं है।

उधर डीएफओ सलूणी/तीसा सुशील गुलेरिया का कहना है कि वनों में आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए विभाग प्रयासरत है। जिसमें विभागीय टीमों का गठन किया गया है। इसके बावजूद भी शरारती तत्वों द्वारा वनों में गुपचुप रूप से आग लगाई जा रही है। जिसकी धरपकड़ के लिए अभियान आरंभ करने सहित वन बीट अधिकारियों से जवाब तलबी की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## लूणापुल में जल्द बनाया जाए शौचालय

**भरमौर।** लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण यहां पर हर रोज यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भरमौर के लूणापुल में हर रोज सैकड़ों यात्री एक जगह से दूसरी जगह आते जाते हैं, लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण परेशानी होती है। स्वच्छता अभियान की पोल भी यहां पर खुलकर सामने आ रही है। लोगों ने यहां कई बार प्रशासन व सरकार से सार्वजनिक शौचालय खोलने की मांग की है, लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। स्थानीय निवासी पांजाराम, सन्नी कुमार, महंदो राम, पूर्ण चंद, इंद्रजीत, संजय कुमार, संजीव कुमार, माधो राम का कहना है कि यहां पर शौचालय न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द यहां पर सार्वजनिक शौचालय खोला जाए।

## प्रधानाचार्य के पदोन्नति कोटे का अनुपात 95 प्रतिशत किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा ने सरकार से प्रधानाचार्य के पदोन्नति कोटे का अनुपात 95 प्रतिशत करने की मांग की है। यह मांग जिला अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना, राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव राजेश ठाकुर, जिला संचालन समिति के चैयरमैन शौकत अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश वसंत, वित्त सचिव संजीव ठाकुर, मुख्य प्रेस सचिव जगजीत जरयाल, मुख्य संगठन सचिव उधम सिंह जम्वाल, राज्य संचालन समिति के सदस्य सूरज वाली, राजदीन, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राजीव ठाकुर, राजकुमार, बालक राम शर्मा, हेम राज, राकेश राणा, जिला सह सचिव प्रताप सिंह नेगी, धीरज ठाकुर, भुवनेश्वर, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील मांडला ने की है। इन्होंने प्रदेश सरकार से अविलंब कोटा बढ़ाने की मांग की है।

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 1986 में बनी शिक्षा नीति के तहत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की गई थी, जिसमें 60 प्रतिशत मुख्याध्यापक और 40 प्रतिशत प्रवक्ता शामिल थे। उस समय मात्र 236 प्रवक्ता काम कर रहे थे जबकि मुख्याध्यापकों की संख्या 1459 थी। यह तय किया गया था कि प्रवक्ताओं की संख्या में जैसे-जैसे इजाफा होगा, वैसे-वैसे प्रधानाचार्य पदों के लिए कोटे का पुन निर्धारण संख्या के आधार पर किया जाता रहेगा, लेकिन आज प्रदेश में प्रवक्ताओं की संख्या 18500 हो गई है, जिसके चलते प्रवक्ता अब सरकार से इस कोटे संख्या के आधार पर 95 प्रतिशत की मांग कर रहे हैं।


राजेश शर्मा।

# अब फैंसी नंबर प्लेट लगाने वालों पर कसा जाएगा शिकंजा

परिवहन विभाग बिगड़ैल चालकों पर करेगा कार्रवाई

**आरके रांगड़ा, चंबा**

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के स्थान पर फैंसी नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन धारकों पर शिकंजा कसने के लिए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। जिसके चलते विभाग द्वारा जिला के समस्त निरीक्षण नाकों पर ऐसे वाहनों की धड़पकड़ कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त पुलिस से संपर्क कर जिले में जगह-जगह नाकाबंदी कर ऐसे वाहनों को पकड़ने की रूपरेखा भी तैयार कर ली है। गौर हो कि जिला में कई ऐसे धनवान व्यक्ति है जो पैसों के दम पर नियमों को ताक पर रखकर अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी के स्थान पर फैंसी नंबर प्लेट लगा रहे है। वहीं बिना नंबर प्लेट, गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म वाले वाहनों का प्रचलन भी जिले में फिर से हावी होना आरंभ हो गया है। ऐसे वाहनों को भी जब्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विदित रहे कि वर्ष 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता की थी। ये आदेश निजी और कमर्शियल सभी वाहनों पर लागू किए गए थे, लेकिन आज भी अधिकतर वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर फैंसी नंबर प्लेट लगवाना पसंद करते हैं। वर्तमान में काफी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी प्लेट नहीं लगाई गई है। ऐसे में परिवहन विभाग ने उन पर कार्रवाई करने की योजना बनाई है। (अनंत ज्ञान)

### ये हैं फायदे

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के कई फायदे हैं। इस प्लेट में क्रोमियम होलोग्राम लगा होता है। इसके तह पंजीकरण नंबर प्लेट में यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर होता है। इस रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए वाहन के मालिक के बारे में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त क्रोमियम होलोग्राम के जरिए अंधेरे में भी कैमरे से इस नंबर को स्कैन किया जा सकता है। जिससे वाहन चोरी होने पर उनकी बरामदी में आसानी होती है। कई बार अपराधी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ छेड़छाड़ कर फायदा उठा लेते थे, लेकिन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर ऐसा करना संभव नहीं है।

> यातायात नियमों के अनुसार सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट होना अनिवार्य है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं हैं। सभी निरीक्षण नाकों पर भी ऐसे वाहनों को पकड़कर वाहन मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **-राम प्रकाश, आरटीओ, चंबा**

**समस्या** मांडू, बुदियाडी और साहलूई के ग्रामीणों ने डीसी को बताई अपनी समस्या

# पशु चिकित्सालय के लिए 15 किलोमीटर का सफर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा की ग्राम पंचायत कुम्हारका के वार्ड मांडू में आने वाले गांव मांडू, बुदियाडी और साहलूई में पशु चिकित्सालय न होने को लेकर ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या के समाधान की गुहार लगाई है।

सौंपे हुए ज्ञापन से उपायुक्त चंबा को अवगत करवाते हुए गांव मांडू, बुदियाडी और साहलूई के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जो पशु चिकित्सालय कैहमली में है।जो कि उक्त गांव से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर है। जबकि सड़क के माध्यम से देखा जाए तो यह लगभग 15 किलोमीटर के करीब है।

जहां पर पशुओं को ले जाना बहुत मुश्किल होता है। कई बार गाय को टीका लगवाने के लिए चिकित्सक को सूचित किया जाता है कि वह आ जाए परंतु इतनी दूर पहुंचते समय तक पशु प्राण तक त्याग दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गाय को टीका लगवाने के लिए नजदीक के पशु चिकित्सालय काकडोलू कुम्हारका में इसकी व्यवस्था की जाए ताकि ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने उपायुक्त से अपील की है कि पशु चिकित्सालय को निर्देश दिए जाएं ताकि गांव मांडू, बुदियाडी और साहलूई के स्थानीय ग्रामीणों को समस्या का सामना न करना पड़े। उधर उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस दिशा में जल्द ही ग्रामीणों को राहत प्रदान करवाई जाएगी। इस मौके पर गांव मांडू, बुदियाडी और साहलूई के प्रतिनिधिमंडल में पवन कुमार, राकेश कुमार, ओमी, देवी सिंह, ऋषि, अशोक कुमार, सुधीर, रविंद्र, बालोराम, रशू, सुरेश और पंकज ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



पशु चिकित्सालय की समस्या को लेकर उपायुक त चंबा अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपने पहुंचे मांडू, बुदियाडी और साहलूई के ग्रामीण।

# चूल्हा चौका छोड़ सड़कों पर महिलाएं

## छोटी काशी में नशे के खिलाफ उमड़ा सैलाब, शहर में रैली निकाल कर जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने ड्रग्स पर चलाए अपने अभियान 'ड्रग्स को हराना है, नशा मुक्त हिमाचल बनाना है' के तहत मंडी में जागरूकता रैली का आयोजन किया।

हर क्षेत्र की महिलाओं ने चूल्हा चौका छोड़ इस रैली में भाग लिया और नशे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई। इस रैली में पूरे क्षेत्र से महिला मंडलों की महिलाओं और हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

रैली पूरे मंडी शहर में निकाली गई और उसके पश्चात राजेश कपूर ने मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर लोगों को संबोधित किया। राजेश कपूर ने सेरी मंच से ड्रग्स पर एक जोरदार हुंकार भरी और वहां मौजूद लोगों का उत्साह देखने लायक था। भाषण के दौरान एक समय ऐसा भी आया जब कुछ शरारती तत्वों ने सेरी मंच की बिजली काट दी, लेकिन फिर भी राजेश ने लोगों में ड्रग्स को खत्म करने के लिए लोगों में नई ऊर्जा भरी। उन्होंने ठाना है कि जब तक ड्रग्स को खत्म नहीं कर देते हैं तब तक नहीं रुकेंगे चाहे कुछ भी हो जाए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज जरूरत है लोगों को नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि साथ मिलकर सभी लोग इसे खत्म करें और आने वाली पीढ़ी को ड्रग्स से बचाएं।



'ड्रग्स को हराना है, नशा मुक्त हिमाचल बनाना है' के तहत सोमवार को मंडी में रैली निकालते लोग।

# टावां गांव में एंबुलेंस सड़क और सामुदायिक भवन बनाया जाए

## बल्ह किसान सभा ने एडीएम मंडी को ज्ञापन सौंप उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल किसान सभा बल्ह इकाई के प्रधान प्रेमदास चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल एडीएम मंडी मदन कुमार से मिला और अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उन्हें सौंपा। हिमाचल किसान सभा बल्ह इकाई अध्यक्ष प्रेम दास चौधरी ने बताया कि टावां गांव की दलित बस्ती आज तक मूलभूत सुविधाओं से महरूम है, जबकि सरकार तथा प्रशासन द्वारा उनके लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई जाती हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई और अगस्त 2023 में भारी बारिश के कारण यहां का मोक्ष धाम बाढ़ में समा गया और रास्ते चलने योग्य नहीं रहे, एंबुलेंस सड़क न होने के कारण बुजुर्गों और बच्चों को अस्पताल ले जाने के लिए बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि एंबुलेंस सड़क मार्ग व सामुदायिक भवन व नाली की व्यवस्था जल्द की जाए।

उन्होंने कहा कि डयोडा जंगल में पपलर व अन्य पौधों की नर्सरी दोबारा शुरू की जाए जिससे किसान अपनी गैर उपजाऊ भूमि पर पेड़ लगा सके। वहीं कंसा ग्राउंड के बजाय कूड़ा निष्पादन को दूसरी गैर रियाहशी जगह पर बनाया जाए और बेसहारा पशुओं से फसलों के नुकसान से बचाने का समाधान किया जाए। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि भारी बाढ़ के प्रकोप को देखते हुए प्रस्तावित बल्ह एयरपोर्ट को दूसरी जगह बनाया जाए।


एडीएम मंडी को ज्ञापन सौंपते किसान सभा के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### गागल स्कूल की सिमरन सम्मानित


गागल स्कूल में एनएसएस स्वयंसेवी सिमरन को सम्मानित करते हुए।

**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल की एनएसएस स्वयंसेवी सिमरन ने शिमला में आयोजित की गई गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लिया। स्कूल प्रबंधन ने सिमरन को सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया। स्कूल प्रधानाचार्य रमेश कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सिमरन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. लेखराज कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने बताया कि इस छात्रा ने इससे पूर्व ऊना में आयोजित राज्य स्तरीय कैंप में स्कूल का प्रतिनिधित्व किया था जहां से उसका चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस की परेड के लिए हुआ था।

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, टांडा रेफर

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में सोमवार को एक युवक द्वारा नशीला पदार्थ निगलने का मामला पेश आया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर पांच के एक युवक द्वारा गलती से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, तबीयत खराब होने पर परिजनों द्वारा उसे सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया गया। आपातकालीन सेवाओं में उपलब्ध डॉक्टर अनु ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे टांडा रेफर कर दिया है। उपचाराधीन युवक की पहचान दमन दीप वार्ड नंबर पांच उम्र 30 साल के रूप में हुई है। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### बल्ह के नलसर से चोर ले उड़े बाइक

**नेरचौक।** बल्ह थाना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र नलसर से चोर एक बाइक उड़ा ले गए। जानकारी के अनुसार बाइक मालिक राहुल निवासी उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह और उसका दोस्त इसी क्षेत्र में गमले और पौधे बेचने का काम करते हैं। इन्होंने नलसर में किराये पर एक कमरा ले रखा है। रविवार को दोनों अपने काम से अपने कमरे में वापस आए और आठ बजे के करीब अपनी बाइक आंगन में खड़ी की। इसके साथ एक बाइक और खड़ी थी और सुबह 7:30 बजे जब बाहर निकले, तो देखा कि बाइक वहां से गायब थी। बल्ह थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई। बल्ह पुलिस सीसीटीवी की फुटेज की जांच कर चोरों की तलाश कर रही है।

### संधोल से वृंदावन बस सेवा शुरू



**संधोल।** संधोल से अब श्रीकृष्ण भक्त दर्शन के लिए सीधी बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। हिमाचल पथ परिवहन निगम हमीरपुर डिपो द्वारा संधोल से वृंदावन के लिए बस सेवा प्रारंभ की है जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। श्रीकृष्ण धाम वृंदावन के लिए यह बस सेवा संधोल से सवा चार बजे शाम को चलेगी जो कक्कड़, टोणी देवी, हमीरपुर, घुमारवीं, किरतपुर, चंडीगढ़, दिल्ली, फरीदाबाद होते हुए साढ़े आठ बजे लगभग साढ़े छह सौ किलोमीटर का सफर तय कर यात्रियों को वृंदावन तक पहुंचाएगी। शनिवार से यह बस संधोल बस अड्डे से वृंदावन के लिए शुरू हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है कि दर्शन सेवा योजना के अंतर्गत हमीरपुर वृंदावन बस को हमीरपुर बस अड्डा से रवाना किया गया है।

### उदित ने झटका जिलेभर में प्रथम स्थान

**सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर्गत कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए करवाई गई स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभाविप सुंदरनगर जिला संयोजिका साक्षी ठाकुर ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निहरी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी उदित ने जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। महावीर पब्लिक स्कूल की एंजेल जिला में दूसरे और सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ से अनुभूति तीसरे स्थान पर रही है। इसके साथ ही अभिमन्यु विवेकानंद पब्लिक स्कूल डैहर, चेतस ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौवीसेरी, नलिनी सुंदरनगर गायत्री देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धंगियारा और अपर्णा ठाकुर गोल्डविन इंटरनेशनल स्कूल डैहर ने प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। जिला के टॉप आठ विद्यार्थियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# संधोल के साथ कांग्रेस सरकार कर रही भेदभाव: रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, संधोल**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के धर्मपुर दौरे से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। सरकार के समर्थक दौरे को क्षेत्र के लिए लाभप्रद घोषित कर चुके हैं, लेकिन दूसरी तरफ विपक्ष निरंतर क्षेत्र में मुखर है। अब तो पिछले चुनावों में भाजपा से धर्मपुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे व भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर मैदान में आ गए है।



उन्होंने कहा कि पूर्ण राज्यत्व दिवस का आयोजन धर्मपुर में करना स्वागत योग्य है जिसका हम स्वागत करते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने संधोल क्षेत्र के साथ अन्याय किया है, वर्तमान विधायक पूर्व में भाजपा सरकार के समय हुए विकास कार्यों या शुरू किए हुए कार्यों की ही घोषणा पुन: करके क्षेत्र की वास्तविक मांगों व समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष दृढ़ता से रखने में असमर्थ सिद्ध हुए हैं। भाजपा शासन में संधोल का चहुंमुखी विकास होता है, लेकिन कांग्रेस सरकार में भेदभाव का शिकार यह क्षेत्र होता आया है। रजत ठाकुर ने कहा कि वर्तमान विधायक कहते थे कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो हम 10 दिन में संधोल में एसडीएम ऑफिस खुलवाएंगे, लेकिन अब तो लगभग डेढ़ वर्ष सरकार को बने हुए हो गए है बल्कि सप्ताह में दो दिन के लिए जिस एसडीएम कैंप ऑफिस को हमने शुरू करवाया था अब उसे भी बंद कर दिया गया है जोकि क्षेत्र के साथ अन्याय है। स्थानीय विधायक संधोल महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं शुरू करवाने की घोषणा नहीं करवा पाए, तीस करोड़ के अस्पताल के भवन को मात्र पचास लाख रुपए की घोषणा करवा गए। संधोल में एसडीएम और तहसील कल्याण कार्यालय खुलवाने का वादा कर लोगों से वोट लेने वाले विधायक ने मुख्यमंत्री से एसडीएम ऑफिस के मुद्दे का जिक्र तक करना उचित नहीं समझा। यहां तक कि राष्ट्रीय कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान जो केंद्रीय मंत्री ने संधोल में खुलवाने का वादा किया था उसके लिए भी जमीन चिन्हित नहीं की जा रही है। सैनिक विश्राम गृह संधोल का काम सरकार बदलने के दिन से ही लटका है, जिससे क्षेत्र के लोग काफी नाराज हैं। यदि मुख्यमंत्री के इस दौरे को देखे तो यह दौरा पूर्ण तौर पर नाकाम दौरा है तथा संधोल क्षेत्र के साथ स्पष्ट तौर से भेदभाव व अन्याय है। इसका जवाब स्थानीय लोग आगामी लोकसभा चुनाव में देंगे।

## महंगाई भत्ता व एरियर मांगा

**मंडी।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष चमन ठाकुर, सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ के प्रेस सचिव धर्मपाल सरोच व सेवानिवृत्त कर्मचारी सेवक राम ने सरकार से प्रदेश के कर्मचारियों व पेंशनर्स को पहली जुलाई 2022 से महंगाई भत्ता व वेतन वृद्धि की बकाया राशि एरियर देने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा लाखों कर्मचारियों को गत 25 जनवरी को महंगाई भत्ता व वेतन वृद्धि की बकाया राशि एरियर न दिए जाने पर रोष जताया। उन्होंने प्रदेश सरकार से शीघ्र ही उक्त देय भत्तों व बकाया राशि को देने की गुहार लगाई है। इसके साथ ही उन्होंने अनुबंध सेवा पर नियुक्त कर्मचारियों को 30 सितंबर व 31 मार्च को दो वर्ष का सेवाकाल पूरा करने पर पूर्ववत ही नियमित किए जाने व स्थानांतरण में 30 किलोमीटर की शर्तों को कम करके 20 किलोमीटर करने की भी मांग की है।

# विश्वकर्मी विकास सभा ने सामाजिक कार्यों पर की चर्चा



गुरुद्वारा साहिब नेरचौक में बैठक में मौजूद विश्वकर्मी विकास सभा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

हिमाचल प्रदेश विश्वकर्मी विकास सभा की राज्य स्तरीय बैठक राज्य अध्यक्ष बिशन दास की अध्यक्षता में गुरुद्वारा साहिब नेरचौक में हुई। बैठक में खंड स्तर से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक के विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की गई। जिन खंडों और जिला के चुनाव होने को है, उनके बारे में भी चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश स्तर पर किस तरह से सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष तौर पर स्टेयरिंग कमेटी के चेयरमैन एनआर चौहान उपस्थित रहे। प्रदेश के महामंत्री आनंद सिंह चौहान, उपाध्यक्ष कृष्ण भारती, कोषाध्यक्ष एलआर सकलानी, जिला कुल्लू के प्रधान प्रेम दास, महासचिव कृष्ण धीमान, सचिव पूर्ण चंद, रोशन लाल उपाध्यक्ष, नारायण, प्रधान नाचन खंड राज कुमार, प्रधान सरकाघाट प्रकाश चंद, प्रधान सुंदरनगर राम लाल, प्रधान बल्ह महंत राम, महासचिव ठाकर दास, रमेश कुल्लू, सुदर्शन चौहान बल्ह, संदीप कुमार कुल्लू, सुनील सरकाघाट मौजूद रहे।

# अर्पित चौहान का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया


अर्पित चौहान का स्वागत करते ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

हिमाचल से एकमात्र खिलाड़ी अर्पित चौहान ने भारतीय डॉजबॉल टीम में बतौर खिलाड़ी भाग लिया। यह भारतीय डॉजबॉल टीम एशियन डॉजबॉल चैंपियनशिप जो सऊदी अरब के रियाध शहर में 21 से 25 जनवरी को संपन्न हुई।

हिमाचल प्रदेश डॉजबॉल संघ के लिए यह गर्व की बात है कि प्रदेश के जिला मंडी के सुंदरनगर से एक खिलाड़ी अर्पित चौहान का चयन भारतीय डॉजबॉल टीम के लिए हुआ था। अर्पित का सऊदी अरब से वापस आने पर जोरदार स्वागत किया गया। हिमाचल प्रदेश डॉजबॉल संघ के अध्यक्ष बृजलाल चौहान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश डॉजबॉल के लिए यह पहला मौका है कि हिमाचल प्रदेश का कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर आया है। हिमाचल डॉजबॉल संघ के अध्यक्ष बृज लाल चौहान, महासचिव राम सिंह चौहान, उपाध्यक्ष बृज लाल, प्रवीण कुमार, विजय कुमार, कोषाध्यक्ष अमी चंद, संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार वालिया, आयोजन सचिव रवि कुमार डोगरा, प्रेस सचिव मनोज कुमार, सदस्य अजय अटल तथा संतोषी देवी ने अर्पित चौहान को बधाई दी।

## रखोटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम दो को

**सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रखोटा में दो फरवरी को सुबह 10 बजे सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन से पहले 30 तथा 31 जनवरी को कार्यक्रम पूर्व गतिविधियां का 16 पंचायतों के लोगों के लिए पांच अलग-अलग जगहों पर कैंपों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को भदरवाड़, रखोटा, चलहोग के लोगों के लिए ग्राम पंचायत रखोटा में सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत जमणी, गौंटा, खाहन के लोगों के लिए बाद दोपहर एक बजे ग्राम पंचायत गौंटा में तथा ग्राम पंचायत गाहर, गेहरा, समसोह के लोगों के लिए इसी दिन सायं चार बजे गाहर में कार्यक्रम पूर्व गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# परेड में शामिल स्वयंसेवक मंडी लौटे


राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ मंडी के स्वयंसेवी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला के 20 स्वयंसेवक शिमला में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर वापस लौट आए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक रिज मैदान पर इन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को सलामी देकर जिला मंडी व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। एनएसएस जिला समन्वयक ललिता कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना जमा दो प्रकोष्ठ

### गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल को दी सलामी

हिमाचल प्रदेश द्वारा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल शिमला स्थित लालपानी में दस दिवसीय राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन किया गया। इस शविर में एक सौ स्वयं सेवकों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हेतु सलामी के लिए व राष्ट्र हित में समर्पण हेतू तैयार करना रहता है इस शिविर में जिला मंडी के बीस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिनमें मोनिका, कशिश, उमा, मुस्कान, खुशबू, सोनिका, मंजली, सिमरन, किरण, महादेव विद्यालय से तमन्ना, शीतल, अक्षित ठाकुर, सुमित ठाकुर, आर्यन, अंकित ठाकुर, अमन ठाकुर, कार्तिक, ललित ठाकुर, कृष कुमार ठाकुर व आदित्य राणा ने भाग लिया।

**भ्रमण** छात्रों ने ग्राम पंचायत भौर में प्रदर्शन स्थल का किया दौरा

# कनैड के बच्चों ने सीखे प्राकृतिक खेती के गुर

**अनंत ज्ञान, गोहर**

सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के अंतर्गत ग्राम पंचायत भौर में सुभाष पालेकर प्राकृतिक विधि द्वारा लगाए गए प्रदर्शन स्थल को देखने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कनैड के लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के अधिकारियों द्वारा बच्चों को जीवामृत और घन जीवामृत बनाने की विधि व प्रयोग करने की विधि से अवगत करवाया।

अधिकारियों ने उपस्थित बच्चों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया कि सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती का मूल सिद्धांत है कि वायु, पानी तथा जमीन में सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसलिए फसल या पेड़-पौधों के लिए किसी भी बाहरी रासायनिक खादों की आवश्यकता नहीं है। यह प्राकृतिक खेती विधि, मित्र कीट-पतंगों की संख्या में वृद्धि एवं अनुकूल वातावरण का निर्माण कर फसलों को कीट-पतंगों एवं बीमारियों से सुरक्षित करती है।

इस तरह किसी भी कीटनाशक या फफूंदनाशक की आवश्यकता को भी समाप्त कर देती है। जीवामृत और घन जीवामृत का प्रयोग भूमि में सूक्ष्म जीवाणुओं तथा केंचुओं की गतिविधियों को बढ़ाता है। जो इसमें बंद अवस्था में उपस्थित विभिन्न पौष्टिक तत्वों को उपलब्ध अवस्था में बदलकर समय-समय पर आवश्यकतानुसार पौधों को उपलब्ध करवाते हैं। इस तरह सूक्ष्म जीवाणुओं तथा स्थानीय केंचुओं की गतिविधियों की सक्रियता से भूमि की उर्वरा शक्ति हमेशा-हमेशा के लिए बनी रहती है। इस मौके पर विकास खंड धनोटू से खंड तकनीकी अधिकारी नरेंद्र कुमार, सहायक तकनीकी अधिकारी सौरव वालिया, वोकेशनल अध्यापक हितेश उपस्थित रहे।


प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी हासिल करते कनैड स्कूल के छात्र।

## दिल्ली से लौटी संगीत सदन की टीम


गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रस्तुति देकर लौटी कलाकार सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** दिल्ली में राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर मंडी की मशहूर सांस्कृतिक संस्था संगीत सदन के कलाकारों ने मंडयाली नागरी नृत्य की गौरवशाली सफल प्रस्तुति दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी सांस्कृतिक विरासत की झलकियां दिखाकर संगीत सदन की यह टीम सोमवार को मंडी वापस पहुंच गई है। संगीत सदन की सचिव ईशा डोगरा ने बताया कि देशभर से आए पंद्रह सौ लोक कलाकारों ने अपने-अपने राज्य के परिधान में अपने क्षेत्र की लोकनृत्य शैली को राष्ट्रीय एकता पर आधारित 12 मिनट के थीम सॉन्ग पर वंदे भारतम कार्यक्रम के दौरान एक साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तुति को मुंबई के मशहूर कोरियोग्राफर देवेंद्र शेलर और उनके सहयोगियों के द्वारा करीब एक महीने की कड़ी रिहर्सल के द्वारा तैयार किया गया था। संगीत सदन ने संगीत नाटक अकादमी के सौजन्य से इसमें भाग लेकर मंडी की नागरी नृत्य शैली को देश भर के सामने प्रस्तुत किया। ईशा डोगरा के नेतृत्व में दस लड़कियों दुर्वा शर्मा, लविशा शर्मा, डिंपल, भारती, नेहा, सोनाली, भारती, अंजली, पुष्पा और प्रीति ने अपने नृत्य से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि तीस दिन के अथक परिश्रम में बच्चों ने बहुत कुछ सीखा। टीम इंचार्ज ईशा डोगरा ने कहा कि एनसी जेड सीसी के निदेशक सुरेश शर्मा के भी आभारी हैं, जिन्होंने संगीत सदन के इन कलाकारों रहने खाने की उच्च स्तरीय व्यवस्था की।

## न्यूज ब्रीफ

### एक कुशल संगठनकर्ता थे सुरेंद्र खन्ना, अखाड़ा बाजार में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में पूर्व में हिमाचल के संभाग संघचालक सुरेंद्र खन्ना एक कुशल संगठन कर्ता थे, उनके निधन से अब समाज को भारी क्षति पहुंची हैं। सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अब उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। बीती 19 जनवरी को देहांत हो गया था। स्व सुरेंद्र खन्ना के निधन पर जिला कुल्लू के संघ कार्यालय आखाड़ा बाजार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर क्षेत्र प्रचारक बनबीर सिंह शामिल हुए। जबकि उत्तर क्षेत्र कार्यवाह विजय, प्रांत कार्यवाह कस्मित कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उत्तर क्षेत्र प्रचारक बनबीर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र खन्ना ने एक कुशल संगठन कर्ता थे और समाज में वो एक ओजस्वी वक्ता तथा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे थे। अपने जीवन काल में सामाजिक कार्यों के प्रचार में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई ।

### खेलो इंडिया में भाग लेने के लिए पुरुष व महिला वर्ग की टीमें लद्दाख रवाना



**केलांग।** खेलो इंडिया के तहत 2 फरवरी से 6 फरवरी तक आयोजित होने वाली चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश की पुरुष वर्ग तथा महिला वर्ग लद्दाख रवाना हो गई है। एडीसी काजा राहुल जैन ने सोमवार को सभी खिलाड़ियों को आशी पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा हाल ही में हिमाचल प्रदेश की टीमें कांस्य पदक जीत कर आ चुकी है। हमें पूर्ण विश्वास है खेलो इंडिया के तहत बेहतर प्रदर्शन हमारी टीमें करेंगी। वहीं, उन्होंने आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लाहुल स्पीति के सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद और उनका उत्साहवर्धन किया। दोनों टीमें राष्ट्रीय कोच अमित बेलवाल के नेतृत्व में जाएगी टीम। इसके साथ ही महिला वर्ग में कुंगा यंगचेन तथा कुंगा छोड़ोन स्पीड सेकेटिंग में भाग लेंगे। वहीं, पुरुष वर्ग में तन्नजिन लौटे भाग लेंगे।

### कटराईं स्कूल की छात्रा कंगना ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया




**राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के बाद अपने विद्यालय पहुंची कंगना का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य।**

**पतलीकूहल।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं की एनएसएस स्वयंसेवी छात्रा कंगना देवी का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के बाद अपने विद्यालय पहुंची। परेड में भाग लेने के बाद अपने विद्यालय में पहुंचने पर कंगना देवी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंगल चन्द नेगी सहित अध्यापकगणों और एनएसएस के सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी धर्म चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि कंगना देवी का चयन राज्य स्तरीय मेगा शिविर ऊना से हुआ, इस शिविर में लगभग 950 स्वयंसेवियों ने भाग लिया था। इन स्वयंसेवियों में से केवल 50 छात्रों तथा 50 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए हुआ था । यह शिविर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लालपानी शिमला में 18 जनवरी 2024 से 27 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया था। कंगना ने इस शिविर में भाग लेकर विद्यालय व कुल्लू जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य ने कंगना व उसके परिवार वालों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### भुंतर में 616 ग्राम चरस के साथ दो लोग गिरफ्तार

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के भुंतर में 616 ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम ने हाथीथान फोरलेन में यातायात चेकिंग के दौरान जब एक टेम्परेरी नंबर की कार की तलाशी ली तो उसमें सवार दो व्यक्तियों से 616 ग्राम चरस बरामद की। एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि चरस तस्करी के आरोप में पुने राम (44 वर्ष) पुत्र मंगल राम निवासी गांव सरोट तहसील बंजार व मानसुख (25 वर्ष) पुत्र जय राम निवासी गांव फरियाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ भुंतर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जबकि तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए वाहन को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार किए दोनों व्यक्तियों को कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### गणपति घुड़दौड़ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**नग्गर।** जिला कुल्लू के घुड़दौड़ में आराध्य देवता गणपति का जन्मदिन गांव वासियों ने धूमधाम से मनाया। देवता के कारदार प्रकाश ठाकुर ने बताया कि सुबह गणपति मंदिर में देवता का जन्मदिन का पूजन विधि पूर्वक पंडित ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा किया गया। उसके उपरांत सभी देवी देवताओं का भी पूजन किया गया। गणपति जी को पांच किलो के लड्डू का भोग लगाया गया। कटराईं गांव की महिलाओं की भजन मंडली ने भजन कीर्तन गाकर सारा माहौल भक्ति मय हो गया। इसमें गांव के सभी लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भक्तो के लिए धाम का आयोजन किया गया था। इस उत्सव में गांव घुड़दौड़ , कमसरी, लगाल बेहड़, शकड़बेहर, लरणकेलो, मियांबेहर, खमपा बेहड़ और बटाहर के अलावा सेंकडो लोगों ने गणपति में अपना शीश नवाजा।

### स्नो ड्रेस एसोसिएशन ने पतलीकूहल गो सदन को दान की आठ जीप घास



**मनाली।** स्नो ड्रेस एसोशिएशन मनाली द्वारा पतलीकुहल गौ सदन को आठ पिकअप घास दान की गई । पतलीकूहल गौसदन में लगभग 500 बेसहारा पशु हैं जिनके लिए घास की व्यवस्था स्थानीय लोग व मनाली और आस पास की सभी संस्थाएं कर रही हैं। स्नो ड्रेस एसोशिएशन के प्रधान दुर्गा दत्त ने बताया कि लोगों द्वारा काफी पशुओं को लाबारिस छोड़ा जा रहा है और इस तरह गो सदन में भी पशुओं के प्रबंधन और उनके चारे की व्यवस्था में दिक्कतें आ रही हैं । उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने जो आठ जीप घास गो सदन के लिए दिया है इसके खत्म होने पर एसोसिएशन फिर से यह प्रयास करेगी कि पशुओं के चारे में कमी न आए। उन्होंने कहा कि बारिश और बर्फबारी न होने से बाहर हरा चारा न मिलने पर पशु एकमात्र जो भी लोगों द्वारा घास दिया जा रहा है उस पर जिंदा हैं।

साहब! टनल निर्माण से सूखे दो पंचायतों के जलस्रोत, फिर भी प्रभावितों की श्रेणी से बाहर, 1999 में हुआ है एनएचपीसी दो व तीन परियोजनाओं का शिलान्यास

# दो पंचायतें प्रभावितों की सूची में शामिल नहीं

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला की लारजी पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में प्रोजेक्ट की टनलों से प्रभावित पंचायतों का मुद्दों जोरों से उठा। इस पर सीपीएस सुंदर ठाकुर ने प्रभावितों की समस्या का प्रमुखता से हल करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इन पंचायतों को प्रभावितों की श्रेणी में डाला जाएगा। वहीं प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

वहीं एनएचपीसी जल विद्युत परियोजना के लिए बनाई गई टनलों से प्रभावित दो पंचायतों को न तो प्रभावित की सूची में लिया गया है और न ही प्रभावित जोन में शामिल किया गया, जबकि बंजार उपमंडल की कोटला व चकुरठा पंचायतों की पहाड़ियों के नीचे भू-गर्भ से बिजली प्रोजेक्ट की टनलों का निर्माण हुआ है, जिससे यहां के लोगों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। हालांकि प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रोजेक्ट की तरफ से विकास के लिए धन देने का प्रावधान है, लेकिन बावजूद इसके कोटला व चकुरठा पंचायतों के करीब 25 गांवों लोगों को प्रभावितों की श्रेणी से बाहर रखा गया है। विडंबना यह है कि टनलों के निर्माण से इन दो पंचायतों के सभी गांवों के जलस्रोत सूख गए हैं। इन पंचायतों की पहाड़ियों के नीचे टनलें व पावर हाउस का निर्माण हुआ है, उससे पंचायत कोटला व चकुरठा का पूरा भौगोलिक क्षेत्र जर्जर हुआ है और भू-गर्भ में उठी तरंगों के कारण इन पंचायतों की पहाड़ियों का सारा पानी नीचे की तरफ भू-गर्भ में रिस गया है। इस कारण दोनों पंचायतों के पानी के प्राकृतिक स्रोत पूरी तरह से सूख चुके हैं और यहां की वनस्पति तबाह हुई है, लेकिन इन पंचायतों को प्रभावित पंचायतों में नहीं लिया गया है और न ही उन्हें प्रभावित होने का फायदा मिल रहा है। गौर रहे कि वर्ष 1999 में जिला में पार्वती परियोजना (एनएचपीसी) चरण दो



**लारजी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में अपनी समस्या रखते प्रभावित।** फाइल फोटो

अनंत ज्ञान मुद्दा

व चरण तीन का शिलान्यास हुआ है। परियोजनाओं की ओर से विभिन्न स्थानों पर टनलों का निर्माण किया गया है। इसी कड़ी में पार्वती परियोजना चरण तीन का पावर हाउस लारजी पंचायत के बनाहू में भू-गर्भ में बनाया गया है। यही नहीं पहाड़ी के अंदर पावर हाउस के अलावा कई टनलों का भी निर्माण हुआ है। लारजी पंचायत की जिस पहाड़ी में कई टनलों के अलावा हेड रेस टनल सहित जहां पावर हाउस बना है, उसी पहाड़ी की टॉप रेंज में पंचायत कोटला व चकुरठा पड़ते हैं। इन दोनों पंचायतों के करीब 25 गांव में पानी के प्राकृतिक जल स्रोत थे, जो अब सूख गए हैं, लेकिन प्रोजेक्ट के इस कार्य से पूरी पहाड़ी प्रभावित हुई है और पानी के प्राकृतिक जल स्रोत मिट चुके हैं।

ग्रामीणों के अनुसार उस समय यह तर्क देकर इन पंचायतों को प्रभावित पंचायतों से बाहर रखा गया कि टनलें व पावर हाउस लारजी पंचायत के भू-गर्भ में है न कि कोटला व चकुरठा पंचायतों में इसके बाद यह मामला उछला भी था और जब सर्वे हुआ तो सिर्फ कोटला पंचायत के लौल गांव को इसमें लिया गया था कि इस गांव के नीचे ही टनल पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि लौल गांव पहाड़ी पर स्थित है और इससे सिर्फ लौल गांव ही नहीं, बल्कि पूरी पहाड़ी प्रभावित हुई है जो कोटला व चकुरठा में फैली हुई है और लारजी पंचायत की पहाड़ी पर जहां लौल व पढारणी गांव स्थित है। वहीं, पहाड़ी की दूसरी तरफ इन दोनों पंचायतों के गांव बसे हैं। लिहाजा, पहाड़ी के एक तरफ के गांव व पंचायतें प्रभावित पंचायतों में लिए गए हैं और दूसरी तरफ के गांव प्रभावित पंचायतों में नहीं लिए गए हैं, जबकि प्रभावित क्षेत्र में पूरी पहाड़ी लेनी चाहिए थी। बहरहाल, यह मामला जब सरकार गांव के द्वार उछला है तो अब इन पंचायतों का रास्ता प्रभावित पंचायतों में शामिल होने पर साफ हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**प्रभावित पंचायतें**

लारजी, कनौन, धाऊगी, दुशाहड, वनोगी, सुचैहण, रैला, तलाडा जबकि देवगढ़, गोही व भलाण शामिल है।

> यह मामला पहले मेरे ध्यान में नहीं आया। यदि ऐसा है और पहाड़ी पर बसी पंचायतें प्रभावित हुई है इसका पूरा खाका तैयार करके दोनों पंचायतों को प्रभावित पंचायतों में शामिल किया जाएगा।
>
> **आशुतोष गर्ग, उपायुक्त कुल्लू**

> अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि दोनों पंचायतें सूची से बाहर क्यों रखी गई है। लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए इसका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **सुंदर सिंह ठाकुर, सीपीएस हिप्र**

## नग्गर पुल के समीप सड़क के खराब होने के चलते लगातार हो रहे हादसे

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

नग्गर पुल के समीप एक कार कंक्रीट की दीवार के लिए खोदी गई नाली में गिर गई है। गनीमत रही कि इस हादसे में वाहन में सवार लोगों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। गौर रहे कि इस स्थान पर आज तक का यह चौथा हादसा है। इससे पहले भी यहां पर दो ट्रैक्टर और एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है, लेकिन खेद का विषय है कि अभी तक लोक निर्माण विभाग ने यहां पर हादसों को रोकने के कोई भी इंतजाम नहीं किए हैं। विगत रहे कि पिछले वर्ष जुलाई माह में व्यास में आई भयंकर बाढ़ से नग्गर पुल से आगे की सड़क बह गई थी। इसके बाद तत्परता से बाढ़ की भेंट चढ़ी सड़क की मुरम्मत करवा कर इसे यातायात के लायक बना दिया गया था, परंतु उसके छह माह बाद अभी तक यहां पर सड़क को न तो पक्का किया गया है। इस सड़क के बार बार बाढ़ की चपेट में आने के चलते यहां पर कंक्रीट की दीवार का



निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए यहां पर बड़ी बड़ी नालियां खोदी गई है, परंतु वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के प्रावधान नहीं किए गए हैं। इस कारण यहां लगातार हादसे हो रहे हैं। वहीं, स्थानीय निवासी कुशल, डिंपल अशोक पुष्प, रमेश, कमल, पाल, राज, मीना ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि नगर पुल के दोनों तरफ बैरिकेट्स और स्ट्रीट लाइटों का प्रबंध किया जाए, ताकि ऐसे हादसों पर रोक लगे।

> मामला मेरे ध्यान में है। गत वर्ष पूर्व बाढ़ के कारण यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे एक सप्ताह में अस्थायी रूप से यातायात के लिए सुचारु कर दिया गया था । अब इस मार्ग पर कंक्रीट की दीवार लगाई जा रही है जिसका कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। कंक्रीट का कार्य पूर्ण होते ही यहां पर सड़क को पक्का कर क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभाग को सुरक्षा के उचित उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विधानसभा क्षेत्र**

## क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मरीजों को नहीं मिल पा रही फिजियोथेरेपी सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एक ओर जहां सरकार प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर अस्पतालों में मरीजों को कई तरह की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इसका उदाहरण क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि प्रदेश के तीन जिलों जिनमें कुल्लू, मंडी, लाहौल-स्पीति व पांगी को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने वाले क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में फिजियोथेरेपिस्ट तो हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन के पास उपकरणों की दरकार है।

ऐसे में सरकारी अस्पताल में बिना उपकरण फिजियोथेरेपी करने वाले मरीजों को सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। हालांकि अस्पताल परिसर में ही रेडक्रॉस सोसायटी ने फिजियोथैरेपी सेंटर चलाया है। वहां पर फिजियोथैरेपी करवाने वाले मरीजों की थैरेपी की जा रही है। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के अंदर फिजियोथैरेपी के उपकरण नहीं होने से यहां तैनात फिजियोथैरेपिस्ट भी मरीजों को उपचार नहीं दे पा रहे हैं। जिला कुल्लू में नसों में दिक्कत के कारण पांव दर्द, हाथ दर्द, गर्दन दर्द, सरबाइकल सहित पीठ दर्द के लिए फिजियोथैरेपी जरूरी है। लेकिन यह सुविधा सरकार की ओर से कुल्लू अस्पताल में नहीं मिल पा रही है।

**फिजियोथेरेपी से रखी जाती है शरीर की देखभाल**

**फिजियोथेरेपी** उपकरण का उपयोग रक्त प्रवाह को बढ़ाने, तेज करने के माध्यम से उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। ऊतकों, टेंडन व मांसपेशियों आदि की उपचार प्रकिया संकुचित जोड़ों में गतिशीलता लाने में इसका प्रयोग किया जाता है। इन उपकरणों का उपयोग करने में फिजियोथेरेपिस्ट की विशेषज्ञता यह सुनिश्चित करती है कि रोगियों को उनकी विशिष्ट स्थितियों और लक्ष्यों के अनुरूप देखभाल प्राप्त हो। चिकित्सीय स्थितियों के उपचार में उनकी भूमिका के अलावा कई फिजियोथेरेपी उपकरणों का उपयोग शरीर सौष्ठव, शक्ति प्रशिक्षण और समग्र फिटनेस के लिए भी किया जाता है। प्रतिरोध बैंड, वजन और बैलेंस बोर्ड सहित ये उपकरण मांसपेशियों की ताकत और लचीलेपन में सुधार करने में सहायता करते हैं।

> क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में दो फिजियोथेरेपिस्ट हैं। उपकरणों के बिना दिक्कत है। फिजियोथेरेपी उपकरणों के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को डिमांड भेजी गई है। हालांकि रेडक्रास सोसायटी का अस्पताल परिसर में ही फिजियोथेरेपी सेंटर हैं, वहां पर मरीजों को बेहतरीन सुविधा दी जा रही है।
>
> **डॉ. नरेश चंद, चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**

## केरल की शिक्षा प्रणाली का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त कर लौटे जिले कुल्लू के 18 विद्यार्थी

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

समग्र शिक्षा अभियान हिमाचल प्रदेश द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के छह जिलों के 112 विद्यार्थियों के साथ जिला कुल्लू के 18 विद्यार्थियों ने केरल शैक्षिक भ्रमण का आनन्द लिया।

10 दिवसीय इस शैक्षिक भ्रमण में समग्र शिक्षा हिमाचल से एक भारत श्रेष्ठ भारत राज्य समन्वयक वर्षा सूद तथा जिला कुल्लू के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में कार्यरत प्रवक्ता कुन्दन शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने केरल की राजधानी तिरुवंतपुरम में पद्मनाभ स्वामी मंदिर, कोवलम बीच, शंगमुंगम बीच,केरला जूलॉजिकल पार्क सहित विभिन्न धार्मिक तथा पर्यटन स्थलों का दौरा किया । विद्यार्थियों ने कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल से अरब सागर , बंगाल की खाड़ी तथा हिंद महासागर



के विहंगम दृश्य का साक्षात अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने तिरुवनंतपुरम के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक पाठशाला पट्टम का भ्रमण किया तथा दिनभर वहां की शैक्षिक प्रणाली को जाना ।

विद्यार्थियों ने कुल्लवी नाटी से केरल के विद्यार्थियों को थिरकने पर मजबूर किया । केरल के विद्यार्थियों ने भी अपने विशिष्ट नृत्य तथा नाटक से समां बांधा । विद्यार्थियों ने जहां वहां के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से संवाद किया तो वहीं प्रयोगशालाओं के व्यवहारिक प्रयोग तथा एमडीएम प्रणाली से खासे प्रभावित हुए। वहां की कक्षा आठवीं की छात्राओं ने कुल्लू के विद्यार्थियों के समक्ष एलईडी बल्ब बनाने की पूरी विधि का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के लिए रेल यात्रा, समुद्री तट भ्रमण, केरल की पाठशाला के विद्यार्थियों से संवाद, समुद्री नौका विहार आदि अविस्मरणीय पल रहे तथा सभी विद्यार्थियों ने बहुत आनंद लिया तथा अपनी डायरी में प्रत्येक वृत्तांत को अंकित किया। इस दौरान विद्यार्थियों के एस्कॉर्ट अध्यापक एवम एचपीपीएसएलए के जिला प्रधान कुंदन शर्मा ने विद्यार्थियों को इस तरह के ज्ञानवर्धक अवसर प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ,शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर , समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा तथा जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया ।

उन्होंने इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधाएं देने एवम सहयोग और मार्गदर्शन के लिए राज्य परियोजना निदेशालय से समन्वयक वर्षा सूद, गीतिका नेगी ,रंजना , चंबा से शिक्षक अजय कपूर, सभी एस्कॉर्ट अध्यापकों, पैराडाइज टूर एजेंसी तथा जिला कुल्लू समन्वयक जीत राणा का धन्यवाद किया। शिक्षा खंड आनी से ख्याति शर्मा ,काव्यांश, नैंसी तथा तमन्ना, खंड बंजार से अनुष्का, देवेंद्र तथा शालू ,खंड निरमंड से साक्षी तथा वितर्ष ,मनाली से नविता ,सैंज से रंजना तमांग तथा खंड कुल्लू से संस्कृति शर्मा, मुस्कान, प्रीति, लकी राज, समीर, आर्यन तथा अरमान इस शैक्षिक भ्रमण के हिस्सा रहे। (अनंत ज्ञान)

## ग्राम पंचायत पुंथल को मिला नया आलीशान पंचायत भवन

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के विकास खंड भुंतर के तहत आने वाली ग्राम पंचायत पुंथल को आलीशान पंचायत भवन मिला है। सोमवार को पंचायत प्रधान माला नेगी ने ग्राम पंचायत पुंथल के नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकापर्ण किया।

इस मौके पर बीडीसी सदस्य ठाकरी देवी, उपप्रधान घनश्याम, पंचायत सचिव किशन चंद, सिलाई अध्यापिका क्षमा देवी, वार्ड नंबर से वार्ड सदस्य किरन कुमार, वार्ड नंबर दो से सदस्य रीना नेगी, वार्ड नंबर तीन से सदस्य देवकला, वार्ड नंबर चार से सदस्य मीना और वार्ड नंबर पांच से वार्ड सदस्य केहर सिंह शामिल रहे। भवन का लोकापर्ण पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत पुंथल के तहत आते सभी वार्डों के निवासी भी मौजूद रहे। बता दें कि कुछ सालों पहले पुंथल पंचायत का भवन आपदा से क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं, इसके बाद पुंथल पंचायत का कामकाज युवक मंडल भवन में पिछले



12-13 सालों से चल रहा था। वहीं, अब वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत भवन के निर्माण को लेकर प्रयास किया और आज एक आलीशान पंचायत भवन बन गया है और सोमवार को पंचायत भवन का लोकापर्ण कर जनता को समर्पित किया गया है। पुंथल पंचायत की प्रधान माला नेगी ने बताया कि सभी प्रतिनिधियों की मेहनत और लगन के साथ पंचायत का नव निर्मित भवन बन गया है। उन्होंने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों से पंचायत की पहली बैठक में ही सबसे पहले पंचायत भवन बनाने की बात पर चर्चा की थी और आज भवन बनकर तैयार हुआ है। यहां पर सभी को बैठने के लिए बेहतरीन व्यवस्था का प्रयास किया है।

**प्रेसवार्ता** अग्निवीर योजना एक लंगड़ी योजना है इसे तुरंत निरस्त किया जाए: टीसी ठाकुर

## वन रैंक वन पेंशन को पूरी तरह से लागू किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर ने कहा है कि अग्निवीर योजना केंद्र सरकार की एक लंगड़ी योजना है जोकि भारतीय सेना को मजबूती देने की बजाए सेना के मनोबल को कमजोर कर रही है। सोमवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना को विफल योजना बताते हुए इस योजना को लंगड़ी योजना करार दिया।

ब्रिगेडियर टी.सी. ठाकुर ने केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अग्निवीर योजना एक लंगड़ी सेना भर्ती योजना है जिसकी वजह से हमारी युवा पीढ़ी का ओर देश का भविष्य खतरे में आ गया है। उन्होंने कहा कि लगभग दो शताब्दियों से चली आ रही पूर्व सेना भर्ती योजना जिसका

**सेना को राजनीति से दूर रख सैन्य शक्ति को मजबूत बनाने में करें प्रयास**

मुख्य कारण था पुरानी भर्ती निति के तहत भर्ती किए गए युवाओं को कम से कम एक साल का कड़ा और कठिन प्रशिक्षण देकर आगे विभिन्न इन्फैंट्री बटालियों में भेजना आदि शामिल है इसके साथ ही जहां वह अपनी ड्यूटी के दौरान अन्य कोर्स पास करके लगभग चार-पांच साल में एक अनुभवी व मजबूत लड़ाकू सैनिक बनते थे वो केन्द्र सरकार ने अग्निपथ स्कीम के माध्यम से इनका प्रशिक्षण आधा कर दिया है जोकि देश के लिए सही नही है।

कोरोना महामारी से पहले लाखों युवाओं ने पुरानी सैन्य भर्ती योजना के तहत फीसें भर कर परीक्षा दी ओर फिर शारीरिक ओर




**अग्निवीर योजना के विरोध में पत्रकार वार्ता में भाग लेते हुए ब्रिगेडियर टी.एस. ठाकुर एवं अन्य।**

मेडिकल परीक्षण पास कर चुके इन लाखों प्रतिभागियों में से देशभर से लगभग 1,50,000 युवा हर तरह से योग्य घोषित किए गए थे, जिन्हें भाजपा सरकार ने दरकिनार कर उनके सपनों पर गहरा कुठाराघात करते हुए 16 जून 2022 को अग्नीपथ योजना लागू कर उनकी भर्ती को रद्द कर इन युवाओं को गहरा सदमा पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने उन्हें पूरा भरोसा दिलाया कि वह सड़क से संसद तक उनके हकों की आर-पार की लड़ाई लड़कर उन्हें इन्साफ दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी और इस न्याय की लड़ाई में सभी पूर्व सैनिक और कर्मठ युवा कांग्रेस का हर एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन 1,50,000 युवाओं के साथ पहले भी खड़ा था अब भी न्याय मिलने तक उनके साथ चलेगा। उन्होंने सेना के नाम पर हो रही राजनीति को दुखद बताते हुए कहा कि कम से कम अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए ओर वोट बैंक के लिए सेना के नाम पर राजनीति नही करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने वन रैंक वन पेंशन स्कीम को पूरी तरह से लागू करने की वकालत की। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता कर्ण देव बौद्ध, कैप्टन तारा चंद ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## लोक गायक आईएस चांदनी ने बनाया नशे के प्रति जागरूक करने का गीत



**कुल्लू।** कुल्लू के लोक गायक आईएस चांदनी ने नशे के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गीत तैयार किया है। नशा नशा टाइटल के इस ऑडियो गीत का लोकार्पण कुल्ल के प्रेस भवन में सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने एक सादे कार्यक्रम में किया। आईएस चांदनी ने इस गीत के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव को बताने की कोशिश की है। चांदनी ने बताया कि हालांकि इस गीत को उन्होंने 90 के दशक में लिखा है और कई बार स्टेज कार्यक्रम में भी गया है। लेकिन पहली बार इसे ऑडियो में पिरोया गया है। उन्होंने कहा कि आने बाले समय में इस गीत का वीडियो फिल्माया जाएगा। जिसका फिल्मांकन मणिकर्ण घाटी के कसोल में किया जाएगा।

# पशुपालन विभाग ने गोबर खरीदने के लिए किसानों का डाटा तैयार करना किया शुरू

## हमीरपुर जिले में करीब 446 किसानों ने पहले चरण में गोबर बेचने के लिए हामी भारी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार की गोबर खरीदने की गारंटी को लेकर हमीरपुर पशुपालन विभाग द्वारा कवायद शुरू कर दी गई है। सोमवार को पशुपालन विभाग के उपनिदेशक मनोज धीमान ने बताया कि हमीरपुर जिले में गोबर खरीदने के लिए किसानों का डाटा तैयार किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग ने जिस के लिए कलस्टर लेवल पर कमेटियां गठित कर दी हैं, ताकि गोबर बेचने वाले किसानों की पहचान की जा सके, अगर प्रदेश सरकार गोबर खरीद के लिए कोई आदेश जारी करती है, तो संबंधित किसानों से गोबर खरीदा जा सके, ऐसे में हमीरपुर जिले के करीब 466 किसानों ने पहले चरण में गोबर बेचने के लिए हामी भरी है।

विभाग ने इन किसानों के नाम पशुपालन विभाग के निदेशालय को भेज दिए हैं। विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर ऐसे किसानों का डाटा तैयार करने में लगी हुई हैं, जो कि गोबर बेचने के इच्छुक हैं।



पशुपालन विभाग हमीरपुर का दृश्य। (फाइल फोटो)

प्रदेश सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में गोबर दो रुपए किलो के हिसाब से खरीदने की घोषणा की है, ऐसे में पशुपालन विभाग पहले से ही ऐसे किसानों की पहचान करने में जुट गई है, ताकि प्रदेश सरकार गोबर खरीद को लेकर कोई योजना बनाती है, तो संबंधित किसानों से गोबर खरीदा जा सके। वहीं, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनोज धीमान का कहना है कि हमीरपुर जिले में ऐसे किसानों का डाटा तैयार किया जा रहा है, जो कि गोबर बेचने के इच्छुक हैं।

अभी तक जिला के 466 किसानों ने गोबर बेचने के लिए तैयार हुए हैं। (अनंत ज्ञान)


बाहनवी पाठशाला की एनएसएस स्वयंसेवी दीक्षा को सम्मानित करते गणयमान्य।

# बाहनवी स्कूल की दीक्षा रानी ने लिया राज्य स्तरीय परेड में हिस्सा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहनवी की 12वीं कक्षा की एनएसएस स्वयंसेवी दीक्षा रानी ने राजधानी शिमला के रिज मैदान पर आयोजित हुई गणतंत्र दिवस की परेड में स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबोध ठाकुर, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, नीलम देवी, प्राध्यापक अरुण ठाकुर, जोगिंद्र सिंह, संजीव कुमार, सुरजीत कुमार, नरेंद्र कुमार, गुलशन, सुमिता रानी प अन्य सभी अध्यापकों ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और सभी विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# धूमधाम से आयोजित होगा धरोड़ का दंगल मेला

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धरोड़ (चमराल ) में सात फरवरी को होने वाला दंगल मेला हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी काफी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी महावीर दंगल कमेटी के प्रधान सुंदर्शन जरियाल ने कही। कमेटी के प्रधान ने बताया कि मेले के आयोजन को लेकर अतिशीघ्र महावीर दंगल कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी एवं धरोड़ (चमराल) में होने वाले दंगल मेले के आयोजन के बारे में कमेटी के सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान दंगल के स्टेडियम में बने हनुमान मंदिर को पूर्ण रूप से सजाया जाएगा एवं मेले में पानी की व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि दंगल में आने वाले नामी पहलवानों को यहां किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

गौर है कि कस्बा बड़ा के धरोड़ में होने वाला दंगल मेला जिला हमीरपुर में काफी ख्याति प्राप्त किए हुए है। इस दंगल मेले में न केवल हिमाचल बल्कि पड़ोसी राज्यों के नामी पहलवान भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं।

यह दंगल मेला फागुन मास के 25 प्रविष्टे को आयोजित होने के कारण इस दंगल को पच्चीयां दी छिञ्ज नाम से जाना जाता है। इस स्थान पर मेले के दौरान होने वाले दंगल के लिए जिस स्टेडियम को बनाया गया है, उसका निर्माण कमेटी ने लोगों के सहयोग से करवाया है। (अनंत ज्ञान)


धरोड़ का स्टेडियम जहां विभिन्न राज्यों के नामी पहलवान दंगल में जोर-आजमाइश करेंगे।

# डीएवी कांगू के छात्र ने पीएम से किया सवाल

**नादौन।** सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम सभी स्कूलों में चला। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में टीआर डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगू के 10वीं कक्षा के छात्र अभिनव राणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने विचार तथा प्रश्नोत्तर आदान-प्रदान करने का अवसर स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश शर्मा के मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ।

अभिनव राणा ने प्रधानमंत्री से परीक्षा के समय छात्रों पर तनाव और मोबाइल प्रौद्योगिकी उपकरण के लाभों तथा उपयोग के बारे में प्रश्न किया। अभिनव राणा ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री से प्रश्न करके मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो आप यहां कहते हैं, उसका पालन भी करें। शिक्षक अपने छात्रों को परीक्षाओं के दौरान तनाव मुक्त रहने में मदद करें।

# गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में धूमधाम से मनाया वितरण समारोह



गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा के मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

इसमें स्कूल के चेयरमैन बीएल चड्ढा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ की गई। स्कूल के प्रबंधक सतीश चड्ढा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी व वर्षभर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों तन्वी, रजवी, काव्या, शीतल, विभूति, अक्षरा, आराध्या, दिव्यांशी, सुहानी, सरिशा आदि द्वारा देशभक्ति नाटक, समूह गान, भांगड़ा, पहाड़ी नाटी तथा पंजाबी गिद्दा आदि प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्कूल के अध्यापकों इंदुबाला, आरती, अंजना, पार्वती, रचना, आवेदा, पूजा, रेखा, वंदना, सुनैना, डिंपल, मनीषा, संगीता, मनोज, शकील तथा राज ने प्रिंसिपल सुनैना चड्ढा की देखरेख में कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# अग्निवीर योजना युवाओं के साथ धोखा : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भूतपूर्व सैनिक कांग्रेस और युवा कांग्रेस ने आज हमीरपुर में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाई गई अग्निवीर योजना और युवाओं से किए विश्वासघात के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर खूब भड़ास निकाली। हमीरपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, कैप्टन रि. रत्तन चंद, सूबेदार मेजर रि. विधि चंद, प्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग प्रमुख डॉ. चंदन राणा, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव टोनी ठाकुर एवं अन्य अग्निवीर भर्ती में भाग ले चुके अन्य युवा मौजूद रहे।

करीब अढ़ाई शताब्दियों से चली आ रही पूर्व सेना भर्ती योजना समाप्त करके, एकाएक मात्र चार साल के लिए सेना में सेवा करने के लिए अस्थायी अग्निवीर योजना शुरू करके मोदी सरकार ने सेना की पवित्रता और प्रतिष्ठा से खिलवाड़ किया है। कोरोना महामारी से पहले लाखों युवाओं ने पुरानी सैन्य भर्ती योजना के तहत फीसें भरीं, परीक्षा दी, फिर शारीरिक, मेडिकल परीक्षण पास किए।


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता।

इन लाखों प्रतिभागियों में से देशभर से लगभग 1,50,000 युवा हर तरह से योग्य घोषित किए गए परंतु भाजपा सरकार ने उन्हें दरकिनार कर उनके सपनों पर गहरा कुठाराघात करते हुए आनन-फानन में 16 जून 2022 को अग्निपथ योजना लागू कर उनकी भर्ती ही कैंसल कर इन युवाओं के साथ विश्वासघात किया। कुलदीप पठानिया ने कहा कि हिमाचल को वीरभूमि के नाम से भी जाना जाता है। तकरीबन हर दूसरे घर से हमारे युवा सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का सपना देखते हैं, मगर देश और प्रदेश के लाखों युवाओं के इन सपनों पर केंद्र की भाजपा सरकार ने ग्रहण लगा दिया है।

मेजर सूबेदार रि. विधि चंद ने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुरानी भर्ती नीति के तहत भर्ती किए गए युवाओं को कम से कम एक से दो साल का कड़ा और कठिन प्रशिक्षण देकर आगे विभिन्न इन्फेंट्री बटालियनों में भेजा जाता था, आगे जहां वह अपनी ड्यूटी दौरान अन्य कोर्स पास करके लगभग चार-पांच साल में एक अनुभवी व मजबूत सैनिक बनते थे, जबकि अग्निपथ स्कीम में तो इनकी प्रशिक्षण अवधि को कम और कमजोर कर दिया है।

डॉ. चंदन राणा ने कहा कि चंद कॉर्पोरेट घरानों के इशारों पर चलने वाली इस मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना के जरिए चार साल बाद 75 प्रतिशत को सेवानिवृत्त कर भारतीय सेना में भी कार्पोरेट संस्कृति को स्थापित करने का काम किया है।

क्यों हमीरपुर के सांसद अग्निवीर योजना पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं देते ? खुद के नाम के साथ लेफ्टिनेंट जोड़ने वाले सांसद महोदय यह बताएं कि किस कारण पिछले डेढ़ साल में वीरभूमि हमीरपुर के युवाओं की भर्ती में भाग लेने की संख्या आधे से भी कम हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कंप्यूटर साइंस विभाग के अंशुल को मिली नौकरी

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र अंशुल का मेनरोल स्किल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्लेसमेंट हुआ है। विभागाध्यक्ष इंजी. अंशुल ठाकुर ने बताया कि यह छात्र इस कंपनी में पहले इंटरनशिप के लिए गया था, वहीं कंपनी में अंशुल का प्लेसमेंट हो गया है। कंपनी अंशुल को 25 हजार रुपए प्रति माह वेतन देगी। चयनित स्टूडेंटस को विभागाध्यक्ष व सभी प्रोफेसरों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम से बच्चों ने लिया ज्ञान


प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम से महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते भगवती स्कूल के बच्चे।

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में बोर्ड स्टूडेंट्स को प्रधानमंत्री के खास कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का संवाद सर्माट रूम में दिखाया गया। प्रधानमंत्री का छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण था, जिसमें उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को कम करने के बारे में बताया। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों को खुद को मोटिवेट करने, अपनी कमजोरियों को समझने और उन्हें दूर करने की दिशा में प्रयास करने और आने वाली परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री का बड़सर विधानसभा का दौरा पूर्णतया सफल : पूर्व विधायक


प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

हाल ही में बड़सर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का एकदिवसीय दौरा पूर्णतया सफल रहा है। यह बात प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा ने रेस्टहाउस मैहरे में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा की कुछ छुटभैया नेता अपना उल्लू सीधा करने के लिए अलूल-जलूल बयानबाजी कर रहे हैं, जो कि सरासर झूठ है। डोगरा ने कहा कि विधायक लखनपाल की लोकप्रियता कुछ लोगों को राज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री का हर किसी को स्वागत करने का पूरा हक है।

भाजपा अपने दमन को जरा झांक कर देखें, जब प्रदेश में धूमल मुख्यमंत्री थे, तो उनका भी जगह-जगह स्वागत होता था, तब कांग्रेस ने कभी सवाल नहीं उठाए। मुख्यमंत्री ने बड़सर विधानसभा में करोड़ों रुपए की जो घोषणाएं की हैं, उन्हें बहुत जल्दी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा दौरा कभी किसी मुख्यमंत्री का नहीं हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव कृष्ण कुमार चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केवल धीमान, बीडीसी सदस्य डैनी जैसवाल, ट्रस्टी राजेश वनियाल, मनु डोगरा उपस्थित रहे।

# सचिन हिटेमथ ने डीएसपी बड़सर का कार्यभार संभाला

**बाबा बालकनाथ मंदिर में टेका माथा, लिया आशीर्वाद**

**बिझड़ी।** सचिन हिटेमथ ने सोमवार को डीएसपी बड़सर का कारोबार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने बाबा बालक नाथ मंदिर में गुफा के दर्शन कर बाबा जी का आशीर्वाद लिया। बड़सर थाने में कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस जवानों के साथ मीटिंग की। पुलिस जवानों को हिदायत देते हुए कहा नशेड़ियों पर 24 घंटे कड़ी नजर रखी जाएगी, ऐसे लोगों को नहीं बक्शा जाएगा, जो युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में भेज रहे हैं। डीएसपी सचिन कर्नाटक के रहने वाले हैं।



# स्वयंसेवी योगराज को स्कूल प्रशासन ने किया सम्मानित


राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने पर जाहू के छात्र का सम्मान किया गया।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू के एनएसएस स्वयंसेवी योगराज ठाकुर ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस की परेड में जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व किया है। पहली बार स्कूल के स्वयंसेवी ने परेड में शामिल होने पर स्कूल प्रशासन और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों में खुशी जाहिर की है।

सोमवार को स्कूल प्रशासन ने प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट स्वयंसेवी योगराज ठाकुर को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर ने कहा कि एनएसएस जिला समंवयक व स्कूल प्रभारी राम लाल का योगदान इसमें सबसे अधिक हैं। इस दौरान प्रवक्ता कुलदीप सिंह, राम स्वरूप गौत्तम, राजेश कुमार, अजय कुमार, केआर शर्मा, प्रकाश चंद, ऊषा शर्मा, मंजीत सिंह, राजिंद्र, अमृतांजना, सूरजपाल, चमन लाल, मीना कुमारी, प्यार चंद, हंस राज आदि मौजूद रहे।

# सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही आउटसोर्स कर्मी किए बाहर : भाटिया

**सरकार इनके जॉब अनुबंध को जल्द रिन्यू कर ड्यूटी पर बुलाए**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार की एक साल के बाबजूद सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि पूर्व सरकारों के समय जो हिमाचली बच्चे युवा सरकार के विभिन्न उपक्रमों विभागों में आउटसोर्स रोजगार पर लगे थे, सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही इनके पेट दो वक्त की रोजी पर लात मार बेरोजगार कर दिए। हालात यह है कि चार-पांच महीने से इन युवाओं के जॉब अनुबंध रिन्यू नहीं होने से युवा घर में बेरोजगार कर घर में बिठा दिए गए हैं। इन युवाओं को चार-पांच महीने का भवन मालिकों का किराया कर्जा भी सिर चढ़ गया है। सरकार इनके जॉब अनुबंध को जल्द रिन्यू कर ड्यूटी पर बुलाए। यह बात संत श्री रविदास धर्म के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने कही।

भाटिया ने कहा कि हालात इतने खराब हो गए हैं, जिला के लोग हमीरपुर के विभिन्न क्षेत्रों में रहते हैं, उनको भी मुख्यमंत्री से मिलने में प्राथमिकता ओवर सचिवालय में सम्मान नहीं मिलता। इसके चलते हमीरपुर जिला के अपने लोग भी नाराज हैं।

भाटिया का कहना है कि यह खोखली घोषणाओं और जुमलों की सरकार है। हर मोर्चे पर पूरी तरह एक साल से फेल हो चुकी है, केवल मात्र आपदा का हर मर्तवा रोना रोकर इसकी आड़ में प्रदेश के लोगों को छला जा रहा है। आउटसोर्स पर सेवाएं दे रहे युवाओं को लेकर जहां पूर्व सीएम जयराम भाजपा सरकार स्थायी पॉलिसी बनाने के करीब पहुंच गई थी, वहीं वर्तमान सुक्खू सरकार ने पॉलिसी तो क्या बनानी, इसके विपरित चार-पांच महीने से इनके जॉब अनुबंध रिन्यू नहीं कर घर में बिठा दिए हैं।

**आयोजन** खेल के माध्यम से युवा करें अपना बौद्धिक विकास, नशे से रहें दूर : राजीव राणा

# रांगड़ा इलेवन ने जीती कंज्याण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता


प्रतिभागियों के साथ असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन व सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भोरंज में कंज्याण प्रीमियर लीग-2024 का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन व सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव राणा ने शिरकत की।

इस मौके पर राणा ने कहा कि खेल के माध्यम से युवा वर्ग अपना बौद्धिक विकास करें और नशे से दूर रहें। राणा ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू की सरकार युवाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है, ताकि प्रदेश का युवा नशे से दूर रहकर इस प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दे।

राजीव राणा ने बताया कि सुख की सरकार द्वारा प्रदेश की युवा पीढ़ी के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे, जिसमें खेल सुविधा, स्वीमिंग पूल इत्यादि सुविधा होगी। इस प्रीमियर लीग में लगभग 26 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच रांगड़ा इलेवन व बिझड़ी इलेवन में हुआ जिसमें रांगड़ा इलेवन विजयी रही। राणा द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कंज्याण प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राजीव राणा ने कंज्याण प्रीमियर लीग 2024 व आयोजक मंडल अध्यक्ष अमित सोनी व उपाध्यक्ष अक्षय कुमार और समस्त सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई भोरंज अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, संदीप कतना, संजय ठाकुर आदि पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# भोरंज में बजड़ौह टीम रही विजेता

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के तहत युवा क्लब बलोड़ के सौजन्य से आईटीआई भोरंज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच बजड़ौह और बगवाड़ा के बीच मे खेला गया जिसमें बगबाड़ा की टीम ने 10 ओवर में 65 रन बनाए। इसके जवाब में बजड़ौह की टीम ने नौ ओवर में छह विकेट लक्ष्य को प्राप्त कर फाइनल में जगह बनाई।

दूसरा सेमीफाइनल मैच बस्सी और गसोता के बीच मे खेला गया, जिसमें बस्सी की टीम ने गसोत की टीम को हरा कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच बजड़ौह की टीम और बस्सी की टीम को नौ विकेट से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। बताते चलें कि मैच में बस्सी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में मात्र 55 रन बनाए वंही बजड़ौह टीम नौ विकेट शेष रहते ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। युवा क्लब के प्रधान रोहित कुमार ने बताया कि विजेता टीम को 8100 रपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 6100 रुपए व ट्रॉफी देकर समानित किया गया।


ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

# चौराहों पर लगाई जाएं सिग्नल लाइट्स : सेन

**हमीरपुर।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए नादौन चौक व भोटा चौक सहित चौराहों पर सिग्नल लाइट्स लगाई जाएं ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके। यह बात प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने कही। उनका कहना है कि इन लाइट्स के लगने से जहां सड़क पार करने वाले राहगीरों को भी सुविधा होगी, वहीं दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

उनका कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा हालांकि चौराहों पर पुलिस के जवान ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए तैनात किए हुए हैं, अगर वहां ट्रैफिक कंट्रोल सिग्नल लाइट्स लगा दी जाएं, तो इन चौराहों पर तैनात पुलिस के जवानों से कहीं दूसरी जगह पर काम लिया जा सकता है। सेन का कहना है कि पुलिस विभाग में जवानों की वैसे भी कमी है। सिग्नल लाइट्स के लगने से यातायात की आवाजाही सुचारु रूप से होने लगेगी तथा पैदल चलने वाले भी सुरक्षित होकर सड़क पार कर सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अनियंत्रित कार ने पांच वाहनों को मारी टक्कर



**डंगार चौक।** एनएच 103 धर्मशाला-शिमला मार्ग पर स्थित डंगार चौक के पास एक अनियंत्रित कार ने पांच वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक भी इसकी चपेट में आ गया और युवक गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 1:45 बज एचपी 21-3507 इयोन कार घुमारवीं की ओर से आ रही थी कि डंगार चौक पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के पास कार चालक अनियंत्रित हो गई ओर दूसरी ओर खड़े वाहन बोलेरो, बाईक, दो स्कूटी, वैन्यु कार को टक्कर मार दी, जिससे एक स्थानीय दुकानदार का बेटा गाडियों के पास खडा था, जो इस हादसे की चपेट में आ गया ओर उसे चोटे आई हैं, जिसे एनएच की एंबुलेंस 1033 मौके पर पहुंचकर कार चालक व चपेट में आई बच्चे को स्थनीय अस्पताल घुमारवीं ले गए हैं। इस हादसे से पांचो वाहनों को काफी नुकसान हुआ है। उधर, थाना भराड़ी प्रभारी देवानंद शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर हादसे की छानबीन में लगे हुए हैं। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

### 11 को राज्य स्तरीय सर्वधर्म समभाव सम्मेलन

**बिलासपुर।** सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच की बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला महासचिव निर्मला राजपूत ने की, जिसमें विशेष रूप से सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा ने शिरकत की। पंडित सत्यदेव शर्मा ने बताया कि सर्व धर्म समभाव राष्ट्रीय मंच भारत देश में आपसी भाईचारा बढ़ाने हेतु वर्ष 2016 से सक्रिय कार्य कर रहा है। लगभग भारत देश के 17 राज्यों में सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच की इकाई सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच का मुख्य उद्देश्य देश की उन्नति एवं राष्ट्रहित के लिए जातीय भेदभाव को खत्म कर आपस में भाईचारा पैदा करना व इंसानियत धर्म का संचार करना है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सर्वधर्म समभाव अपनाना जरूरी है। सत्यदेव शर्मा, निर्मला राजपूत एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य विमला चौधरी ने बताया कि 11 को बिलासपुर में राज्य स्तरीय सर्वधर्म समभाव सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी धर्म के अनुयायी एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा देश एवं प्रदेश में आपसी भाईचारा का बढ़ावा देने वाले विभिन्न विभुतियों को सर्वधर्म राष्ट्रीय एकता अवार्ड-2024 से भी नवाजा जाएगा।

### कुष्ठ रोग के मरीजों की तलाश की जाएगी

**बिलासपुर।** 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय कुष्ठ रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि लोगों को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करने के लिए जिले में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग 30 जनवरी से 13 जनवरी तक कुष्ठ रोग पखवाड़े को स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाएगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत कुष्ठ रोग के मरीजों की तलाश की जाएगी तथा जनसाधारण को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रोग्राम अधिकारी डॉक्टर महेंद्र ने बताया कि इस अभियान को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंचायत आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य कर्मी व अन्य विभागों का सहयोग लिया जाएगा, ताकि हर कुष्ठ रोगी को इलाज मिले। प्रोग्राम अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक सात नए कुष्ठ रोग की पहचान की गई तथा इस समय जिले में 12 रोगी उपचाराधीन हैं, अगर कोई व्यक्ति कुष्ठ रोगी के साथ लंबे समय तक संपर्क में रहा है। इलाज से पहले तो उस व्यक्ति को सिंगल डोज के द्वारा उसका उपचार किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में वह व्यक्ति कुष्ठ रोग से पीड़ित न हो।

# प्राचीनतम भजवाणी पुल को लेकर सियासत तेज

## 103 करोड़ स्वीकृत होने के बावजूद पुल के निर्माण कार्य को लेकर भाजपा और कांग्रेस की राजनीति हावी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बिलासपुर जिले के सबसे प्राचीनतम पुल भजवाणी पुल पुनर्निर्माण को लेकर अब सियासत गरमाने लगी है। भजवाणी का यह पुल राजा अमरचंद ने सन् 1889 में बनवाया था। जिला बिलासपुर में सतलुज नदी पर यही एक मात्र पुल था, जिसके माध्यम से सतलुज पार के लोग कहलूर रियासत के मुख्यालय तक पहुंचते थे।

वर्ष 1960 में भाखड़ा बांध निर्माण के चलते अस्तित्व में आई गोबिंदसागर झील के बनने के बाद इस पुल का महत्व कम हो गया। वर्ष 1984 तक यह पुल बरकरार था, लेकिन इसके बाद रखरखाव न होने के कारण यह पुल अपना अस्तित्व खो बैठा। आपको बता दें कि भजवाणी पुल के पुनर्निर्माण से बल्ह भलवाणा, औहर, हीरापुर, बैरीदड़ोला, भगेड़, समोह, बैहनाजट्टां, गेहड़वीं व थुराण सहित करीब 40 पंचायतों के लोगों को इसका लाभ पहुंचेगा। वहीं, प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के

### 40 पंचायतों के लोगों को पहुंचेगा लाभ

कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार की ओर से इस पुल के निर्माण को लेकर 103 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए गए हैं।

मगर पुल के दोनों छोरों पर निजी व बीबीएमबी की जमीन पर लोक निर्माण विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण न किए जाने के चलते इस पुल का पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है।

इसके संबंध में जानकारी देते हुए भजवाणी पुल पुनर्निर्माण समिति के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि 18वीं शताब्दी में राजाओं के समय में बने भजवाणी पुल हमीरपुर, धर्मशाला व कांगड़ा के लोगों को बिलासपुर, किरतपुर, चंडीगढ़ व दिल्ली जाने के लिए एकमात्र रास्ता इसी पुल से होकर जाता था, जो कि भाखड़ा बांध निर्माण के बाद गोबिंदसागर झील की जद में आने के बाद जलमग्न हो गया था। वहीं, बरसातों के बाद गोबिंदसागर झील में पानी चढ़ने पर इस पुल को खोल दिया जाता था और मार्च महीने में दरिया से पानी उतरने पर दोबारा इसे जोड़कर लोगों की आवाजाही के लिए शुरू कर दिया जाता था। (अनंत ज्ञान)



### केंद्र सरकार ने कोई भी बजट नहीं किया जारी : राजेश धर्माणी

वहीं, प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का कहना है कि भजवाणी पुल पुनर्निर्माण को लेकर केंद्र सरकार की ओर से कोई भी बजट जारी नहीं किया गया केवल एक पत्र जारी किया गया है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से किसी भी प्रोजेक्टस को स्वीकृति देने के साथ ही पैसा जारी करने की अपील भी की है। वहीं, राजेश धर्माणी का कहना है कि कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन निर्माण को लेकर जब एनएचएआई की ओर से भूमि अधिग्रहण का पैसा जारी किया गया, तो फोरलेन को जोड़ने वाले इस पुल निर्माण से संबंधित भूमि अधिग्रहण का पैसा भी एनएचएआई को हो देना चाहिए। वहीं, मंत्री राजेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सीआईएफ के चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए करीब एक हजार करोड़ रुपए की जरूरत है, मगर प्रदेश सरकार को 150 से 200 करोड़ रुपए ही सालाना मिल पा रहे हैं।

### सीएम से अपील, जल्द उठाए जाएं उचित कदम

मगर धीरे-धीरे अपनी अनदेखी के चलते दरिया से पानी उतरने पर इस पुल के कुछ ही अवशेष दिखाई पड़ते हैं। वहीं, देशराज शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से अपील की है कि इस पुल के निर्माण को लेकर जल्द ही उचित कदम उठाए जाएं, ताकि बिलासपुर जिला की तीन विधानसभा क्षेत्र की करीब 40 पंचायतों को इसका लाभ मिल सके। वहीं, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार के कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार द्वारा 103 करोड़ भजवाणी पुल निर्माण के लिए दिए गए थे मगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए दो करोड़ साठ लाख रुपए नहीं दिए गए हैं, जिस कारण अब तक इस पुल का निर्माण नहीं हो पाया है।

# मदन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू विजेता टीम को मिलेंगे 15000



डंगार स्कूल मैदान में मदन क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मौजूद खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

डंगार स्कूल मैदान में मदन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में डंगार क्षेत्र की समाजसेवी पूजा महंत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

आयोजक युवक मंडल के प्रभारी अंकु ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूजा महंत ने कहा कि डंगार का खेल मैदान दशकों से यथावत स्थिति में है। मैदान का विस्तारीकरण और विकास न होने से खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से मांग की है कि यह स्कूल का मैदान है, जिसमें युवा स्कूल समय के बाद ही खेल सकते हैं, जिससे युवाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अत: युवाओं के लिए कही ओर खेल का मैदान बनाया जाए, जिससे इलाके के युवा नशे से भी दूर रहे ओर खेल में भी अपने इलाके व प्रदेश-देश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में नॉकआउट मैच होंगे तथा सेमीफाइनल मैच 10 ओवर का और फाइनल मैच 12 ओवर का होगा। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 15000 रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 10000 रुपए व ट्रॉफी का पुरस्कार मिलेगा।

### मेधवी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक और प्राइमरी पाठशाला कंदरौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम रही। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटी, समूह गान, एकल गान, पंजाबी गिद्दा, भांगड़ा, बिलासपुरी लोकनृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे मेधावियों को पुरस्कार दिए।

विद्यार्थियों ने मेरा रंग दे बसंती चोला, आई लव माय इंडिया, वीरेंद्र और साथियों ने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में भाग लेने वाले अक्षत और आशीष को सम्मानित किया गया। उससे पहले सभी अध्यापकों और स्थानीय लोगों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। प्रधानाचार्य और सभी स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सुनीता राणा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# जयसिंह सूबेदार ऑनरेरी लेफ्टिनेंट पद से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कड़ी मेहनत और मजबूत इरादों से बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। डमली ऋषिकेश पंचायत के कोहिना गांव के जयसिंह ठाकुर इसका जीता-जागता उदाहरण हैं।



बचपन में लकड़ियां बेचने के साथ ही मेहनत-मजदूरी करके गुजर-बसर करने वाले जय सिंह आंखों में देश सेवा का सपना संजोए वर्ष 1994 में जेएंडके राइफल्स में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। अपनी मेहनत और लगन से अब वह सूबेदार ऑनरेरी लेफ्टिनेंट के पद पर पहुंच गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ ही पूरे गांव में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1975 में पैदा हुए कोहिना गांव के जय सिंह का बचपन बेहद संघर्षमय रहा। उन्होंने स्कूली पढ़ाई कोहिना, ऋषिकेश और रघुनाथपुरा स्कूल के साथ ही नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग से पूरी की। वह बचपन से ही भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का सपना देखते थे। इस सपने को साकार करने के लिए वह 1994 में जेएंडके राइफल्स में बतौर सिपाही भर्ती हुए। 29 वर्ष के अब तक के सेवाकाल में जय सिंह जेएंडके, लेह-लद्दाख, नागालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, असम, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सेवाएं दे चुके हैं। कारगिल युद्ध में भाग लेने के साथ ही वह विदेश सेवा के तहत इथियोपिया और इरिटरिया में भी सेवाएं दे चुके हैं। कड़ी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट सेवाओं की बदौलत दो दिन पहले उन्हें सूबेदार ऑनरेरी लेफ्टिनेंट के पद से नवाजा गया है। डमली पंचायत के पूर्व प्रधान प्रेमलाल चौधरी समेत गांव के अन्य लोगों का कहना है कि जय सिंह ने जहां क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### युवक से पकड़ी 352 ग्राम भुक्की, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन के समीप मंडी भराड़ी पुल पर सदर थाना की टीम ने एक युवक से 352 ग्राम भुक्की बरामद की है। पुलिस ने मौके पर ही युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन की शुरू**

जानकारी के अनुसार पुलिस का एक दल रविवार को फोरलेन पर मंडी भराड़ी के पास गश्त कर रहा था। इसी बीच एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगी। शक पर उसकी तलाशी ली गई, तो 352 ग्राम भुक्की बरामद हुई। आरोपी की पहचान की अजय कुमार निवासी गांव गुम्मा डाकघर परवाणू तहसील कसौली जिला सोलन के रूप में हुई है। उधर, एएसपी बिलासपुर शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है, मामला दर्ज है छानबीन जारी है।

# कांग्रेस सरकार में हुआ है भाई-भतीजावाद : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र



राजनीतिक दल है जो सांस्कृतिक विकास, गरीब कल्याण व गौरवशाली इतिहास के निर्माण में लगातार जनसंघ के समय से वर्तमान कालखंड तक निरंतर गतिशील है, जबकि अन्य राजनीतिक दल स्वार्थ, भाई-भतीजावाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण व भ्रष्टाचार से लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही हैं, जिसे भाजपा कार्यकर्ता ने मोदी के नेतृत्व में अपनी कर्मठता से वर्ष-2014 से माकुल जवाब देकर अबतक तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दलों को पीछे धकेल दिया है।

वर्तमान प्रदेश कि कांग्रेस सरकार पिछले एक वर्ष से लगातार झूठ और भ्रामक बयानबाजी कर झूठी गारंटियों का ढ़ोल पीट रही है।

**एक वर्ष से झूठ और भ्रामक बयानबाजी कर झूठी गारंटियों का ढोल पीट रही है**

कांग्रेस सरकार अब तक न बीते एक वर्ष में एक लाख युवाओं को रोजगार दे पाई है और न ही 1500 रुपए प्रति महिला को देने में सफल हुई है। प्रदेश की 24 लाख महिलाएं वर्तमान कांग्रेस सरकार के कृत से अपने आपको छला महसूस कर रही हैं। वहीं, गांव में किसान गोबर और दूध की बिक्री के रेट पर जो कांग्रेस सरकार ने झूठी गारंटी दी थी, उनको कब पूरा किया जाएगा, उसका लगातार इंतजार कर रहे हैं। आपदा राशि की बांट में बंदरबांट, भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया गया और पात्र व्यक्ति, परिवार आपदा राहत राशि के अभी भी इंतजार कर रहे हैं। पढ़े-लिखे योग्य युवा को गेस्ट टीचर के नाम पर नाममात्र मानदेय देकर उनकी मेहनत का जनाजा निकालने में लगी सुक्खू सरकार के निर्णय को जनविरोधी करार दिया है।

# दधोल में 15 खिलाड़ियों को दी स्पोर्ट्स किट



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में स्पोर्ट्स किट देने के दौरान सामूहिक चित्र में स्टूडेंट्स व अन्य।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में प्रार्थना सभा के दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पाठशाला में पूर्व में शारीरिक अध्यापक रहे चुनीलाल लखनपाल मुख्यातिथि रहे।

उन्होंने इस पाठशाला से खेलों में प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले पंद्रह स्टूडेंट्स को अपनी तरफ से प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्ट्स जूते बांटे।

इस पाठशाला में 14 वर्ष तक सेवाएं दी हैं और वो समय उनकी सेवा का स्वर्णिम समय रहा है क्योंकि इस पाठशाला की सेवाकाल के समय ही उन्होंने डीपीएड की और यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी कारण उनको इस पाठशाला से बेहद लगाव है और जब भी इस पाठशाला से कोई अच्छी उपलब्धि होती है, तो उन्हें गर्व महसूस होता है।

### अशिवनी भारद्वाज को किया सम्मानित

उन्होंने अपने शिष्य रहे एवं इस पाठशाला में शारीरिक प्राध्यापक अश्विनी भारद्वाज को भी सम्मानित किया। पाठशाला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य बलदेव धीमान को पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम स्वरूप भारद्वाज ने शॉल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य बलदेव धीमान ने चुनीलाल लखनपाल का बच्चों सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी कुलदीप, मनोज शर्मा, विजय कुमार, राजेश कुमार व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### पांच मई को आयोजित होगा दंगल

**बिलासपुर।** पीर लखदाता अखाड़ा कमेटी बिलासपुर की बैठक प्रधान हुसैन अली की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में पांच मई को होने वाले दंगल के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। यह जानकारी देते हुए कमेटी के महासचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि दंगल में रूस्तम-ए-कहलूर खिताब के विजेता पहलवान को 31000 रुपए व गुर्ज बतौर इनाम दिया जाएगा, जबकि उपविजेता पहलवान को 21000 रुपए की नकद राशि भेंट की जाएगी। रूस्तम-ए-कहलूर खिताब को लेकर भारत वर्ष के सभी राज्यों के पहलवान भाग लेंगे तथा अपनी कुश्ती का जौहर दिखाएंगे। इस दंगल में बाल केसरी खिताब के बाल पहलवानों में कड़े मुकाबले होंगे, जिसमें 16 वर्ष तक के बाल पहलवान हिस्सा लेंगे, जो कि बिलासपुर के बाल पहलवान हिस्सा लेंगे। बाल केसरी विजेता बाल पहलवान को गुर्ज के साथ 3100 रुपए व उपविजेता को 2100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। दंगल को सफल बनाने के लिए विभिन्न उपसमितियों का भी गठन किया जाएगा, जिसमें स्वागत उपसमिति, छडिया उपसमिति, जोड़ राशि वितरण चंगैर उपसमिति, पहलवान जौड़ उपसमिति, कुश्ती निर्णायक उपसमिति, उदघोषक उपसमिति शामिल होंगी।

**पीर लखदाता अखाड़ा कमेटी ने की बैठक**

**आयोजन** हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# सतत ऊर्जा भंडारण सामग्रियों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रोद्योगिकी में नई प्रवृत्तियां आरटीईएसटी 2024 पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 29 से 30 जनवरी तक हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला बिलासपुर की ओर से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को एचपीटीयू, हमीरपुर से प्रायोजन किया जा रहा है। पीएसके ग्रुप, एनटीपीसी, धर्मी फिशर साइंटिफिक दिशा, एंटरप्राइज और हिमाय एंटरप्राइज मुख्यातिथि एचपीटीयू, हमीरपुर से डॉ. शशि धीमान की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरू हुआ। डॉ. धीमान ने सभी प्रतिभागियों को एक संदेश दिया और इस तरह के



हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला बिलासपुर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन पर मौजूद लोग।

महत्वपूर्ण सम्मेलन को आयोजित करने के प्रयासों के लिए आयोजकों की सराहना की। सम्मेलन में उल्लेखनीय विशेषज्ञ व्याख्यान हुए, जिससे अकादमिक चर्चा समृद्ध हुई। डीआरडीओ चंडीगढ़ के वैज्ञानिक डॉ. संजीव कुमार ने अपने व्याख्यान में अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा किए और उपस्थित लोगों के लिए मूल्यवान दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। बायोरिफाइनिंग एंड एडवांस्ड मेटेरियल्स रिसर्च सेंटर, स्कॉटलैंड, यूके के प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डालते हुए सतत ऊर्जा भंडारण सामग्रियों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया।

### व्यापक समझ व नवीन दृष्टिकोण प्रदान किए

इसके अलावा सम्मानित प्रोफेसर डॉ. रवि कांत ने पाइन नीडल बेस्ट बायोमास और इसके मूल्यवान उत्पादों में रूपांतरण पर अपने विशेषज्ञ व्याख्यान से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन व्याख्यानी ने उपस्थित लोगों को स्थायी समाधानों के प्रति व्यापक समझ और नवीन दृष्टिकोण प्रदान किए। सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसमें शोधकर्ताओं ने भौतिक और ऑनलाइन दोनों तरीकों से अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस विविध सहभागिता ने सम्मेलन के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया, जिससे प्रतिभागियों के बीच सहयोगात्मक संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला।

# चार प्राथमिक स्कूलों ने एक साथ मनाया वार्षिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला कलोल, बैकण, सिल्ह और भराड़ी ने केंद्र स्तर पर कलोल पाठशाला परिसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सुनीता देवी विशेष अतिथि के रूप में इंद्र सिंह ढटवालिया ने शिरकत की।

समारोह की शुरुआत ज्योति प्रज्वलन व गणेश वंदना से की गई। इस समारोह में स्कूल के लगभग चारों प्राथमिक पाठशालाओं के 120 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यापकों के अथक प्रयास के द्वारा बच्चों के हुनर को निखारकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां तैयार की गईं, जिन्हें बच्चों ने बहुत ही अच्छे ढंग से पेश किया। शैक्षणिक स्तर



चार प्राथमिक स्कूल एक साथ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाते हुए।

2022-23 के मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण धार्मिक संस्कृति पर आधारित, कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम रहा, जिसे देखकर सभी दर्शक भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर अध्यापक पवन ने कहा कि सामूहिक तौर पर केंद्र स्तर पर वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन कर बच्चों को विद्यार्थी जीवन से पारस्परिक प्रतिस्पर्धा की भावना को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर केंद्र मुख्या शिक्षिका नीलम शर्मा, देश राज, सोहन लाल, राज कुमार, सुनील दत्त, ज्योति चंदेल, कमलेश कुमारी, सचिन भारतद्वाज और स्कूल मैनेजिंग कमेटी प्रधान देश राज मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डिप्टी सीएम आज कुटलैहड़ में सुनेंगे समस्याएं

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 30 जनवरी को कुटलैहड़ में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कुटलैहड़ के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। क्षेत्र के कांग्रेस विधायक देवेंद्र भुट्टो ने क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयारियों का जायजा लिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि डिप्टी सीएम मंगलवार को ज़िला ऊना के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री नए बस अड्डे के समीप निर्मित होने वाले पंचायत भवन की आधारशिला रखेंगे। उसके उपरांत झलेड़ा और रायसरी गांवों के लिए अलग-अलग से निर्मित दोनों जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात बसाल में जलशक्ति उपमंडल का लोकार्पण करने के उपरांत प्रातः 11 बजे से कुटलैहड़ में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### तरुण चंदेल का स्कूल पहुंचने पर स्वागत



विद्यालय में आगमन पर तरुण चंदेल का स्वागत करता स्कूल प्रशासन।

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान के स्वंयसेवी ठाकुर तरुण चंदेल ने राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लिया। सोमवार को स्वयंसेवी तरुण चंदेल के विद्यालय में आगमन पर स्कूल प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि तरुण चंदेल का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में चयन होना व परेड में हिस्सा लेना विद्यालय के लिए गौरवमय पल है। इस अवसर पर तरुण चंदेल के पिता राकेश ठाकुर व माता रीता देवी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अनिल कुमार उप-प्रधानाचार्य व बलबंत सिंह प्रवक्ता व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, अंबिका रानी प्रवक्ता व सह कार्यक्रम अधिकारी, मनोज कुमार प्रवक्ता, चमन लाल प्रवक्ता, सतीश कुमार प्रवक्ता, मनिंद्र कुमार प्रवक्ता, प्रवीण शर्मा स्टॉफ सचिव व समस्त स्कूल स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

### विकास योजनाओं के भ्रमण के लिए दल रवाना



विकास योजनाओं के भ्रमण के लिए कांगड़ा रवाना होता ऊना का दल

**जोल।** एकीकृत विकास परियोजना ऊना की ओर से विकास योजनाओं के भ्रमण के लिए एक दल कांगड़ा रवाना हुआ है। परियोजना अधिकारी के दिशा-निर्देशों के चलते सोमवार को 40 महिलाओं व पुरुषों का यह दल कांगड़ा एकीकृत के तहत किए गए विकास कार्यों का भ्रमण करेंगे। सोहारी पंचायत से लगभग 20 पंचायतों से 40 महिला व पुरुषों को तीन दिन के लिए कांगड़ा भ्रमण पर भेजा गया। यह समूह पहले दिन देहरा व ज्वालाजी के तहत हुए कार्यों का भ्रमण करेंगे और दूसरे दिन नगरोटा बगवां व कांगड़ा और तीसरे दिन पालमपुर बैजनाथ में इनका भ्रमण होगा। इस समूह का संचालन वन प्रसार अधिकारी गौरव व सोशल एक्सटेंशन ऑफिसर शारदा कुमारी कर रहे हैं। यह समूह एकीकृत विकास परियोजना कांगड़ा के द्वारा करवाए गए विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया व उनका रखरखाव किस प्रकार किया जा रहा है, उसकी पूरी जानकारी जुटाएंगे। इस मौके पर सहायक परियोजना अधिकारी सतपाल सिंह के द्वारा इस समूह को आज सोहारी से बस के द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर एग्रीकल्चर ऑफिसर आयुष भारद्वाज, रविंद्र सिंह मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 12 को

**ऊना।** आरटीओ अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 12 फरवरी को आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैठक में रूट परमिट स्थानांतरण, मोडिफिकेशन, कटौती, बढ़ोतरी, परमिट का प्रतिस्थापन, ई रिक्शा, स्कूल बसों के परमिटों से संबंधित आवेदनों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस पर सात फरवरी तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इसके उपरांत कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आरटीओ ने स्टेज कैरिज से संबंधित आवेदनकर्ता से आग्रह किया कि वे अपना आवेदन नवीन निर्धारित प्रपत्र पर ही करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदनकर्ता ने अपना आवेदन पुराने प्रपत्र पर किया है तो उसे पुनः नए प्रपत्र पर करना सुनिश्चित करें, अन्यथा प्राधिकारण द्वारा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते कलाकार

**ऊना।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विभागीय सूचीबद्ध सांस्कृतिक दलों आरके कलामंच चिंतपूर्णी ने विकास खंड बंगाणा के तहत अरलू खास व करमाली तथा पूर्वी कलामंच, जलग्रां के कलाकारों ने विकास खंड ऊना के तहत फतेहपुर व मैहतपुर में लोक संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर समस्त पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें।

### बाइक स्किड होने पर युवक की मौत

**संतोषगढ़।** गांव अजौली मोड़ में रविवार देर रात बूलेट वाइक स्किट होने से 27 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया है। मृतक की पहचान हनीश कुमार बंगड़ पुत्र मोहन लाल बंगड़ वार्ड नंबर पांच गांव व डाकघर संतोषगढ़ के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार हनीश बंगड़ अपने साथी के साथ नंगल पंजाब की तरफ से संतोषगढ़ को आ रहा था कि अजौली के आबकारी कराधान विभाग के बैरियर के नजदीक बाइक स्किड होने से हनीश बंगड़ गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल ऊना में पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। हनीश बंगड़ की मृत्यु पर पूर्व विधयाक सतपाल सिंह रायजादा, एससी सेल कांग्रेस अध्यक्ष रविकांत बस्सी, निर्मला महे, नवीन, सुरेश, सुलिंद्र गिनी माही, रिंकू सहजल, मुकेश सहजल आदि लोगों ने दुख जाहिर किया है। उधर, घटना के बाद सोमवार को तहसीलदार ऊना ने परिवार को फौरी राहत के रूप में प्रशासन की तरफ से 25000 रुपए प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक ऊना अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ॐ डोहकेश्वराय नमः

- डोहकेश्वर धाम को मिलेगी भव्य तीर्थ स्थल की पहचान
- एक ही स्थल पर प्रमुख देवी-देवताओं के होंगे दर्शन
- अक्षत के माध्यम से पूरे कुटलैहड़ को मिलेगा निमंत्रण
- मुख्यमंत्री मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**डोहकेश्वर** धाम की स्थापना सनातन धर्म से जुड़े सभी लोगों के लिए किसी दिव्य तीर्थ स्थल की परिकल्पना से कम नहीं है। यह हिमाचल ही नहीं अपितु देश का पहला ऐसा धार्मिक स्थल होगा, जहां एक साथ एक ही स्थल पर लोगों को सभी प्रमुख देवी-देवताओं के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कई विद्वानों द्वारा महीनों से इस तीर्थ स्थल की दिव्यता के लिए अनुष्ठान किया जा रहा है, देश की चारों दिशाओं और नेपाल के धार्मिक स्थलों से अक्षत संग्रहित किए गए हैं। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल जी के अलावा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समेत कई गणमान्य भी गोबिंदसगर झील के तट पर स्थित इस तीर्थ स्थल में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### ये प्रमुख देवी-देवता होंगे मुख्य आकर्षण

डोहकेश्वर धाम के मुख्य आकर्षण सभी प्रमुख देवी-देवताओं के एक ही स्थल पर दर्शन होंगे। इसमें डोहकेश्वर महादेव मंदिर, डोहकेश्वर महावीर मंदिर, लखदाता पीर बाबा मंदिर, श्री नैना देवी मंदिर, गणेश मंदिर, बाबा बालक नाथ मंदिर, मनसा देवी मंदिर, महावीर हनुमान (दर्शनीय) कपि स्थल, नवग्रह मंदिर, शनिदेव मंदिर, अखंड धूना, हवन कुंड, ज्योति स्थल, मनोकामना स्तंभ, तुलादान स्थल, सत्संग कक्ष, पंचवटी और दिव्या पर्वत शामिल हैं। प्रस्तावित में अन्नपूर्णा भवन, जन सेवा (अभ्यागत) सदन, मुंडन घाट, (शिशु कल्याण सदन) देव परिक्रमा पथ, कैलाश द्वार, केशव माधव द्वार, कपि द्वार, गोशाला, ध्यानशाला, सनातन संस्कार विद्यापीठ, जननी जनक आनंद निकेतन प्रमुख हैं।



### मंदिर की शैली और भव्यता देखने लायक

**ऊना** और बिलासपुर जिले की सीमा पर स्थित डोहकेश्वर धाम का तीर्थ स्थल हिमाचल प्रदेश में अपनी तरह का पहला धार्मिक स्थल होगा। मंदिर की शैली और भव्यता इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के साथ साथ क्षेत्र को समृद्धशाली बनाने में अहम भूमिका अदा करेगी। यह धाम गोबिंदसागर झील के किनारे एक ऊंचे रमणीक स्थल पर बनाई जा रही है। इस तीर्थ स्थल के निर्माण में एसजेवीएन के प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा व उनके परिवार व सहयोगियों का प्रमुख योगदान है। एसजेवीएन के प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा और उनके परिवार द्वारा डोहकेश्वर धाम में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दे दी है और 15 फरवरी को इस मंदिर धाम में वे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### कार्यक्रमों का ब्यौरा

डोहकेश्वर धाम में पांच दिनों तक धार्मिक आयोजन होंगे। इसमें 11 फरवरी को शोभा यात्रा, 12 फरवरी को कलश यात्रा, 13 फरवरी को पूजन, 14 फरवरी को हवन, जबकि 15 फरवरी को मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा। डोहकेश्वर धाम के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर के लोगों को दिया जा रहा है, लेकिन ऊना के कुटलैहड़ क्षेत्र में नंद लाल शर्मा का परिवार प्रत्येक परिवार को अक्षत भेजकर निमंत्रण देने जा रहा है। इसमें समाजसेवी देसराज मोदगिल और उनके सहयोगी जुट गए हैं।

## सीके नायडू ट्रॉफी : हिमाचल ने कर्नाटक को 160 रन पर समेटा

### हिमाचल के गेंदबाजों की धारदार गेंदबाजी, दिवेश शर्मा ने चार और सौरभ ने तीन विकेट झटके

**अनंत ज्ञान, नादौन**



**सीके** नायडू ट्रॉफी के तहत दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल के 159 रनों पर ही नौ खिलाड़ी पैवेलियन लौट चुके थे। इससे पहले कर्नाटक ने पहली पारी में 160 रन बनाए। टीम की ओर से पार्कर चतुर्वेदी ने 14 रन, मैकनेल ने 22 रन बनाए, स्मरण ने 23 रन बनाए, अशण राव ने 30 रन बनाए, राजवीर ने 20 रनों की पारी खेली।

हिमाचल के गेंदबाजों ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए कर्नाटक की टीम को 160 रन पर समेट दिया। दिवेश शर्मा ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, सौरभ हिमालवी ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, रोहित ठाकुर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। कर्नाटक का एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हिमाचल ने पहली पारी में 169 रन बनाए थे, हिमाचल को पहली पारी में नौ रन की बढ़त हासिल है, लेकिन दूसरी पारी में भी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बहरहाल हिमाचल ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट खोकर 159 रन बना लिए हैं। इसमें कुशल पाल 42, योगदीप 13, दीपेंद्र सिंह राणा शून्य, आर्यावर्त शर्मा 31, अमनप्रीत शून्य, वैभव कालटा सात, मृदुल सरोच 32 रन रोहित 15 रन बनाकर खेल रहे हैं, सौरभ छह रन बनाकर खेल रहे हैं। कर्नाटक की ओर से मनीष रेड्डी ने तीन विकेट प्राप्त किए, मोहसिन खान ने चार विकेट हासिल किए, जबकि राजवीर ने दो खिलाड़ियों को पेवेलियन लौटाया।

### सड़क निकालना सही, कोर्ट ने झूठा केस किया खारिज

**हमीरपुर।** हमीरपुर की कोर्ट नंबर-4 की सिविल जज अनुलेखा तनवर की अदालत ने सड़क निर्माण मामले में हिमाचल सरकार व टिक्कर बुहला पंचायत के प्रधान व पंच के सड़क बनाने के निर्णय को सही ठहराया है। कोर्ट ने इस झूठे दायर किए गए मुकदमे को 4 जनवरी को खारिज कर दिया और हिमाचल सरकार व पंचायत प्रधान व पंचों द्वारा सड़क बनाने के फैसले को सही ठहराया है।



### रिज मैदान पर चहल कदमी

सोमवार को रिज मैदान पर चहल कदमी करते पर्यटक, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बर्फबारी की संभावना है जिस कारण पर्यटक प्रदेश की ओर रुख करने लगे हैं।

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में त्वरित समाधान नहीं : राजेश

### बोले- कार्यक्रम महज अपनी वाहवाही सुनने के लिए

**सनी पुरी, गगरेट**

शनिवार को भंजाल के बड़ा तालाब पर आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोग इस आस के साथ आए थे कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के दरबार में सीधी बात उन तक पहुंचाने पर उन्हें उनकी समस्या का त्वरित समाधान मिलेगा। मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे तो प्रार्थी भी मुख्यमंत्री को अपनी व्यथा सुनाने पहुंचे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने तक 134 प्रार्थना-पत्र भी पंजीकृत हो गए। इनमें 118 मांग-पत्र आए। यानी 118 लोगों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी मांगे उठाईं तो 16 शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायतें उठाईं। उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री सीधे उनसे शिकायत सुनेंगे और सक्षम अधिकारियों को सीधी निर्देश देंगे। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की बात तो सुनी गई। लोगों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके द्वारा राजस्व संबंधी कार्यों के लिए बरती गई संजीदगी से कैसे उनका सालों से रुका कार्य हो गया, लेकिन शिकायतकर्ताओं की शिकायत सुनने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। मुख्यमंत्री ने इतना जरूर कहा कि अपनी शिकायत के साथ अपना मोबाइल नंबर जरूर लिखें, ताकि सचिवालय से आपके साथ संपर्क किया जा सके। ऐसे में सवाल यह है कि फिर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आम जनता को लाभ ही क्या। अगर प्रदेश सरकार जनता की शिकायतें एकत्रित कर फिर उसका समाधान करना चाहती है, तो फिर मुख्यमंत्री सेवा संकल्प तो सबसे बेहतर जरिया है। जिन लोगों को यह आस थी कि मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायत उठाने पर उसी दिन समस्या का समाधान होगा, उन्हें फिलहाल तो निराशा ही हाथ लगी है।

उधर प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर का कहना है कि कांग्रेस नेता पूर्व सरकार द्वारा चलाए गए जनमंच कार्यक्रम का तो मजाक उड़ाते थे, लेकिन अब स्वयं जनता की समस्याएं ही नहीं सुन पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम महज सरकार ने अपनी वाहवाही सुनने के लिए ही रखा है। यही वजह होगी कि लाभार्थियों की बात तो सुनी जाती है, लेकिन शिकायतकर्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए इस कार्यक्रम में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को यह सार्वजनिक करना चाहिए कि भंजाल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में कितनी शिकायतों का समाधान हुआ।

## कांग्रेस ने अग्निवीर भर्ती पर उठाए सवाल

### कहा- लाखों युवाओं को परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी मिली हताशा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र बुशैहरी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी एवं पुर्व सैनिक विभाग ने जारी संयुक्त बयान में अग्निवीर सेना भर्ती योजना पर कई सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता का कहना है कि हिमाचल एक छोटा सा पहाड़ी राज्य होने के पश्चात भी देशभर में सेना में अपने कौशल के कारण सदैव अग्रणी रहा है, लेकिन भाजपा सरकार ने जून 2022 में अग्निवीर योजना लागू कर यहां के ही नहीं, बल्कि देश भर के लाखों युवाओं के भविष्य को ग्रहण लगा दिया है। उन्होंने कहा कि नवीन अग्निवीर भर्ती योजना से पूर्व दो शताब्दियों पुरानी भर्ती योजना के अंतर्गत उन डेढ़ लाख युवाओं को शारीरिक व मेडिकल परीक्षण उत्तीर्ण करने के बावजूद भी केंद्र की भाजपा सरकार ने उन्हें सेना में नौकरी नहीं लगाया गया, जबकि इन युवाओं ने फीस भी भरी, कोचिंग पर खर्च किया। कड़ी मेहनत कर पसीना बहाया, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने कहा कि जब बेरोजगार युवाओं ने अपनी आवाज उठनी चाही तो पुलिस द्वारा बल प्रयोग करवाया गया। केस तक दर्ज हुए, यह कुछ वर्ष पूर्व पूरे देश ने भी देखा।

### कांग्रेस बेरोजगार युवाओं का देगी साथ

**हिमाचल** के युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पूर्व भी उन्होंने प्रदेश के इन सभी युवाओं के साथ सहयोग करते हुए कांगड़ा से एक रोजगार यात्रा आरंभ की, धरना, प्रदर्शन किया था तो प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार ने उन्हें भी प्रताड़ित कर लाठीचार्ज किया और एफआईआर दर्ज कराई, परंतु युवा कांग्रेस हिमाचल प्रदेश अब चुप नहीं बैठने वाली और इस आंदोलन को देशभर में चलाने का आह्वान करेगी। उनके इस धर्मयुद्ध में अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग और युवा मजबूती के साथ खड़े रहेंगे।

**बयानबाजी** | कुटलैहड़ कांग्रेस व्यापार मंडल बोला- अभी चार वर्ष सरकार और सत्ता के बाकी

## कुटलैहड़ दियां गल्लां करके विपक्ष दे मन को तसल्ली

- एक वर्ष के कार्यकाल में विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कुटलैहड़ में नए आयाम किए स्थापित



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की जनता ने विधायक के रूप में एक ऐसा नायाब हीरा चुना है, जो केवल जनता की सेवा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर समय तत्पर रहता है।

विधायक बनने से पूर्व भी जनता के साथ सीधा संपर्क और विधायक बनने के बाद भी वही सादगी, वही समाजसेवा, वही ईमानदारी से जनता के साथ मिलने का कुटलैहड़ के विधायक काम कर रहे हैं।

यह शब्द कुटलैहड़ कांग्रेस व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष रहे दिनेश खत्री व सचिव अनिल बंटू ने जारी बयान में कहे। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के एक वर्ष के कार्यकाल पर अगर नजर दौड़ाई जाए। तो जो उन्होंने कुटलैहड़ की जनता के लिए एक वर्ष के कार्यकाल में काम किया है।

जनता को समस्याओं का घर द्वार समाधान एवं गरीब परिवारों के आर्थिक सहायता कुटलैहड़ में गरीब बच्चों को पढ़ाई का खर्च देना, कुटलैंहड की विधवा एवं अपंग बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान करना इस बात का प्रमाण हैं कि कुटलैहड़ को सच में अभी एक अच्छा नेता नहीं बेटा मिला हैं। जो केवल कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहे है।

उन्होंने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो की लोकप्रियता के आगे कुटलैहड़ में कोई नेता नहीं है जो विपक्ष कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के जीतने के बाद कुटलैहड़ में माहौल को खराब होने की बात करते थे। आज वह बताए कि एक वर्ष में कितना माहौल खराब हुआ है।

दिनेश खत्री ने कहा कि कुटलैंहड में विपक्ष अब केवल गल्लां करने तक ही सीमित रह गया है, क्योंकि एक वर्ष में विपक्ष ने देख लिया है कि कुटलैहड़ में समग्र जनता का कैसे विकास होता है। बिना किसी राजनीतिक भेदभाव से कुटलैहड़ में न किसी कर्मचारी को प्रताड़ित किया गया और न ही किसी व्यक्ति विशेष का कार्य रोका गया है। केवल मात्र कुटलैहड़ में एक वर्ष में हजारों परिवारों को राहत और विकास को विधायक देवेंद्र भुट्टो ने तब्जजो दी है। विपक्ष अब केवल सोशल मीडिया पीआर कुटलैहड़ दियां गल्लां करके अपने आप को तसल्ली दें, क्योंकि अभी चार वर्ष सरकार और सत्ता के शेष हैं।

### स्टूडेंट्स ने पीएम मोदी से की परीक्षा पर चर्चा

**ऊना।** जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला जिला ऊना की स्टूडेंट दिया व एकता ने प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन स्टूडेंट्स का चयन परीक्षा पर चर्चा (कंपीयरिंग) संस्करण के लिए भारत मंडपम, प्रगति मैदान, न्यू दिल्ली में संपन्न हुए कार्यक्रम के लिए हुआ था। प्राचार्य ने बताया कि इन स्टूडेंट्स ने मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा का मंच सांझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11.00 बजे हुआ था। प्राचार्य, अध्यापक गण व स्टूडेंट्स इस कार्यक्रम को लाइव देख रहे थे। यह क्षण विद्यालय के लिए एक गर्व का क्षण था।

> सफल मनुष्य वही है जो सभी के हितों का ध्यान रखता है। स्वार्थी व्यक्ति सिर्फ स्वयं के हितों का ध्यान रखता है।

## पत्रकारों से बदसलूकी देश के चौथे स्तंभ पर आघात

**पांवटा** साहिब में टीवी एंकर के साथ जिस तरह से युवकों ने बदसलूकी की, उसकी जितनी भर्त्सना की जाए उतनी ही कम है। महिला पत्रकारों से बदसलूकी का मतलब देश के चौथे स्तंभ पर आघात है। अगर टीवी एंकर नियमों का उल्लंघन करने वाले सिरफिरे युवकों की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रही थी तो उसमें क्या गलत कर रही थी? अगर कोई पत्रकार है तो वह अपने काम से जी कैसे चुरा सकती है। टीवी एंकर का काम एंकरिंग करना है और घटना की रिकॉर्डिंग करना भी उसका फर्ज है। ऐसे में वह अपना फर्ज निभा रही थी तो क्या गलत कर रही थी? वह तो महज ट्रैफिक कर्मचारी द्वारा ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर बुलेट दौड़ा रहे युवकों के चालान काटने की कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रही थी ताकि जनता में यह संदेश जाए कि कानून और नियम कायदे भी कोई चीज हैं। वरना बिगड़ैल युवक यूं ही बुलेट से पटाखे छोड़ते रहेंगे और जनता उनके शोरगुल को सुनकर बहरी बनी रहेगी।

जब पत्रकार ऐसे मुद्दे नहीं उठाएंगे तो समाज का भला कैसे होगा? पत्रकार का धर्म यही है कि वह आंखों देखी घटनाओं की रिपोर्टिंग करे। ट्रैफिक कर्मी के साथ ड्यूटी के दौरान युवकों का उलझना भी कतई उचित नहीं है। बुलेट को तेज रफ्तार से दौड़ाने वालों को सावधान होना चाहिए, क्योंकि सड़क पर चल रहे लोगों की जान अमूल्य है। सड़क सबके लिए है और उस पर धींगामुश्ती अच्छी बात नहीं। हेल्मेट पहनने का नियम सबके लिए है, उसे भी मानना चाहिए तथा जब भी घर से बाहर निकलें तो गाड़ी के कागजात भी साथ होने चाहिए ताकि सफर आसानी से गुजर सके। पहले बदसलूकी करना और उसके बाद माफी मांगना समस्या का हल नहीं है। जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सबका यही फर्ज बनता है कि जिसको जो काम दिया है, उसे करने दिया जाए और किसी के काम में रोकटोक तथा अड़ंगा डालने से परहेज करना चाहिए। महिला पत्रकार के साथ इस तरह की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं होगी। पत्रकारों के साथ बदसलूकी जैसा शर्मनाक वाकया नहीं होना चाहिए। एक तरफ पत्रकारों के सम्मान में सुरक्षा कानून लागू किए जाते हैं तो दूसरी ओर पत्रकारों के अहित होते हैं। शासन-प्रशासन को इस बारे भी सोचना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके साथ कोई बदसलूकी न हो। रिपोर्टिंग करने वाली महिला पत्रकारों के मान-सम्मान को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए और उन्हें समाचार की कवरेज करने से न तो रोका जाना चाहिए और न ही उनके साथ दुर्व्यवहार होना चाहिए। सभ्य समाज में यह शोभा नहीं देता। महिला पत्रकारों के साथ अभद्र कृत्य अशोभनीय तथा अत्यंत निंदनीय है तथा यह किसी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता। रिपोर्टिंग के दौरान जब भी महिला पत्रकारों के साथ अप्रिय घटना हो तो उन्हें सुरक्षा मुहैया करवाई जानी चाहिए तभी वह निडर होकर सही को सही और गलत को गलत दिखा सकेंगी।

महिला पत्रकार को कवरेज के दौरान कभी डर न लगे, प्रशासन को यह बात पक्के तौर पर सुनिश्चित करनी होगी। महिला पत्रकार की गरिमा को कभी ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। इस प्रकार की घटनाएं हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को बाधित करती हैं। महिला पत्रकारों को एक सुरक्षित कामकाजी वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयास सरकार और प्रशासन को करने चाहिए।

# आत्मनिर्भरता और एक प्रतीक है चरखा


योगेश कुमार गोयल
(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी विशेष**

**गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वह कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें।**



**दो** अक्तूबर 1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवनभर देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी की मंगलवार को 76वीं पुण्यतिथि है। उनकी 30 जनवरी, 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखीं, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था, सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा चरखा जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

गांधी जी प्राय: कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वह कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जीएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया।

सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ीं और कहने लगीं, 'आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौन से हाथ में पकड़ा जाता है?' इस पर बापू ने जवाब दिया, 'आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?' जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिलकुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आंदोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इनकार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी जी ने आंदोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आंदोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आंदोलन ही था।

नजरिया

# जंगलराज से बिहार का बचाव


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
(वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद)

**यह** सही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के अनेक नेताओं ने नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे बंद रखने का ऐलान किया था। यह नीतीश के परिवारवाद और घोटाले के आरोपों से घिरी राजद के पाले में जाने के बाद लिया गया था। आज उसी बिहार को परिवारवाद, भ्रष्टाचार घोटालों से बचाने के लिए भाजपा को निर्णय बदलना पड़ा। यह निर्णय उस विचार के अनुरूप है कि राष्ट्र और जनहित पहले, पार्टी बाद में। बिहार का हित इसी में था। भाजपा ने भारत रत्न से विभूषित कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर अमल किया। बिहार को परिवारवाद के वर्चस्व की तरफ बढ़ने से रोक दिया। कर्पूरी ठाकुर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे। वह जिस झोपड़ी में जन्मे थे, वही जीवन के अंत तक उनकी संपत्ति थी। वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, एक बार उपमुख्यमंत्री, एक बार सांसद बने। दशकों तक विधायक रहे। वह उस समय जनसंघ के सहयोग से ही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बने थे। आज नरेंद्र मोदी सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान दिया है। उनके विचारों को भी सम्मान दिया है। बिहार को राजद के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बचाने का कार्य किया है। राजद प्रमुख अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश पर निर्णायक दबाव बना चुके थे। जातिगत जनगणना के बाद से लालू यादव का नीतीश पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दबाव ज्यादा बढ़ गया था, क्योंकि जातिगत जनगणना से उनका एमवाई समीकरण मजबूत दिखाई दे रहा था। दूसरी तरफ नीतीश कमजोर दिखाई देने लगे थे। नीतीश कुमार को आत्मचिंतन अवश्य करना चाहिए। नीतीश को अपनी धूमिल हो चुकी छवि को संवारने का एक और अवसर मिला है। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। राजग में शामिल होना नीतीश कुमार के लिए प्रायश्चित की तरह है।

## अंदाज-ए-बयां
### दौड़ विकास की


-डॉ. कमल के प्यासा
माया गार्डन, जीरकपुर।

*हो रहा है*
*छलनी छलनी*
*सीना,*
*धरती का*
*नदी का*
*पहाड़ का।*

*जंगल*
*बने मैदान,*
*पेड़ों का मिटा निशान।*
*बिगड़ा संतुलन,*
*पशु पक्षी*
*सब चुप चाप*
*उदास और निराश।*

*क्योंकि, बेजान हैं,*
*बेजुबान हैं*
*सब।*
*क्या करें?*
*बोल सकते नहीं।*

*कौन दे दलील,*
*कैसे कहां*
*करें अपील।*
*है नहीं,*
*कोई वकील।*

*विकास की*
*अंधी दौड़ में,*
*रेत, बजरी और*
*पत्थर पानी की*
*मांग बहुत बड़ी है*
*कैसी विकास की दौड़*
*चली है।*

# हिंदू समाज का धैर्य, ज्ञानवापी और ओवैसी


डॉ. मयंक चतुर्वेदी
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट ज्ञानवापी पर अब बहुत कुछ साफ बता रही है कि कैसे हिंदू सनातन प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को वाराणसी से नष्ट किया गया। सत्ता के वर्चस्व में भय के वातावरण से बहुसंख्यक हिंदुओं को इतना भयभीत कर दिया कि वह अपने ऊपर जबरन लादे गए इस कलंक को समय के कालखंड में मिटा नहीं सके।

अब जब भारतीय संविधान के प्रकाश में इस देश का हिंदू अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है तो कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं। आज उन्हीं में से एक हैं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी खुलकर हिंदू विरोधी भड़ास एक बार फिर बाहर आई है। वह कई अवसरों पर ये बता भी चुके हैं कि उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं है। राम मंदिर का निर्णय उच्चतम न्यायालय से आया, किंतु आज भी वह बार-बार मुसलमानों के साथ अन्याय होने का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें भड़काने में सबसे आगे रहते हैं। अब एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से कह रहे हैं कि हिंदुत्व की गुलाम है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण। ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। यह रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है और विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है। एएसआई हिंदुत्व की गुलाम है। ओवैसी ने यह कहकर बता दिया है कि वह किसी भी हाल में हिंदू सनातन धर्म के पक्ष में सामने आए सच को स्वीकार्य करने वाले नहीं हैं। हिंदुत्व और हिंदुओं से उन्हें इतनी अधिक नफरत है कि हिंदुस्तान में रहते हुए वह उसी बहुसंख्यक हिंदू समाज के मान बिंदुओं का अपमान करते हैं, जिसके कारण से भारत वर्ष पूरे विश्व में जाना जाता है। ज्ञानवापी मस्जिद पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अनेक साक्ष्यों के साथ बता रहा है कि कैसे एक प्राचीन वैभवशाली ज्ञान परंपरा और संस्कृति को इस्लामिक आक्रांताओं ने नष्ट कर दिया था और जागृत मंदिर को मस्जिद में बदल दिया गया। हिंदुओं के मान बिंदुओं जिसमें कि वे देवता के स्वरूप को एक आदर्श के रूप में लेते हुए, उसकी स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा कर उसकी आराधना करते हैं, उन्हें ही इतिहास में तमाम इस्लामिक आक्रांताओं ने खंड-खंड किया है। क्या ओवैसी ज्ञानवापी के अंदर के प्राप्त चिन्हों को नकार सकते हैं। वैसे कोई बड़ी बात नहीं वह कहने लगें कि तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं में सेंध लगाकर हिंदू ही मूर्तियों को अंदर लेकर आ गए थे और उन्होंने ही अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए वहां इन्हें स्थापित कर दिया।

हो सकता है कल वह यह भी कहते नजर आएं कि अंदर दीवार में जो चिन्ह मिले हैं, वह भी रात के अंधेरे में हिंदुओं ने मस्जिद में घुसकर बना दिए हैं। कोई भरोसा नहीं अभी वे और उनके जैसे अन्य इस्लामिक कट्टरपंथी मुसलमान कितनी सीमा तक नीचे गिरेंगे। किंतु उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश और यहां का लोक सब देख रहा है। शांति से यदि मुसलमान ज्ञानवापी पर अपना दावा वापस ले लेते तो आज इस तरह से कोर्ट-कचहरी की जरूरत ही नहीं होती। जिन हिंदुओं ने धर्म के आधार पर देश का विभाजन होने के बाद भी मुसलमानों को आत्मसात किया हो, सिर्फ आत्मसात ही नहीं अल्पसंख्यक मानकर उनके लिए विशेष रियायतें विधि में निर्धारित की हों, उन बहुसंख्यक हिंदुओं के देश भारत में इस तरह का ओवैसी जैसे मुसलमानों के व्यवहार को क्या माना जाए, आज यह भी सोचने का गंभीर विषय है।

# बापू, सेंट स्टीफंस कॉलेज और दलित बच्चे


लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

**महात्मा** गांधी हमारे स्वाधीनता आंदोलन के सिर्फ नायक या समाज सुधारक मात्र ही नहीं थे। वह नौजवानों और विद्यार्थियों से मिलना-जुलना भी बेहद पसंद करते थे। वह स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगातार जाया करते थे। वह पहली बार राजधानी दिल्ली 12 मार्च, 1915 को आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। वह वहां पर सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिंदू कॉलेज के छात्रों और फैकल्टी से भी मिले। उनके तमाम सवालों के उत्तर दिए। उनसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से जुड़े बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उसके बाद वह 1918 में फिर दिल्ली आए तो पुन: सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत से हो गए। जब गांधी जी की 30 जनवरी, 1948 को हत्या हुई तो ब्रजकृष्ण चांदीवाला बिड़ला हाउस में ही थे। 31 जनवरी, 1948 को गांधी जी की अंत्येष्टि होनी थी। गांधी जी को अंतिम बार स्नान उनके परम शिष्य ब्रजकृष्ण चांदीवाला ने रात को दो बजे करवाया था। हालांकि तब बापू के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी भी वहां ही थे। सेंट स्टीफंस कॉलेज में गांधी जी के नाम से एक अध्ययन केंद्र भी चलता है। देश का यह शिखर कॉलेज गांधी जी और उनके सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्रयूज से प्रेरणा पाता है। दीनबंधु एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। अब गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों को मानने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) सेंट स्टीफंस कैम्बिज स्कूल स्थापित करने जा रही है। यह स्कूल दिल्ली से सटे हरियाणा के राई क्षेत्र में खुल रहा है। इस स्कूल को खोलने के पीछे मकसद यही है ताकि देश के गांवों और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। संयोग से सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल वहां खुल रहा, जिसे किसानों के रहनुमा और स्वाधीनता सेनानी चौधरी छोटूराम का गढ़ माना जाता है। चौधरी छोटूराम किसानों के मसीहा कहे जाते थे और उनकी शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही हुई थी। वह आजादी से पहले पंजाब सूबे की कैबिनेट के सदस्य थे। उनका जन्म मौजूदा रोहतक जिले में 1881 में हुआ था। तब रोहतक पंजाब का ही हिस्सा था। दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा का जाट समाज चौधरी छोटूराम को लेकर बहुत आदर का भाव रखता है।

इस बीच, गांधी जी दिल्ली में दलित बच्चों को भी पढ़ाते रहे। यह तथ्य कम ही लोग जानते हैं। यहां उनकी पाठशाला चलती थी। वह अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिंदी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वह मंदिर मार्ग के वाल्मीकि मंदिर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 तक। वह शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। बापू अपने उन विद्यार्थियों को जरूरत के मुताबिक फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे होकर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते।

यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। कहना न होगा कि स्वच्छ भारत अभियान से देश में साफ-सफाई के लिए एक तरह की अद्भुत जागरूकता पैदा हुई। वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री मोदी स्वयं झाड़ू लेकर दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे-पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन ही प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। अब स्वच्छता अभियान के असर देश के गांवों में भी दिखाई देने लगा हैं। गांधीजी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है।

खैर, गांधी जी वाल्मीकि मंदिर के जिस कमरे में पढ़ाते थे, वह अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। यहां एक चित्र रखा है, जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं। गांधी जी की कोशिश रहती थी कि जिन्हें कतई लिखना-पढ़ना नहीं आता, वे कुछ हद तक तो लिख-पढ़ सकें। इसी वाल्मीकि मंदिर में गांधी जी से विचार-विमर्श करने के लिए नेहरू से लेकर सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान भी आते थे। सीमांत गांधी यहां बापू के साथ कई बार ठहरे भी थे। वाल्मीकि समाज की तरफ से प्रयास हो रहे हैं कि इधर गांधी शोध केंद्र की स्थापना हो जाए। गांधी जी की महानतम जीवनी 'द लाइफ ऑफ महात्मा गांधी' के लेखक लुई फिशर भी उनसे वाल्मीकि मंदिर में ही मिलते थे। वह 25 जून,1946 को दिल्ली आए तो यहां पर बापू से यहीं मिलने पहुंचे थे। उस समय इधर प्रार्थना सभा की तैयारियां चल रही थीं। 'द लाइफ आफ महात्मा गांधी' को आधार बनाकर ही फिल्म गांधी का निर्माण हुआ था।

गांधी जी का बनारस से भी गहरा संबंध रहा। वह अपने जीवनकाल में 12 बार बनारस आए। उन्होंने 5 फरवरी 1916 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित किया था। वहां पर तब बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का स्थापना समारोह मनाया जा रहा था। साथ में बीएचयू के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, दरभंगा के राजा रामेश्वर सिंह के साथ कई रियासतों के राजा वहां मौजूद थे। गुजराती वेशभूषा (धोती, पगड़ी और लाठी) में आए गांधीजी ने मंच से लोगों के सामने तीन बातें रखी थीं। गांधी जी ने कहा था देश की जनता, छात्र और आप सभी भारत का स्वराज कैसा चाहते हैं? गांधी जी देश के नौनिहालों से बीच जाकर बहुत बेहतर महसूस करते थे और उनमें देश का भविष्य देखते थे।

# एओ ह्यूम व सत्यानंद स्टोक्स को ही आराध्य मान ले कांग्रेस

ब्लॉगर


लेखक : विवेक शर्मा
स्वतंत्र लेखक

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**राम** मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह का अनुमान अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर भारत के किसी भी राजनीतिक दल को नहीं था। अब इसे संयोग मानें या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का बढ़ता कद। मॉरीशस से लेकर अमेरिका व इंग्लैंड में जिस प्रकार उत्साह है व वहां की सरकारों ने प्रवासी भारतीयों को तवज्जो व उनकी आस्था को मध्यनजर रखते हुए आधे दिन के अवकाश की घोषणाएं की हैं, यह अचंभित करने वाला घटनाक्रम है। वास्तविकता यह है कि भारतीय राजनीतिक पार्टियां भी अचंभित है। खामोशी वह धैर्य से सब देखने वाला राष्ट्र आखिर क्यों इतना उत्साहित है भारतीय जनता पार्टी की पालमपुर राष्ट्रीय कार्यकारिणी जहां प्रस्ताव पारित हुआ था उससे लेकर आडवाणी की रथ यात्रा ने भी इस पल का अनुमान नहीं लगाया होगा। आज कश्मीर के मुस्लिम समाज अयोध्या में केसर भेज रहा है, तो हैदराबाद का समाज मंदिर में बजने वाले उद्घोष यंत्र भेंट कर रहा है। साथ ही दओबंद मुस्लिम शिक्षा केंद्र ने भी शुभकामनाएं दी हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के मदरसों ने अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम में रामायण पढ़ाने का निश्चय किया है। राम मंदिर को केवल एक समुदाय की आस्था का केंद्र कहना मुनासिब नहीं होगा। यह राष्ट्र की आध्यात्मिक आस्था का केंद्र उत्पन्न हुआ है। 2019 में न्यायालय के निर्णय के बाद सभी राजनीतिक दलों सहित कांग्रेस के पास अपने आप को इस निर्णय से जोड़ने व स्वागत करने का एक सुनहरा अवसर था लेकिन तुष्टिकरण की एक राजनीतिक भूल ने कांग्रेस को अन्य समुदायों से भी छिन्न-भिन्न कर दिया व शिक्षित समाज ने कांग्रेस को शिक्षित व अशिक्षित के मध्य खड़ा कर कांग्रेस स्वयं भीतर तुष्टिकरण की ओर बढ़ गई। कांग्रेस को अपना इतिहास समझते हुए यह समझने की आवश्यकता है कि भारत वह भूमि है जिसने बरतानिया सरकार के प्रतिनिधि एओ ह्यूम की विचारधारा को लोकतंत्र को धर्म व सनातन संघर्ष पद्धति व शालीनता से प्रभावित होकर कांग्रेस के संस्थापक होने पर प्रभावित कर दिया था।

स्वतंत्रता संग्राम, मानवता व राष्ट्रीय उद्घोष के लिए जो इतिहास में दर्ज है, वही अमेरिका से मिशनरी का प्रचार प्रसार करने व धर्म परिवर्तन करवाने आए सैमुअल इवांस स्टोक्स भारतीय जीवन शैली व सनातन से प्रभावित होकर सत्यानंद स्टोक्स हो गए। वह सदा सनातन व भारत के प्रिया हो गए। वहीं कांग्रेस आज एक परिवार की परिक्रमा में अपने राष्ट्र व संगठन का इतिहास भी भूल रही है। उन्हें आज अपने बीच ह्यूम और स्टोक्स को खोजने की आवश्यकता है। वहीं कांग्रेस के विचारक व वोटर आज वैचारिक द्वंद में हैं व राजनेता व कार्यकर्ता मनोवैज्ञानिक दबाव में भारत के 28 राज्यों में से 20 राज्यों मे कांग्रेस की स्थिति विलुप्त होने की कगार पर आ गई है। स्थिति यह हो गई है कि आज कांग्रेस के पास प्रांतों में मुख्यमंत्री के दावेदार तो छोड़िए, प्रतिनिधित्व करने वाले नेता नहीं है। अकाल की स्थिति इस तरह उत्पन्न हुई है कि कुछ राज्यों में तो प्रतिपक्ष भी नहीं है। विधायकों में विधायक दल का नेता बनने की इच्छा भी नहीं है।

एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल की इतनी दुर्गति अपने आप में अध्ययन का विषय है। राजनीति में समय पर लिए गए निर्णय अफसरों का उपयोग उसकी प्रगति पथ निर्धारित करता है राजनीति के भीतर की स्वतंत्र आवाज व अपने विरोध की आवाज को सुनने की क्षमता ताकत देती है। अपितु कांग्रेस की अगर यही स्थिति बनी रही तो 2029 के पश्चात कांग्रेस एक एनजीओ में परिवर्तित होकर रह जाएगी जो वास्तविकता में राष्ट्रहित में नहीं है।

## अपनी बात

**हमारे** देश में गो पूजा की जाती है। गोमूत्र को शुभ कार्यों और कई बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है, लेकिन यहां न तो सरकार और न ही आमजन गाय की सेवा के लिए गंभीरता दिखाते हैं। आमजन में कुछ लोग ऐसे हैं, जो गाय की तब तक सेवा करते हैं, जब तक वह दूध देती है। ऐसे हालात शहरों के साथ-साथ गांवों में भी हैं। जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो कुछ लोग उसे बेसहारा छोड़ देते हैं। देश के बहुत से राज्यों में सड़कों पर घूमते बेसहारा पशुओं के शिकार लोगों की मौत या घायल होने की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन इसके लिए गंभीर नहीं है। देश में कुछ राज्यों की सरकारों ने तो गो कल्याण उपकर (सेस) भी लगाए हुए हैं, अगर इस उपकर को राज्य के सभी नगर निगम और अन्य सरकारी संस्थाएं ईमानदारी से गोशालाओं के निर्माण के लिए लगाएं तो अवश्य ही लावारिस गउओं और बैलों से आमजन को होने वाली परेशानी से बचाया जा सकता है। देश के बहुत से शहरों की सड़कों, गलियों, मोहल्लों में झुंड बनाकर बैठी या लावारिस घूमती गउओं का अकसर देखा जा सकता है। कभी इनसे लोग टकरा जाते हैं, तो लड़ते-झगड़ते ये बाइक सवारों या अन्य गाड़ियों से टकरा जाती हैं। इससे हुई कई घटनाओं में लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं और कई लोगों की तो जान चली जाती है। इसके बावजूद निगम के अफसर इस समस्या पर ध्यान देने को तैयार नहीं है। हैरानी यह कि जो राज्य सरकारें ने करोड़ों की कमाई 'गो टैक्स' के रूप में आम लोगों से इकट्ठा करती हैं। आखिर इस टैक्स का पैसा कहां चला जाता है? क्या यह पैसा भी भ्रष्ट नेताओं, सत्ताधारियों या फिर सरकारी अफसरों की जेब में चला जाता है? क्यों सरकार और प्रशासन ज्यादा से ज्यादा गोशाला बनाकर इनमें बेसहारा घूमती गउओं को रखने के लिए गंभीर नहीं होता। एक तरफ तो देश में गाय पर खूब राजनीति होती है, वहीं दूसरी तरफ गउओं का सड़कों पर बेसहारा छोड़ना क्या सरासर गलत नहीं है?

–राजेश चौहान

## आपकी डायरी

**चींटी रानी, चींटी रानी**
**बड़ी सयानी चींटीरानी।**
**श्रम की मल्लिका चींटी रानी,**
**सुबह- सुबह जब आँख खुली तो,**
**काम में लगी दिखी चींटी रानी,**
**गर मिलकर काम करें तो, ऐवरेस्ट भी चढ़ सकते हो प्यारे।**



रवि कुमार
घुमारवीं

## अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जडेजा-राहुल इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

**हैदराबाद।** भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के खेल के दौरान पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने दाईं जांघ में दर्द की शिकायत की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दो फरवरी से होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर बुमराह को फटकार

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और उसकी वजह से अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर की है, जब बुमराह जान-बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए, जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ। बुमराह को अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

### शराब मिलने की जांच कराएगा सौराष्ट्र क्रिकेट संघ

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को अनुशासनात्मक जांच शुरू करने का फैसला किया। एससीए सूत्रों के अनुसार यह घटना 25 जनवरी को सीके नायुडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था, उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली। एससीए ने एक बयान में कहा कि चंडीगढ़ में एक कथित घटना हुई है, जिसे सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संज्ञान में लाया गया है। बयान के अनुसार कि कथित घटना दुर्भाग्यपूर्ण और असहनीय है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ की नैतिक/अनुशासनात्मक समिति और शीर्ष परिषद घटना की गहराई से जांच करेगी और उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

### हॉकी-5 एस पुरुष विश्व कप में भारत जीता

**मस्कट।** एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्व कप ओमान 2024 के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ओमान के मस्कट में जमैका पर 13-0 से शानदार जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रमण शुरू कर दिया, मनिंदर सिंह ने सटीक शॉट्स के माध्यम से दो त्वरित गोल किए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया और भारत ने मैच के पहले छह मिनट के भीतर ही 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली। पवन राजभर और गुरजोत सिंह ने इन अवसरों का फायदा उठाया और छह मिनट के अंतराल पर दो गोल कर हाफटाइम तक भारत को 6-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक आक्रामक रणनीति बनाए रखी। मोहम्मद राहील, मनदीप मोर, मंजीत, और मनिंदर सिंह ने एक के बाद एक गोल कर भारत को 13-0 से जीत दिला दी।

### जांगड़ा ने जीता इंटरकांटिनेंटल खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए)' का 'इंटरकांटिनेंटल सुपर फेदरवेट' खिताब जीता। अपने पेशेवर करियर में अब तक अपराजित रहने वाले 30 साल के जांगड़ा ओलंपिक के पूर्व रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। उन्हें अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़ कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

# हैदराबाद टेस्ट हारने के बाद डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसका भारत

- ऑस्ट्रेलिया 55 अंक के साथ शीर्ष पर
- दक्षिण अफ्रीका दूसरे न्यूजीलैंड तीसरे व बांग्लादेश चौथे स्थान पर

**एजेंसी, दुबई**

**इंग्लैंड** के हाथों हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है।

दक्षिण अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की शृंखला ड्रॉ खेलने के बाद भारत शीर्ष पर था, लेकिन पाकिस्तान को हराकर ऑस्ट्रेलिया शिखर पर पहुंच गया।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला के बाद भारत के 54.16 रैंकिंग अंक थे, जो अब घटकर 43.33 हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया 55 अंक के साथ शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज के हाथों रविवार को आठ रन से मिली हार का भी उसकी रैंकिंग पर असर नहीं हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के 50 फीसदी अंक हैं और वे क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। भारत के बाद पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 चक्र में टीम को एक जीत पर 12 अंक, ड्रॉ पर चार और टाई पर छह अंक मिलते हैं।




# अंडर-19 विश्व कप : आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत की नजरें जीत की लय कायम रखने पर




**30 जनवरी** ब्लोमफोंटेन
मैच का समय दोपहर 1:30

**भारत**

**अर्शिन** कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**न्यूजीलैंड**

**आस्कर** जैकसन (कप्तान), मेसन क्लार्क, सैम क्लोड, जैक कमिंग, रहमान हिकमत, टॉम जोंस, जेम्स नेलसन, स्नेहित रेड्डी, मैट रोव, एवाल्ड श्रूडर, लाचलान स्टैकपोल, ओलिवर तेवतिया, एलेक्स थॉम्पसन, रियान सोरगास, ल्यूक वाटसन।

**एजेंसी, ब्लोमफोंटेन**

**लगातार** तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैंपियन भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो नजरें जीत की लय कायम रखने पर लगी होंगी।

ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि इसी मैदान पर अगला मैच खेलना है, जहां उसने तीनों मैच जीते हैं। वहीं न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसे हालात के अनुरूप ढलना होगा।

भारत ने बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराया है। पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ परेशानी आई, लेकिन बाकी दोनों मैचों में भारत ने शानदार जीत दर्ज की।

भारत के लिए हर मौके पर एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने लगातार अच्छी पारियां खेली है। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक समेत सर्वोच्च रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। आदर्श सिंह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास शतक के बाद बढ़ा होगा। कप्तान उदय सहारन ने भी अच्छी पारियां खेली हैं और वह इसे कायम रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

# कुल्लू के अनुज सेन को 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण

**भुंतर।** 11वीं जूनियर कुराश नेशनल चैंपियनशिप जो राजस्थान के गंगापुर में हुई। वहां हिमाचल प्रदेश कुराश टीम ने प्रमुख सफलता प्राप्त की। अनुज सेन ने 50 किलोग्राम वर्ग में सोने का पदक जीता, जबकि वंशिका सावंत ने 52 किलोग्राम वर्ग में रजत जीता। डिशंत सिंह ने 55 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। अनीश राणा ने 60 किलोग्राम और अर्जुन सिंह ने 66 किलोग्राम वर्ग में भी कांस्य पदक जीता। हिमाचल प्रदेश ने इस चैंपियनशिप में कुल मिलाकर ओवरऑल रनर-अप पोजीशन हासिल की। कोचिंग टीम में कांगड़ा से सुनील कुमार, शिमला से अजय खेटा, सोलन से जतिन कौशिक, चंबा से आशीष और शिमला से सीमा शामिल थे। इसके अलावा देविंद्र विशिष्ट इस चैंपियनशिप में एक तकनीकी अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश संघ के चेयरमेन वीरेंद्र सिंह धौलता कहा कि 51 खिलाड़ियों ने हिमाचल से चैंपियनशिप में भाग लिया। कुराश संघ के सचिव हरदेव सिंह, कृष्ण लाल, सुनीता ग्रोवर, सनी लालटा, आशीष कुमार, संजय शर्मा, रजनीश गुप्ता, पंकज कुमार और दीपिका कपूर ने टीम को शुभकामनाएं दी।




11वीं जूनियर कुराश नेशनल चैंपियनशिप राजस्थान के गंगापुर संपन्न

## देश-विदेश-कारोबार

## वर्ल्ड न्यूज

### बांग्लादेश में अस्पताल से दुष्कर्म पीड़ित युवती का किया अपहरण

**ढाका।** बांग्लादेश के खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वन-स्टॉप क्राइसिस सेंटर (ओसीसी) से दुष्कर्म पीड़ित युवती का अपहरण कर लिया गया। अपहर्ता उसे और उसकी मां को जबरदस्ती छोटी कार में ठूंस कर ले गए। यह वारदात रविवार दोपहर की बताई गई है। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि वारदात के वक्त पीड़ित युवती के रिश्तेदार, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी मौजूद थे। युवती को अगवा करने पहुंचे बदमाशों ने पत्रकारों के कैमरे भी छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर रिश्तेदारों, पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं पर हमला किया।

### ईडी ने कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के कई ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई केरल स्थित त्रिशूर और मलप्पुरम में करीब चार-पांच ठिकानों पर की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के त्रिशूर और मलप्पुरम में करीब चार-पांच परिसरों की तलाशी ले रही है। ईडी की यह कार्रवाई 12-13 फीसदी तक उच्च रिटर्न का वादा कर जमा राशि एकत्र करके लोगों को धोखा देने और धोखाधड़ी के कथित मामले से जुड़ी है। ईडी की यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर की गई है।




# अब सुप्रीम कोर्ट में होगी पश्चिम बंगाल में नौकरी घोटाला की सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में फर्जी जाति प्रमाणपत्र से नौकरी के कथित घोटाले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जज जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय और जस्टिस सोमन सेन के बीच विवाद के बाद केस अपने पास सुनवाई के लिए ट्रांसफर किया है।



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार से इस घोटाले को लेकर अब तक हुई जांच की प्रगति के बारे में जवाब दाखिल करने को कहा है। 27 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर विशेष सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पर रोक लगा दी थी।

इस मामले की विशेष सुनवाई करने वाली स्पेशल बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अनिरुद्ध बोस शामिल हैं। 27 जनवरी को सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के फैसले पर आपत्ति जताई थी।

### न्यूज एजेंसी ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा- क्रिकेटर धोनी के खिलाफ याचिका सुनवाई योग्य नहीं

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर धोनी के खिलाफ उनके पूर्व पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास की ओर से दाखिल मानहानि याचिका पर सुनवाई के दौरान एक न्यूज एजेंसी ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता से इस बात का जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी। न्यूज एजेंसी की ओर से पेश वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि उनकी एजेंसी ने केवल इस तथ्य की खबर दी थी कि महेंद्र सिंह धोनी ने याचिकाकर्ताओं के खिलाफ केस दायर किया है।



उन्होंने कोर्ट से कहा कि सारी शिकायत रांची से संबंधित है। तब कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि आप यह बताएं कि किस विशेष खबर से आपकी बदनामी हुई है। सुनवाई के दौरान आज महेंद्र सिंह धोनी की ओर से वकील शेखर कुमार पेश हुए। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के वकील को धोनी के वकील को याचिका की प्रति उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।

### 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह



बीटिंग रिट्रीट के दौरान भारतीय धुनों से गूंज उठा राजसी रायसीना हिल्स।

### नीतीश का मतलब बिहार नहीं, उन्हें सर्कस में जाना चाहिए : राउत

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी से विपक्षी दलों के विपक्षी गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जिस तरह से विपक्षी गठबंधन छोड़ा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

तेजस्वी यादव विपक्षी गठबंधन को मजबूत बनाएंगे। नीतीश का मतलब बिहार नहीं है। संजय राउत ने कहा नीतीश को सर्कस में जाना चाहिए। सर्कस में अच्छे दिन आएंगे, उन्हें पलटू राम सर्कस बनाना चाहिए और भाजपा को उसका रिंगमास्टर बनना चाहिए।

# आरएसएस और भाजपा की विचारधारा ने हिंसा और नफरत फैलाई

**एजेंसी, किशनगंज**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को बिहार पहुंची। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में आरएसएस और भाजपा की विचारधारा ने हिंसा और नफरत फैला रखी है।

भाई-भाई से लड़ रहा है, एक धर्म का व्यक्ति दूसरे धर्म के व्यक्ति से लड़ रहा है। भाषाओं के बीच लड़ाई हो रही है। हम जानते थे कि यह मोहब्बत का देश है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खुलनी चाहिए। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान की राजनीति पर यात्रा का बहुत बड़ा असर पड़ा। एक विचारधारा जो भाजपा देश के सामने रोज रखती है, नफरत, हिंसा। उसके खिलाफ एक नई विचारधारा खड़ी हुई, जितनी भी कोशिश कर लो, नफरत को नफरत नहीं काट सकती, नफरत को सिर्फ प्यार काट सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि देश तभी विकसित होगा, जब लोगों को सामाजिक और वित्तीय न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए यहां बिहार आया हूं। बीजेपी की विचारधारा को करीब से देखा हूं। मैं मणिपुर के लोगों से बातचीत करता हूं। वह राज्य सात महीने से बीजेपी और आरएसएस की विभाजनकारी विचारधारा के कारण जल रहा है। उन्होंने मणिपुर में लोगों को दो समुदायों में बांट दिया है।



बिहार पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(30 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** चतुर्थी (08:57 सुबह, **नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी (10:07 रात्रि तक), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:56 रात्रि तक)
**राहुकाल :** 03:16-04:37 रात्रि तक।

### विशेष दिन

30 जनवरी 2024 : गांधी जी पुण्यतिथि आज।
30 जनवरी 2024 : शहीद दिवस आज।

**मेष :** मेष राशि वालों को आज अपने खर्च पर संतुलन बनाकर चलना होगा क्योंकि आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है, पूर्व नियोजित यात्रा हो सके तो टाल दें, परेशानी हो सकती है।

**वृषभ :** आज पूरा दिन मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ आपको अवश्य मिलेगा। सहयोग देंगे तो सहयोग प्राप्त होगा, कार्य में रोमांचक अनुभव होगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग हैं।

**मिथुन :** भाग्य के साथ आज कार्य की व्यस्तता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीकी जानकारी के प्रति रुझान बढ़ेगा। अधूरे कार्य आज पूरे हो सकते हैं। नकारात्मक विचारों से खुद को दूर रखें।

**कर्क :** भाग्य का भरपूर असर दिखेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार कर ही कार्य करें, सक्रिय होकर कार्य करें, लाभ अवश्य मिलेगा। भाग्य आज आपके साथ है। घर की जरूरी चीजों पर आप खर्च कर सकते हैं।

**सिंह:** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है। सचेत होकर कार्य करें, आज जो भी निर्णय लें, अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर ही लें। वस्तुओं को संभालकर रखें।

**कन्या :** शत्रु आज आपसे दूर भागेंगे, प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी, आज आमदनी में धन का प्रवाह बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला :** आज आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे, परिवार में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। मेहनत और धैर्य के साथ अपना काम करते रहें।

**वृश्चिक:** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे। भगवान का नाम लेकर आगे बढ़ें, अच्छे अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं।

**धनु:** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान हो जाएं, किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। आप किसी पर भरोसा न करें। अपने मन की सुनकर ही कोई निर्णय लें।

**मकर :** नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा लाभदायक रहेगी, आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है। धन के मामले में व्यापारी और नौकरीपेशा दोनों को लाभ होगा।

**कुंभ :** आज ग्रह चाल आपको लाभान्वित होने का मौका प्रदान कर रही है, दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी और चिंतामुक्त होकर कार्यक्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

**मीन :** पिछली चली आ रही उलझनों से छुटकारा मिलेगा, आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें, अनावश्यक खर्च से बचें। परिवार के लोगों का साथ पाकर आप अपना और समाज का भी भला करेंगे।

## जानकारी

### कोरोना के खिलाफ प्रमुख औषधि कोरोनिल का एक प्रमुख घटक है गिलोय

# गिलोय की उपयोगिता को अब ब्रिटिश फार्मा ने भी माना

**एजेंसी, हरिद्वार**

गिलोय के हेपटोप्रोटेक्टिव (लिवर को स्वस्थ रखने की क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभाव को अब यूनाइटिड किंगडम ने भी स्वीकार किया है, जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल 'जर्नल ऑफ फार्मेसी एंड फार्माकोलॉजी में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने प्रकाशित किया है। यह जानकारी उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित पतंजलि योग पीठ की ओर से दी है।

यूके के जर्नल ऑफ फार्मेसी एंड फार्माकोलॉजी ने स्वीकार किया है कि गिलोय पर अनुसंधान में पाया कि यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है। साथ ही गिलोय शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि करता है। गिलोय के प्रयोग को दैनन्दिन (खाद्य के रूप में) प्रयोग करके अनेक रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि गिलोय का प्रयोग लिवर को सुरक्षा प्रदान करने वाले पूरक खाद्य के रूप में किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि गिलोय को परंपरागत रूप से रक्त शोधन व रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि के लिए प्राचीनकाल से ही गिलोय प्रयोग किया जाता था। गिलोय एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आयुर्वेद को कुलचने का भरसक प्रयास किया गया किंतु पतंजलि ने सदैव आयुर्वेद को गौरव प्रदान किया है। कोरोना काल में गिलोय को लेकर भ्रांति पैदा करने का प्रयास किया गया कि गिलोय के अधिक सेवन से लिवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

किंतु पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर अनुसंधान कर उसे एविडेंस के साथ प्रस्तुत किया। कहा कि यह भी प्रासंगिक है कि कोरोना के खिलाफ प्रमुख औषधि कोरोनिल का एक प्रमुख घटक गिलोय है। पतंजलि के प्रयासों से आज दुनियाभर के वैज्ञानिक आयुर्वेद का लोहा मान रहे हैं।



यूके के जर्नल ऑफ फार्मेसी एंड फार्माकोलॉजी ने स्वीकारा कि गिलोय लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है।

# कन्या भ्रूण हत्या महापाप

**रीति-रिवाजों, परंपराओं और मान्यताओं पर विश्वास करना गर्व की बात है, लेकिन जब यही वेद विरोधी रूढ़िवादी परंपराएं मानवरूपी जीव को भाग्यवादी सोच पर छोड़ दे, तो यह अवास्तविक जीवन दृष्टि मनुष्य का सर्वस्य लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ती....**

शास्त्र कहते हैं, जिसके पुत्री पैदा नहीं होती वह महापापी होता है और अंत में पथभ्रष्ट होकर नरकग्रामी होता है। शास्त्र भ्रूण हत्या करने वाले को महापापी कहते हैं। भ्रूण हत्या का कोई प्रायश्चित नहीं है और उसके सामाजिक बहिष्कार की पुष्टि करते हैं। वर्तमान समाज अंग्रेजी पद्धति से विकास तो कर रहा है मगर जीवन के मूल और भारतीय संस्कृति से कोसों दूर है। जब वेद और शास्त्रों की बात मनुष्य के अनुकूल न हो तो वह रूढ़ियों का मानने लगता है और अंततः उसका पतन निश्चित ही हो जाता है। वेद को मानने वाला ही आस्तिक है, ईश्वर को मानने वाला आस्तिक नहीं कहा गया है। वेद और शास्त्रों को ईश्वर ने भी अपने सभी अवतारों में माना है और यही शास्त्र हर अवतार का ज्ञान करवाते हैं। नास्तिकता के कारण कन्या भ्रूण की गर्भ में हत्या कर दी जाती है। पुत्र की चाहत ने समाज को संकीर्णता की ओर अग्रसर कर दिया है। पुत्र की चाहत पुत्री के लिए अभिशाप बन गई है, जिस कुल के हाथ भ्रूण हत्या से रंग गए उस कुल के हाथों पितृ जलांजलि ग्रहण नहीं करते हैं। रूढ़ियों और अंधविश्वासों ने समाज को इतना कुंठित कर दिया है कि हमें पुत्र का मोह तो आकर्षित कर लेता है, मगर पुत्री का जन्म उदासीन कर देता है। हालांकि मनुष्य जीवन में पुत्री कर जन्म कल्याण का मार्ग बताया है। वेद में श्रेष्ठ और प्रगतिशील वाणी है, जो संकीर्णता की विध्वंसक है। इसे नवजात के कल्याण और सृष्टि संतुलन के लिए स्वीकारना ही होगा।

**-अनिल शर्मा, मंडी।**



जिसके पुत्री नहीं होती वह महापापी

## गरुड़ पुराण व पराशर स्मृति में स्पष्ट कहा है कि...

**गर्भंर्त्तृवधे तासां तथा महति पातके।**
**सुरापी व्याधिता द्वेष्ट्री विहर्त्त्व्या प्रियंवदा।।**

अर्थात:. ब्रह्महत्या से जो पाप लगता है, उससे दोगुना पाप गर्भपात करने से लगता है। इस गर्भपातरूपी महापाप का कोई प्रायचित भी नहीं है, इसमें तो उस स्त्री-पुरुष का त्याग कर देने का ही विधान है।

. अग्रिपुराण और मनुस्मृति में तो यहां तक कहा है कि गर्भपात करवाने वाले का देखा हुआ अन्न नहीं खाना चाहिए और न ही कभी उससे बातचीत करनी चाहिए।

**. भ्रूणहनावेक्षितं चैव ...अग्रिपुराण 173/33**
**. गर्भपातं च या कुर्यांत तां संभाषयेत्क्वचित।। . पराशरस्मृति 4/19**

**. पूर्व जनुषि या नारी गर्भद्यातकारी प्रभूत।**
**गर्भपातेन दुखार्ता साअत्र जन्मनि जायते।।**

**अर्थात:.** गर्भपात करने वाले की अगले जन्म में संतान नहीं होती है। अगले जन्म में यह प्रत्यक्ष दिख जाता है।

**. गर्भघ्नश्च महापापी संप्राप्नोति शुनीमुखम।। ... ग्रह्मवैवर्तपुराण 85/63**

भ्रूण हत्या करने वाले रोध यानी श्वासोचछ्वास रोकने वाला, शुनीमुख, रौरव आदि नरकों में जाते हैं। गर्भ की हत्या करने वाला कुंभीपाक नरक में गिरता है। फिर विष्ठा का कीड़ा होता है। उसके बाद बैल होने के तत्पश्चात कोढ़ी मनुष्य होता है। श्रेष्ठ पुरुषों ने ब्रह्महत्या आदि पापों का प्रायश्चित बताया है, पाखंडी और परनिंदक का भी उद्धार होता है, किंतु जो गर्भ के बालक की हत्या करता है, उसके उद्धार का कोई उपाय नहीं हैं। जो भ्रूण हत्या करता है वह समाज से भी बहिष्कृत होना चाहिए, यह वाणी वेद की वाणी है, जिसे आज के प्रचारकों को आमजन तक पहुंचाना होगा।





# सांस्कृतिक धरोहर पारंपरिक देवता मेला

**हिमाचल** प्रदेश के सुकेत में अनेक देवी-देवता हैं और यहां के मेलों की परिकल्पना प्रदेश व देश के अन्य भागों में से बिलकुल भिन्न है। यहां अनेक देवी-देवताओं के अपने-अपने मेले होते हैं, जिसमें अनेक देवी-देवताओं और लोगों का मिलन, पुरातन एवं नवीन संस्कृति का मिलन होता है। सुकेत का पारंपरिक देवता मेला देवास्था, धार्मिक मनेच्छा एवं सामाजिक दृष्टि से यह मेला पारंपरिक रूप से मनाया जाता है। प्रत्येक मेले के पीछे कोई न कोई दंतकथा रहती ही है और वही मेले के होने का मुख्य कारण भी होती है।

सुकेत के लोग अपनी परंपराओं से बहुत अधिक प्यार करते हैं, इसलिए उन्हें अपने सामाजिक जीवन को तथाकथित ढंग से परिष्कृत करने की अपेक्षा उसे अपने मूल रूप से संरक्षित करने की प्रवृत्ति पाई जाती है।

सुकेत देवता मेला सदियों से मनाया जा रहा है, जिसमें सुकेत रियासत के अलावा मंडी रियासत के कोने-कोने से सैकड़ों मील पैदल चलकर राजवंश की परंपरा को निभाने आते हैं। इस देवोत्सव से सुकेत का कण-कण देवमयी हो जाता है। इस वर्ष सर्व देवता कमेटी द्वारा शुकदेव के नाम से प्रसिद्ध सुकेत की तपोस्थली से पारंपरिक देवता मेला का शुभारंभ किया जा रहा है, जो इस मेले का रंग और ढंग बदल देगा और लोगों के लिए कुछ नया देखने को मिलेगा। इसमें देव परंपरा का निर्वहन देवरीति से ही होगा।

अंतिम शोभायात्रा राजराजेश्वरी महामाया जी के देवालय से आरंभ होकर अपनी पुरानी परंपरा भोजपुर शहर में कार बांध कर लोगों को दैव प्रकोप को मिटाकर आधी-व्याधी को नष्ट करके मेला मैदान में सभी देवी-देवताओं को विदा कर राजवंश की सदियों पूर्व परंपरा का निर्वहन करेगी।



**लेखक : आचार्य रोशन**
**महामाया मंदिर सुंदरनगर।**

# नवग्रह की शांति के लिए करें ये उपाय

**प्रतिपदा** के दिन मंगल ग्रह की शांति करानी चाहिए। द्वितीय दिन राहु ग्रह की। तृतीय दिन बृहस्पति ग्रह की और चतुर्थी के दिन शनि की शांति करवाकर अशुभ प्रभाव से बचा जा सकता है। पंचमी के दिन बुध ग्रह, षष्ठी के दिन केतु, सप्तमी के दिन शुक्र, अष्टमी के दिन सूर्य एवं नवमी के दिन चंद्रमा की शांति कार्य किए जाते हैं। किसी भी ग्रह शांति की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कलश स्थापना और दुर्गा मां की पूजा करनी चाहिए। पूजा के बाद लाल वस्त्र पर नवग्रह यंत्र बनावाया जाता है। इसके बाद नवग्रह बीज मंत्र से इसकी पूजा करें फिर नवग्रह शांति का संकल्प करें।

**ग्रह शांति**



प्रतिपदा के दिन मंगल ग्रह की शांति होती है इसलिए मंगल ग्रह की फिर से पूजा करनी चाहिए। पूजा के बाद पंचमुखी रूद्राक्ष, मूंगा अथवा लाल अकीक की माला से 108 मंगल बीज मंत्र का जप करना चाहिए। जप के बाद मंगल कवच एवं अष्टोत्तरशतनाम का पाठ करना चाहिए। राहु की शांति के लिए द्वितीया को राहु की पूजा के बाद राहु के बीज मंत्र का 108 बार जप करना, राहु के शुभ फलों में वृद्धि करता है।

# स्वप्न में मांगी भिक्षा, तो समझिए बढ़ेगा व्यापार




- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में अंधेरी गली में जा रहा हो तो उसका अपने प्रेमी या प्रेमिका से झगड़ा हो जाता है।
- यदि कोई स्वप्न में अपनी गाड़ी, कार, साइकिल इत्यादि का पहिया निकलते हुए देखे अथवा टूटा हुआ देखे तो आने वाले समय में उसको भारी कष्टों का सामना करना पड़ता है।
- यदि कोई गली में जाते हुए यह देखे कि रास्ता नहीं है, तो उसका बनाया हुआ पूर्व कार्यक्रम असफल हो जाता है।
- यदि कोई व्यक्ति किसी को भिक्षा देते हुए दिखाई दे तो सौभाग्य में वृद्धि होती है। लेकिन भिखारी को स्वप्न में भला-बुरा कहकर भिक्षा दे तो दुर्भाग्य सूचक रहता है।
- यदि कोई विवाहित स्त्री अपने आपको स्वप्न में गर्भवती देखती है तो उसे दाम्पत्य जीवन का अपूर्व सुख प्राप्त होता है, किंतु यही स्वप्न अविवाहित स्त्री देखे तो उसके लिए इसका फल अनिष्टकर होता है।
- जो व्यक्ति पानी से भरा अथवा दूध से भरा बर्तन देखता है तो यह भी उसके लिए शुभ सूचना है।
- स्वप्न में यदि कोई बड़ का ऐसा पेड़ देखे जिसकी जटाएं जमीन में प्रविष्ट कर गई हों तो उसका अपने मित्र तथा संबंधियों से विवाद होता है।



# गुलबहार का शकुन



**गुलबहार** का फूल प्रेम का प्रतीक माना जाता है विशेषकर युवतियों के लिए। वैसे इसका फूल शकुन और अपशकुन दोनों का प्रतीक है। एक धारणा के अनुसार युवतियां इसके फूल की एक-एक पंखुड़ी तोड़ती जाती हैं और दोहराती जाती हैं कि वह मुझसे प्रेम करता है या नहीं करता। जिस बात पर फूल की अंतिम पंखुड़ी टूटकर गिरती है उसी बात को युवती सच मान लेती है। वह ऐसा इसलिए करती है कि उन्हें पता चल जाए कि उनका प्रेमी सच्चा है या झूठा। सामान्यत: बाग का माली इन फूलों को बेकार के फूल मानता है। लेकिन एक अन्य धारणा के अनुसार यह फूल हमें आने वाले अच्छे-बुरे मौसम का संकेत देते हैं। यदि फूल खिला रहे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम खुशगवार रहेगा और यदि इसकी पंखुड़ियां बंद होने लगे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम खराब आने वाला है।

# जीवन एक अधूरा सपना

कहते हैं जो सपनों के महल नहीं बना सकता वह हकीकत के महल क्या बनाएगा, लेकिन जीवन में ऐसी घटनाएं भी हो जाती हैं जो हमें भाग्य विधाता, ग्रह नक्षत्र, समय चक्र की ओर कर्म बंधन की शक्तियों के बारे में सोचने पर बाध्य कर देती हैं। हमारे सपने, हमारी आकांक्षाएं सब धरी की धरी रह जाती हैं।

हम चाह कर भी कुछ नहीं कर पाते। प्रस्तुत जन्माङ्ग एक ऐसा जातक है जो एक संपन्न परिवार में उत्पन्न हुआ। जातक की एक बहन है। इस जातक के माता-पिता का जीवन एक अधूरा सपना रह गया है। ऐसा क्यों, आए जानने का प्रयास करें। प्रथम दृष्टया में जन्माङ्ग शक्तिशाली है। लग्न 140 पर लग्न पर लग्नेश की दृष्टि एवं सिंह लग्न का ही नवांश है। दैवज्ञों के अनुसार अष्टम और द्वादश भाव के स्वामी केंद्र में शुभ फलदायक नहीं होते। इस सिद्धांत के अनुसार अष्टमेश बृहस्पति की केंद्र में स्थिति अशुभ है। गुरु वक्री भी है एवं शत्रु नक्षत्र में है। गुरु पर षष्ठेश, सप्तमेश शनि की दृष्टि है। अत: यह और ज्यादा अशुभ हो गया है। लग्न पाप कर्त्तरी योग में है। लग्न पर क्रूर ग्रह मंगल, राहु की दृष्टि है। द्वितीय भाव जो वाणी का है। इसका स्वामी भाव से छठे सूर्य के साथ मंगल के नक्षत्र में है। अत: शरीर में कष्ट एवं वाणी दोष स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। जातक ने चार वर्ष बाद अचानक बोलना बंद कर दिया। मस्तिष्क में भी विकार उत्पन्न हो गया। जातक के माता-पिता ने बहुत चिकित्सा करवाई, परंतु आज तक रोग का निवारण नहीं हुआ। जन्म पत्रिका में छठे भाव का स्वामी शनि नवांश में अपने शत्रु ग्रह सूर्य के साथ स्वराशि स्थित है। स्थान वृद्धि करो शनि, अत: दीर्घकालीन रोग से जातक ग्रस्त रहेगा। गर्भ पत्रिका में अष्टम मंगल की राशि वृश्चिक में केतु मृत आत्मा दोष को स्पष्ट कर रहा है। जातक शुक्र की गर्भ दशा में उत्पन्न हुआ। बुध के अंतर में बोलना बंद कर दिया। इस समय शुक्र में गुरु का अंतर जो 5,6,2013 से 5,2,2016 तक रहेगा। इस अवधि में जातक का स्वास्थ्य में सुधार असंभव है। उसके उपरांत 5,6,2016 के बाद सूर्य महादशा 5,2,22 तक रहेगी। जन्म में सूर्य 7वें भाव में है। सूर्य प्रत्यरि तारा में है। सूर्य साक्षात देव हैं। इनसे ही किसी चमत्कार की आशा की जा सकती है। लेख पर दैवज्ञों की प्रतिक्रिया का स्वागत है। सर्वत्र स्वयं ईश्वर है।



**-विभूति शर्मा, भडियाड़ा।**

# मानव जीवन में ज्योतिष का महत्व



**रामायण एवं महाभारत के परिशीलन से हमें विदित होता है कि उस सुदूर काल में भी ज्योतिष का बहुत प्रचार था। महाभारत में अनुशासन पर्व में समस्त नक्षत्रों की सूची दी गई है और बतलाया गया है कि भिन्न-भिन्न नक्षत्र में दान देने से भिन्न-भिन्न प्रकार का पुण्य होता है।**

**ज्योतिष** एक महत्वपूर्ण उपयोगी विषय है। वेद के छह अंगों में ज्योतिष चतुर्थ अंग है, जिसे नेत्र कहा जाता है। अन्य अंगों में शिक्षा नासिका है, व्याकरण मुख है, निरुक्त कान है, कल्प हाथ है, छंद चरण है। यह विद्या भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की कृति वेदांग ज्योतिष से इसकी प्राचीनता का पर्याप्त परिचय मिलता है। वैदिक कालीन महर्षियों को तारामंडल की गतिविधियों का पूर्ण ज्ञान था, इसमें संदेह नहीं है।



**कै. डॉ. लेखराज शर्मा**
**वैदिक एवं हस्थरेखा विशेषज्ञ**

ब्राह्मण ग्रंथों में ज्योतिष संबंधी प्रसंग बिखरे पड़े हैं। साम ब्राह्मण के छंदोग्यभाग में नारद सनत्कुमार संवाद है, जिसमें चौदह विद्याओं का उल्लेख है। इनमें 13वीं नक्षत्र विद्या है। सिद्धांत। सूर्य सिद्धांत, सिद्धांत ज्योतिष का आर्ष ग्रंथ है। इसमें सिद्धांत ज्योतिष की प्राय: सभी बातें पाई जाती हैं। तैंत्तिरीय ब्राह्मण में सूर्य, पृथ्वी, दिन तथा रात्रि के संबंध में जो चर्चा मिलती है। उससे ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में भी भारत वासी ग्रहों और ताराओं के भेद को भली-भांति जानते थे।

रामायण एवं महाभारत के परिशीलन से हमें विदित होता है कि उस सुदूर काल में भी फलित ज्योतिष का बहुत प्रचार था। महाभारत में अनुशासन पर्व में समस्त नक्षत्रों की सूची दी गई है और बतलाया गया है कि भिन्न-भिन्न नक्षत्र में दान देने से भिन्न-भिन्न प्रकार का पुण्य होता है। भीष्म पर्व में उत्तरायण और दक्षिणायन में मृत्यु हो जाने से फल कहे हैं। वहीं 27 नक्षत्रों के 27 भिन्न-2 देवताओं का वर्णन है और देवताओं के स्वभावानुसार नक्षत्रों के गुण-अवगुण का निरुपण किया गया है। महाभारत के उद्योग पर्व में ग्रहों और नक्षत्रों के अशुभ योग विस्तारपूर्वक कहे हैं। वहीं जब श्री कृष्ण ने कर्ण से भेंट की तब कर्ण ने ग्रहस्थिति का इस प्रकार वर्णन किया है ''उग्र ग्रह शनैश्चर रोहिणी नक्षत्र में मंगल को पीड़ा दे रहा है। ज्येष्ठा नक्षत्र से मंगल वक्र होकर अनुराधा नक्षत्र मिलना चाहता है। महापात संज्ञक ग्रह चित्रा नक्षत्र को पीड़ा दे रहा है। चंद्र के चिन्ह बदल गए हैं। और राहु सूर्य को ग्रसना चाहते हैं।'' भीष्म पर्व में पुन: हम अनिष्टकारी ग्रह स्थिति देखते हैं 14, 15 और 16 दिनों के पक्ष होते हैं किंतु 13 दिनों का पक्ष इसी समय आया है। इससे भी अधिक विपरीत बात यह है कि एक ही मास में चंद्र गहण और सूर्य ग्रहण का योग है। वह भी त्रयोदशी के दिन। महाभारत के इन तथा अन्य प्रसंगों से ज्ञात होता है कि नाना प्रकार के उत्थान ग्रहों की चाल पर अविलंबित माने जाते थे। लोगों का विश्वास था कि व्यक्ति के सुख-दुख जन्म मरण आदि भी ग्रहों तथा नक्षत्रों की गति से संबंध है। आधुनिक वैज्ञानिक तारागण के प्रभाव से परिचित हैं। समुद्र में ज्वार भाटा का कारण चंद्रमा का प्रभाव है। जिस प्रकार चंद्रमा समुद्र के जल में उथल-पुथल कर देता है उसी प्रकार वह शरीर रुधिर प्रभाव में भी अपना प्रभाव डालकर दुर्बल मनुष्य को रोगी बना देता है। सूर्य और चंद्रमा का प्रभाव मानव तक ही सीमित नहीं अपितु वनस्पतियों पर भी पड़ता है। फूल प्रात: खिलते हैं, सायं सिमट जाते हैं। सफेद कुमुद रात को खिलता है, दिन में सिमट जाता है। लाल कुमुद दिन में खिलते हैं, रात को सिमट जाते हैं। तारागणों का प्रभाव पशुओं पर भी पड़ता है। बिल्ली की नेत्र पुतली चंद्रकाल के अनुसार घटती-बढ़ती रहती है। कुत्ते की कामवासना अश्विन-कार्तिक मासों में बढ़ती है। पशु पक्षी, कुत्तों बिल्लियों, सियारों, कौओं के मन एवं शरीर पर तारागण का कुछ ऐसा प्रभाव पड़ता है, कि वे अपने नाना प्रकार की बोलियों से मनुष्य को पूर्व ही सूचित कर देते हैं कि अमूल-2 घटनाएं होने को है।

ग्रह केवल सात हैं सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, वृहस्पति, शुक्र और शनि। राहु और केतु कोई ग्रह नहीं हैं, ये दोनों छाया ग्रह हैं। आधुनिक विज्ञान-शास्त्र तथा एस्ट्रोनोमी के बल पर दो ग्रह और भी यूरेनस और नेपच्यून मानते है। परंतु भारत वर्ष के प्राचीन ग्रंथों में इन ग्रहों का विचार नहीं किया गया है। यह ग्रह दिन-रात पृथ्वी के चारों और भ्रमण करते हैं। इनमें शनि सबसे दूरस्थ ग्रह है। यूं कहिए कि 12 राशियों का भ्रमण शनि 30 वर्षों में करता है। सबसे समीपवर्ती ग्रह चंद्रमा है जो संपूर्ण राशि माला का 27/28 दिन में भ्रमण करता है। अब एक कठिन समस्या यह है कि पृथ्वी चलती है या सूर्य चलता है। प्राय: अनुभव से ऐसा देखा जाता है कि जब हम रेलवे स्टेशन की किसी गाड़ी पर बैठे हैं और दूसरी गाड़ी भी दूसरी लाइन पर है तो अपनी गाड़ी के चलायमान होने पर ऐसा भ्रम होता है कि वह दूसरी गाड़ी ही चलने लगी। परंतु यह भ्रम होता है कि दूसरी गाड़ी नहीं बल्कि अपनी ही गाड़ी चल रही होती है। इसी तरह जहाज-नौका इत्यादि पर भी भ्रम होता है। तात्पर्य यह है कि इसी प्रकार यद्यपि सूर्य स्थिर है पर भ्रम से पृथ्वी स्थिर और सूर्य चलायमान मालूम पड़ता है।

- ( शेष अगले अंक में )

